आवश्यकता
दैनिक शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० =
7764978689/+919625958256

दैनिक शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित
• वर्ष : 1 • अंक : 161 • नई दिल्ली, रविवार 17 सितम्बर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737



3 अग्निकांड में ट्रैक्टर, 70 हज़ार नगद राशि समेत लाखों ...

# हैदराबाद में CWC मीटिंग, कांग्रेस बोली- मोदी पूरी तरह फेलःभाजपा देश के संवैधानिक और संघीय ढांचे के लिए चुनौती

**हैदराबाद**। हैदराबाद में शनिवार (16 सितंबर) से शुरू हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी (CWC) की मीटिंग में पेश प्रस्ताव में कहा गया है कि केंद्र सरकार राजनीतिक, आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर पूरी तरह विफल रही है। इसमें दावा किया कि भाजपा देश के संवैधानिक और संघीय ढांचे के लिए चुनौती है।



पिछले महीने नई CWC के गठन के बाद ये पहली मीटिंग है। मीटिंग के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए कांग्रेस नेता पी चिदंबरम और जयराम रमेश ने कहा कि CWC के कई सदस्यों ने देश की राजनीतिक स्थिति पर बात की। विचार-विमर्श अभी भी चल रहा है और CWC जल्द ही एक प्रस्ताव लेकर आएगी। चिदंबरम ने कहा,CWC में हम देश की राजनीतिक स्थिति, देश के सामने आने वाले आर्थिक संकट और देश के लिए गंभीर चुनौती बने सुरक्षा खतरों (आंतरिक और बाहरी दोनों) पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मणिपुर, जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा चुनौतियां हैं।

**सीमाओं पर चीन की चुनौती** - चिदंबरम ने कहा कि हमारी सीमाओं पर चीन की चुनौती है। विभिन्न स्तरों पर कई बार बातचीत के बावजूद चीनी विरोध में डटे हुए हैं। चिदंबरम ने आरोप लगाया कि हम इलाके खो रहे हैं, और चीनी अपने इलाके को बनाए रख रहे हैं या उस पर कब्ज़ा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 19 जून को बयान दिया था कि कोई भी भारतीय क्षेत्र में नहीं घुसा है। इस बयान का जिक्र करते हुए चिदंबरम ने कहा, मोदी के दावे ने चीन को एक इंच भी पीछे नहीं हटने की अपनी जिद्दी स्थिति बनाए रखने के लिए उकसाया है।

**खड़गे बोले- मोदी पूरी तरह फेल** - इसके पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार महंगाई को रोकने, बेरोजगारी, मणिपुर हिंसा और असमानता के मुद्दे पर पूरी तरह फेल रही है। खड़गे ने ये भी कहा कि जिस तरह से इंडियन नेशनल इनक्लूसिव अलायंस (I.N.D.I.A) को कामयाबी मिल रही है, भाजपा सरकार विपक्षी दलों पर कार्रवाई करने में लगी है। हम संसद में विपक्ष की आवाज दबाने की निंदा करते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हाल ही में हुई हिंसक घटनाओं से भारत की आधुनिक, प्रोग्रेसिव और सेक्युलर इमेज को धक्का लगा है। भाजपा आग में घी डालने का काम कर रही है। दो दिन चलने वाली इस बैठक के दौरान पांच राज्यों में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कई चरणों में चर्चा होगी। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल समेत कई नेता शामिल हुए हैं। सीडब्ल्यूसी की बैठक से पहले सोनिया गांधी ने ट्विटर पर लिखा- कांग्रेस हमेशा तेलंगाना की जनता के लिए खड़ी रही है। अब राज्य को तरक्की के एक नए दौर में ले जाने का समय है। कांग्रेस वर्किंग कमेटी तेलंगाना और देश के विकास का नया अध्याय लिखने के लिए तैयार है।

**तेलंगाना में बीआरएस और कांग्रेस के बीच पोस्टर वार** - तेलंगाना में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक को लेकर सत्ताधारी बीआरएस और कांग्रेस के बीच पोस्टर वार देखने को मिला। हैदराबाद में CM के चन्द्रशेखर राव की तस्वीर के साथ 'बुक मॉय सीएम' और '30 प्रतिशत कमीशन' नारे लिखे हुए पोस्टर लगाए गए हैं। कई जगह कांग्रेस के खिलाफ भी पोस्टर-बैनर लगे हैं। एक पोस्टर में लिखा है- 2004 से 2014 तक सत्ता में रहते हुए कांग्रेस ने अनुसूचित जाति कैटेगराइजेशन के नाम पर दलितों को बेवकूफ बनाया था। कांग्रेस एक बार फिर गांरटी के नाम पर ऐसा करना चाहती है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत के विकास का एक नया अध्याय लिखने को तैयार सीडब्ल्यूसीः सोनिया

**हैदराबाद**। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कहा है कि कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) तेलंगाना और भारत के सभी लोगों के लिए सम्मान के साथ विकास का एक नया अध्याय लिखने को तैयार है। सीडब्ल्यूसी बैठक से पहले कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा, कांग्रेस ने तेलंगाना के लोगों से एक वादा किया था। कांग्रेस ने वह वादा पूरा किया है। कांग्रेस हमेशा उनके साथ खड़ी रही है। उन्होंने कहा, तेलंगाना को प्रगति और समृद्धि के एक नए युग में ले जाने का समय आ गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने संदेश में कहा कि कांग्रेस कार्य समिति पार्टी को जीत की ओर ले जाने के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार करेगी। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने हमारे महान राष्ट्र में लोकतंत्र, सामाजिक न्याय, प्रगति और समानता के लिए लड़ाई लड़ी और उस लागू किया। हम राष्ट्रीय अखंडता और विविधता में एकता के लिए लड़ते रहने वाले हैं। उन्होंने कहा, हमारे लंबे समय से पोषित दर्शन के अनुरूप, कांग्रेस कार्य समिति पार्टी को जीत की ओर ले जाने और हमारे देश और उसके लोगों के भविष्य को मजबूत करने के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार करेगी।



### बुध ग्रह की आश्चर्यजनक फोटो शेयर की नासा ने

**वाशिंगटन** । अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने हाल ही में बुध ग्रह की एक आश्चर्यजनक फोटो शेयर की है। यह सौर मंडल का सबसे छोटा ग्रह है और औसतन 36 मिलियन मील (58 मिलियन किमी) दूर सूर्य के सबसे करीब है। हालांकि सूर्य से निकटता के बावजूद, बुध हमारे सौर मंडल का सबसे गर्म ग्रह नहीं है। नासा द्वारा शेयर की गई फोटो में बुध ग्रह भूरा और कई रंगों में नीला दिखाई दे रहा है और इसकी सतह पर कई गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। नासा ने फोटो शेयर करते हुए कैप्शन लिखा 'वे मुझे मिस्टर फारेनहाइट (सेल्सियस) कहते हैं... हालांकि बुध सबसे छोटा ग्रह हो सकता है, यह सबसे तेज ग्रह भी है, जो अपनी कक्षा में लगभग 29 मील (47 किमी) प्रति सेकंड की गति से यात्रा करता है। बुध पर एक वर्ष मात्र 88 पृथ्वी दिवस के बराबर होता है।' यह फोटो मैसेंजर द्वारा खींची गई थी, जो ग्रह की परिक्रमा करने वाला पहला अंतरिक्ष यान है। इसने ग्रह की सतह पर चट्टानों में रासायनिक, खनिज और भौतिक अंतरों को अलग करने के लिए रंग-संवर्धित मानचित्र एकत्र किए। इसका प्राथमिक लक्ष्य ग्रह के भूविज्ञान, चुंबकीय क्षेत्र और रासायनिक संरचना का अध्ययन करना था। पोस्ट किए जाने के बाद से, इस आश्चर्यजनक फोटो को 1,235,366 लाइक और कई शानदार कमेंट मिले हैं। फोटो पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा 'मैं आसमान से जल रहा हूं, हां! दो सौ डिग्री, इसलिए वे मुझे मिस्टर मरक्यूरी कहते हैं।' एक अन्य ने टिप्पणी की 'बिल्कुल हीरे की तरह'। एक और ने लिखा 'ग्रह बहुत आकर्षक है।'



### बिहार के सिवान में डेंगू का प्रकोप, मलिकान गांव में मामलों की संख्या 42 हुई

**पटना** । भागलपुर और पटना के बाद, बिहार के सिवान जिले में डेंगू के मामले तेजी से फैल रहे हैं। जिले के एक गांव में 42 मरीज मच्छर जनित बीमारी से संक्रमित हैं। मच्छर जनित बीमारियों का प्रकोप जिले के हुसैनगंज ब्लॉक के अंतर्गत मलिकान गांव में देखा गया है। अधिकारी ने बताया कि 10 दिन पहले डेंगू के 11 मरीज मिले थे और अब यह संख्या 42 पहुंच गई है। जिसमें पिछले 24 घंटे में सामने आए 24 पॉजिटिव केस भी शामिल हैं। कॉमन हेल्थ सेंटर हुसैनगंज के प्रभारी डॉ माजोज कुमार ने कहा, "हम गांव में स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। बुखार या कमजोरी के लक्षण वाले मरीजों का तुरंत परीक्षण शुरू कर रहे हैं। हम उन्हें डॉक्टरों के निर्देशों का पालन करने की सलाह दे रहे हैं।" मलिकान गांव के ग्रामीणों का दावा है कि 13 सितंबर को एक व्यक्ति गोरखपुर से डेंगू का इलाज कराकर लौटा था। उनकी मलिकान गांव में दुकान है। इसके बाद गांव में डेंगू का भयंकर प्रकोप हो गया। इस बीच, राज्य स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को डेंगू के 250 मामलों का पता लगाया था। पिछले एक महीने में 1307 मरीजों सहित अब मामलों की संख्या बढ़कर 1,582 हो गई है। बिहार में सबसे ज्यादा प्रभावित जिला भागलपुर है। पटना, बेगुसराय, रोहतास समेत अन्य जिलों में भी डेंगू के मामले हैं।



# नीतीश-लालू गठबंधन तेल-पानी जैसाः शाह

दैनिक शुभ भास्कर। पटना

## लालू बेटे को CM बनाना चाहते हैं, नीतीश की पीएम की ख्वाहिश

मधुबनी के झंझारपुर में शनिवार 16 सितंबर को रैली में गृह मंत्री अमित शाह ने लालू-नीतीश पर जमकर निशाना साधा। लालू-नीतीश गठबंधन तेल पानी जैसा है। दोनों लंबे समय तक एकसाथ नहीं रह सकते। लालू को बेटे को सीएम बनाना है और हर बार की तरह नीतीश बाबू को प्रधानमंत्री बनना है। अमित शाह ने 30 मिनट की स्पीच में 15 बार नीतीश कुमार, 14 बार लालू यादव का नाम लिया। साथ ही 6 बार लालू-नीतीश की सरकार और 12 बार पीएम नरेंद्र मोदी का नाम लिया।

**एम्स का मुद्दा उठाया** - शाह ने कहा कि दरभंगा एम्स पर नीतीश बाबू बोलते रहते हैं, बहुत कम प्रदेश हैं जहां पर दो एम्स दिए गए हैं। मोदी जी ने पटना में एम्स दिया। 2020 दिसंबर में दरभंगा में दूसरा एम्स दिया।

नीतीश जी ने 81 एकड़ भूमि दे दी पहले मेडिकल कॉलेज में बाद में इसको वापस ले लिया। अगर नीतीश जी ने भूमि वापस ना ले ली होती तो आज यहां पर एम्स बन गया होता और यहां पर मरीजों का इलाज हो रहा होता।

**छुट्टी रद्द करने मामले पर भी किया सवाल** - उन्होंने कहा कि लालू-नीतीश की सरकार ने फतवा जारी किया, बिहार में रक्षा बंधन और जन्माष्टमी की छुट्टी नहीं होगी। बिहार की जनता ने जो विरोध जताया। सरकार को फैसला वापस लेना पड़ा। इसके अलावा बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर के रामचरितमानस पर की गई टिप्पणी को अपमानजनक कहा। रैली की शुरुआत में उन्होंने लोगों से पूछा कि मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है या नहीं? इसके बाद भारत माता की जय के नारे लगवाए, फिर सीता माता की जय के नारे लगवाए।



**सम्राट चौधरी बोले- सभी 40 सीटें जीतेंगे** - इससे पहले बिहार के बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने नीतीश सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यहां जंगलराज है। बीजेपी की सरकार आएगी तो सब पर कंट्रोल लग जाएगा। हम लोकसभा की सभी 40 सीट जीतेंगे।

**बिहार में ही रहिए...हमें फायदा होगाः तेजस्वी** - अमित शाह के बिहार दौरे को लेकर डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने तंज कसा है। तेजस्वी ने शुक्रवार 15 सितंबर को कहा कि गृहमंत्री अगर साल के 365 दिन बिहार में रहेंगे तो उसका फायदा हम लोगों को ही मिलने वाला है। अमित शाह का बार-बार बिहार आना दिखाता है कि वे कितने डरे हुए हैं।

कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की मांग शाह की रैली से पहले जेडीयू ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की मांग उठाई है।

### अमित शाह की स्पीच की 5 बड़ी बातें

- अमित शाह ने लालू के जंगलराज की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि बिहार में बड़े बदलाव की जरूरत है। सरकार नहीं सुशासन चाहिए। गुंडाराज नहीं जनताराज चाहिए।
- मैं रोज अखबार पढ़ रहा हूं। लालू जी एक्टिव हो गए...नीतीश जी इनएक्टिव हो गए। अब आप सोच सकते हैं, बिहार का क्या होने वाला है।
- मोदी को लाइए, नहीं तो सीमांचल में घुसपैठ और आतंक बढ़ जाएगा। पलायन पर कहा कि तीन दशक से ज्यादा समय में जिन लोगों की सत्ता में भागीदारी रही है, वो ईमानदारी से काम कर लेते तो हमारे बच्चों को बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ती।
- बिहार विधानसभा चुनाव मोदी के चेहरे पर ही होगा। बिहार में लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मोदी को ही जिताइए।
- रेल मंत्री रहते हुए लालू जी ने अरबों का भ्रष्टाचार किया। ये UPA नाम के साथ नहीं आ सकते, इसलिए इन्होंने I.N.D.I.A गठबंधन नाम रखा। ये वही लालू प्रसाद यादव हैं, जिन्होंने बिहार को सालों तक पीछे धकेलने का काम किया।

■ अनंतनाग एनकाउंटर के बाद सरकार ने अपनाया कड़ा रुख, बीसीसीआई ने लिया फैसला

# खेल मंत्री की दो टूक, अब नहीं होगी पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज

एजेंसी। नई दिल्ली

पाकिस्तान सीमा पार से आतंकवाद जब तक बंद नहीं करेगा तब तक भारत द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेलेगा। यह बात खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कही है। गौरतलब है कि श्रीलंका में एशिया कप खेला जा रहा है। अगले महीने भारत एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप की मेजबानी करेगा। इस बीच केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज को लेकर बड़ा बयान दिया है। उहोंने कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पहले फैसला किया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट की द्विपक्षीय सीरीज तब तक नहीं होगी, जब तक पाकिस्तान आतंकवाद और सीमापार घुसपैठ पर रोक नहीं लगाता। अनुराग ठाकुर ने कहा कि बीसीसीआई ने बहुत पहले ही फैसला कर लिया था कि हम पाकिस्तान के साथ तब तक द्विपक्षीय मैच नहीं खेलेंगे जब तक वे आतंकवाद, सीमा पार हमलों और घुसपैठ को खत्म नहीं कर देते। मुझे लगता है कि देश और देश की भावनाएं जनता भी वैसी ही है। उनका यह बयान अनंतनाग में हुए एनकाउंटर के बाद आया है, जिसमें भारत ने तीन अफसरों को खो दिया। इस घटना के बाद पूरे देश में गम और गुस्से का माहौल है।



बता दें कि अनंतनाग जिले में चल रही एनकाउंटर में राष्ट्रीय राइफल्स की क्यूआरटी की कमान संभाल रहे सेना के एक कर्नल की जान चली गई। सेना के एक मेजर और जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक उपाधीक्षक भी कोकेरनाग क्षेत्र में दुश्मन की गोलीबारी में शहीद हो गए। शहीद जवानों की पहचान वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों और डीएसपी की पहचान कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धोनक और हुमायूं भट के रूप में की गई। गौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान ने साल 2012 के बाद से कोई द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेली है, उस श्रृंखला के बाद दोनों पड़ोसियों के बीच बढ़े राजनयिक तनाव के कारण भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट संबंध निलंबित कर दिए गए हैं।

# सनातन विरोधियों को अगले वर्ष मिलने वाला है मोक्ष

एजेंसी। वाराणसी

श्रीरामचरितमानस पर बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर यादव के विवादित बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा है कि सनातन को गाली देने वालों को अगले वर्ष 2024 में मोक्ष मिलने वाला है। योग गुरु ने कहा कि सनातन धर्म का मर्म काशी में है। शुक्रवार को वाराणसी पहुंचे बाबा रामदेव ने मीडिया से कहा कि काशी अनादि और अनंत से उपासना का एक महातीर्थ होने के साथ ही विद्या और मोक्ष की नगरी है। इसमें दिव्यता तो युगों-युगों से थी, लेकिन पीएम मोदी द्वारा दी गई भव्यता से यह विश्व भर में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। भारतीय सांस्कृतिक विरासत यह महातीर्थ काशी अपने पूरे वैभव के साथ वैश्विक आकर्षण का केंद्र बना है। यह हेल्थ टूरिज्म, धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन के लिए दुनिया में आकर्षण का केंद्र बन गया है। नॉलेज टूरिज्म और सबसे बड़ा कल्चर टूरिज्म ही सनातन धर्म का सार है।



# NIA ने ISIS पर कसा शिकंजाः तेलंगाना और तमिलनाडु में 30 से अधिक स्थानों पर दबिश

**चेन्नई**। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कोयंबटूर कार बम विस्फोट के सिलसिले में आईएसआईएस आतंकी पहलू की चल रही जांच के तहत शनिवार को तमिलनाडु में कई स्थानों पर छापेमारी की। विस्फोट पिछले वर्ष दीपावली की पूर्वसंध्या पर हुआ था। एनआईए सूत्रों ने कहा कि कोयंबटूर, चेन्नई और दक्षिणी तेनकासी जिलों सहित राज्य भर में 30 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। इसके अलावा तेलंगाना में भी कई स्थानों पर छापेमारी की गई है। कोयंबटूर में संवेदनशील उक्कदम क्षेत्र के पास स्थित कोट्टई क्षेत्र में सत्तारूढ़ द्रमुक के 82वें वार्ड सदस्य सुश्री एम.मुबाश्री के आवास सहित 23 स्थानों पर छापे मारे जा रहे है। यहां प्राप्त रिपोर्टों में कहा गया है कि तलाशी के बाद उनसे पूछताछ की गई जिसके बाद एनआईए अधिकारी उनके आवास से चले गए। तीन घंटे से कुछ अधिक समय तक चलने के बाद उनके घर पर छापेमारी अब समाप्त हो गई है।

# पांच चुनावों पर राज्यों में आगामी विधानसभा विचार-विमर्श करेगी सीडब्ल्यूसी : खड़गे

एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हैदराबाद में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) पांच चुनावों पर राज्यों में आगामी विधानसभा विचार-विमर्श करेगी। कांग्रेस पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था की बैठक के लिए हैदराबाद रवाना होते समय खड़गे ने कहा, पार्टी अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद पहली सीडब्ल्यूसी बैठक है। उन्होंने कहा कि रविवार को सीडब्ल्यूसी की विस्तारित बैठक है, इसमें पार्टी से संबंधित चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा, राहुल गांधी, सोनिया, प्रियंका गांधी वाड्रा के अलावा सभी वरिष्ठ नेता बैठक में शामिल हो रहे हैं, जो पांच राज्यों में आगामी चुनावों पर केंद्रित होगी। खड़गे ने कहा, हमारे सहयोगियों के साथ अगली बैठक में गठबंधन (भारत) पर चर्चा की जाएगी। अनंतनाग मुठभेड़ पर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मैं देश की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि देता हूं और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। हम उनके साथ खड़े हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि कांग्रेस मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में सरकार बनाएगी जहां इस साल के अंत में चुनाव होने वाले हैं। भारत जोड़ो यात्रा 2 आयोजित करने पर भी चर्चा हो सकती है। सोमवार को सबसे पुरानी पार्टी हैदराबाद में एक मेगा रैली करेगी। कांग्रेस महासचिव संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा, हम तेलंगाना के लोगों के लिए छह गारंटियों की घोषणा करने वाले हैं। हमें उम्मीद है कि जब चुनाव आएगा तब पार्टी को लोगों से स्पष्ट जनादेश मिलेगा। कांग्रेस ने कांग्रेस कार्य समिति का पुनर्गठन किया और पिछले महीने इसमें कुछ आश्चर्यजनक वृद्धि की।



जो संविधान की व्याख्या करने वालों का मार्गदर्शन करता है

# अदालतों को संस्थागत बनाना ही हमारा लक्ष्य

एजेंसी। नई दिल्ली

मूल संरचना सिद्धांत उत्तरी सितारे की तरह है, जो संविधान की व्याख्या करने वालों का मार्गदर्शन करता है और जब आगे का रास्ता जटिल होता है तो जजों की सहायता के लिए आता है। यह कथन सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को राम जेठमलानी जन्मशताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित एक व्याख्यान में दिया । क्या बुनियादी संरचना सिद्धांत ने देश की अच्छी सेवा की है विषय पर केन्द्रित व्याख्यानमाला में न्यायाधीश ने कहा कि आज का विषय बुनियादी संरचना सिद्धांत का है। मैं भले ही जेठमलानी की बहुत प्रशंसा करता हूं, लेकिन बुनियादी संरचना सिद्धांत पर टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं। अगर मुझे इस सिद्धांत के बारे में कुछ करना है तो इसे अपने फैसले के जरिए करना होगा, न कि अदालत से बाहर की घोषणा के जरिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे सीजेआई ने कहा कि एक बात जो मैं राम जेठमलानी के साथ साझा नहीं करना चाहूंगा वह है- विवादों को जन्म देने की उनकी क्षमता। मेरा लक्ष्य अदालतों को संस्थागत बनाना है इसलिए मैंने सोचा, अगर मुझे इस सिद्धांत के बारे में कुछ करना है तो मुझे इसे अपने निर्णयों के माध्यम से करना चाहिए। इस वर्ष जनवरी में बुनियादी संरचना सिद्धांत के 50 वर्ष पूरे हो गये हैं सीजेआई ने आगे कहा, कि राम जेठमलानी ने सुप्रीम कोर्ट के बारे में कुछ अलग बात करने की अनुमति ली थी, जिसके बारे में आम जनता को जानकारी नहीं थी. सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि मैं आपको सुप्रीम कोर्ट के बारे में कुछ बताऊंगा जिसके बारे में आप नहीं जानते।



# सनातन विवाद पर कांग्रेस नेता सुरजेवाला का बयान, सनातन धर्म है और हमेशा रहेगा

**भोपाल**। तमिलनाडू में डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन के सनातन पर दिए बयान पर चुप्पी साधने वाली कांग्रेस ने कहा है कि सनातन धर्म है और हमेशा रहेगा। यह बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला ने कही। कांग्रेस की जनाक्रोश यात्रा 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के दिन से शुरु होगी। यह यात्रा 11 हजार 400 किलोमीटर की होगी। इस मौके पर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि इस दौरान प्रदेश में सात यात्राएं निकाली जाएंगी। प्रदेश की जनता में आक्रोश है। यहां हर वर्ग परेशान है। भारत सनातन धर्म का देश है। आज ध्यान भटकाने की कोशिश की जा रही है। अगले तीन महीने बीजेपी जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश करेगी। वह धार्मिक विवाद खड़ा कर मूल मुद्दों से ध्यान भटकाएगी। इस मौके पर पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि एमपी की चुनौती बेरोजगारी है। एमपी में दिल्ली के नेताओं की भीड़ लगी हुई है।



## ख़ास ख़बर

### नरपतगंज पुलिस ने धारा 302/24 भा0द0वि0 के 02 अभियुक्तों को भेजा जेल

**नरपतगंज** । नरपतगंज थाना पुलिस द्वारा हत्याकांड का अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार नरपतगंज थाना कांड संख्या 539/23 दिनांक 13 /09/ 2023 धारा 302/24 भा0द0वि0 के 02 अभियुक्तों को नरपतगंज थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया और न्यायिक हिरासत अररिया भेज दिया।

### आरजेडी जिला कार्यालय में अध्यक्ष मनीष यादव के अध्यक्षता में हुई जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक




**अररिया**। राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय अररिया में जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता राजद जिला अध्यक्ष श्री मनीष यादव ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अररिया के पूर्व सांसद सरफराज आलम एवं राजद प्रदेश महासचिव श्री अरूण यादव उपस्थित रहे। बैठक में सांगठनिक मुद्दों पर चर्चा हुई। राजद संगठन को पंचायत व बूथ स्तर पर सुदृढ़ करने, आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी, अम्बेडकर परिचर्चा व अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। पार्टी के सभी पदाधिकारियों को अपने गाडी व घर पर झण्डा लगाने के लिए कहा गया। बैठक में जिला कमिटी के पदाधिकारीगण, सभी 9 प्रखंड अध्यक्ष व 6 नगर अध्यक्षगण, सभी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष व प्रदेश पदाधिकारी सहित जगदीश झा गुड्डू प्रवक्ता राष्ट्रीय जनता दल अररिया व रामनारायण विश्वास मौजूद रहे।

### बीएनएमयू के कुलपति प्रो. (डॉ.) आरकेपी रमण को मिले एक और कार्यकालः प्रो. मनोज भटनागर



**मधेपुरा**। भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय अनुदानित डिग्री कॉलेज शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष प्रो. मनोज भटनागर ने बयान जारी कर कहा कि इस माह की 19 तारीख को बीएनएमयू के वर्तमान कुलपति प्रो. (डॉ.) आरकेपी रमण का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, जबकि विश्वविद्यालय को उन जैसे कुशल प्रशासक की अभी और आवश्यकता है। उनके कार्यकाल में विश्वविद्यालय ने अकादमिक स्तर पर जो उपलब्धियां हासिल की हैं और इसके इन्फ्रास्ट्रक्चर का जिस तरह विकास हुआ है, उसे देखते हुए उन्हें एक और कार्यकाल मिलना चाहिए, ताकि अपने कार्यकाल में शुरू किए गए कार्यों को वे सही मुकाम तक पहुँचा सकें। प्रो. मंनोज भटनागर ने कहा कि मैं महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी से आग्रह करता हूँ कि विश्वविद्यालय के हित में उन्हें एक और कार्यकाल दिया जाय। विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं एवं बुद्धिजीवियों की भी ऐसी ही धारणा है। प्रो. मनोज भटनागर ने आगे कहा कि मैं अनुदानित डिग्री कॉलेज शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी संघर्ष मोर्चा की ओर से प्रो. (डॉ.) आरकेपी रमण के कुलपति के रूप में अत्यंत सफल कार्यकाल की सराहना करता हूँ और उन्हें हृदय से साधुवाद देता हूँ। साथ ही, विश्वविद्यालय के हित में उनकी क्षमता का आगे भी उपयोग हो, ऐसी कामना करता हूँ। बता दें कि प्रो. मनोज भटनागर जद यू शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष भी हैं।

# बॉर्डर गार्ड फोर्सेज और एसएसबी के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन







**फारबिसगंज**। भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह ने जोगबनी के इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट स्थित 27 करोड़ रुपैये को लागत से बने बॉर्डर गार्ड फोर्सेज अर्थात आवासीय कॉलोनी का उद्घाटन किया।इसके अलावा गृह मंत्री ने बथनाहा एसएसबी 56 वीं वाहिनी मुख्यालय में 35 करोड़ रुपैये की लागत से बने नवनिर्मित भवन का वर्चुअल तरीके से उद्घाटन किया।जिसके भाजपा के जिला के चयनित एक हजार कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित किया। अपने संबोधन में भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह ने सबसे पहले परमवीर चक्र विजेता श्री तारापुर की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा अंडमान निकोबार द्वीप समूह के एक द्वीप का नाम श्री तारापुर आईलैंड किए जाने को एक बड़ी श्रद्धांजलि कर दिया। इसके बाद उन्होंने सीमांचल की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि बिहार की सीमा क्षेत्र की सारी दिक्कतों से वे परिचित है। चाहे वह घुसपैठ की समस्या हो या अवैध रूप से भूमि कब्जाने का सवाल या फिर अवैध व्यापार का मामला।सबों से वाकिफ होने की बात करते हुए निकट भविष्य में सारी समस्याओं के समाधान की बात कही। अपने संबोधन में गृह मंत्री अमित शाह ने 11 लैंड पोर्ट के विकास होने की बात करते हुए कहा कि कई लैंड पोर्ट का विकास का मामला भी पाइपलाइन में है। उन्होंने भारत नेपाल के बीच 19 लैंड कस्टम स्टेशन की पहचान करने की बात करते हुए कहा कि इन 19 लैंड कस्टम स्टेशन में 10 बिहार के सीमा पर हैं और उनके बनने के बाद व्यापार में काफी बढ़ोतरी होगी। भारत नेपाल के बीच कुल व्यापार का 14 फ़ीसदी कारोबार जोगबनी से होने की बात करते हुए गृह मंत्री ने प्रतिदिन 7 हजार ट्रक की आवाजाही जोगबनी के रास्ते भारत और नेपाल के बीच होने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीमा क्षेत्र के विकास में लगे हुए हैं और भारत के अंतिम गांव को प्रथम गांव बनाने का काम किया है।जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम किया गया है। फलस्वरूप सीमाएं क्षेत्र में वर्तमान समय में वैधानिक ट्रेड को बढ़ावा मिला है, जबकि वैधानिक ट्रेड को नुकसान हुआ है।उन्होंने कहा कि एसएसबी की प्रतिनियुक्ति नेपाल और भूटान सीमा क्षेत्र में है।जो सुरक्षा के साथ-साथ दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने का काम कर रहे हैं।एसएसबी की ओर से भारत सरकार की योजनाओं के कार्यान्वयन में बढ़ चढ़कर भागीदारी के साथ आपदा के समय मानवता का मिसाल देने की बात उन्होंने कही। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह झंझारपुर में सभा को संबोधित करने के बाद सेना के विशेष हेलीकॉप्टर से जोगबनी पहुंचे।जोगबनी के इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट परिसर में बने हेलीपेड पर डीएम इनायत खान,एसपी अशोक कुमार सिंह सहित एसएसबी के अधिकारियों ने बुके देकर उनका स्वागत किया। गृह मंत्री के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किया गया।300 स्थानों पर मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी और जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई थी।पूर्णिया प्रमंडल के सभी जिलों से पुलिस के जवान और अधिकारी समेत सुरक्षा में एसएसबी के जवानों को लगाया गया।गृह मंत्री बॉर्डर गार्ड फोर्स के रहने के लिए बनाए घरों का उद्घाटन किया।बनाए गए घरों में कुल 232 लोगों के रहने की व्यवस्था है और इन घरों को दो अलग अलग सेक्टर में बांटा गया है।ऑफिसर्स,महिलाओं और जवानों के लिए अलग अलग भवन बनाए गए हैं।

# गृह मंत्री जी! सीमांचल और बिहार में इस बार आपकी दाल नहीं गलेगीः मंजर खान



**जोगबनी**। राजद के कद्दावर युवा एवम बेबाक बोलने वाले मंजर खान ने कहा कि सीमांचल फणीश्वर नाथ रेणु की धरती है और पूर्व बिहार कर्ण की नगरी।यहाँ अमित शाह जैसे राजनीतिज्ञों की दाल गलने वाली नहीं है। देश को अमित शाह जैसा असफल गृहमंत्री अभी तक नहीं मिला था। ये उसी गुजरात से आते हैं, जहाँ देश के पहले गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार पटेल पैदा हुए थे, लेकिन गृहमंत्री के रूप में दोनों एक दूसरे के बिल्कुल विपरीत है। उन्होंने मणिपुर का ताजा उदाहरण देते हुए कहा कि वहाँ पर भीषण आग ऐसी लगी हुई है कि वहां गृह युद्ध की स्थिति बनी हुई है। लगभग डेढ़ पौने दो सौ लोग अबतक मारे जा चुके है। वहाँ डबल इंजन की सरकार है। उन्होंने कहा कि वे यह नहीं समझ पा रहे हैं कि वहाँ की सरकार आग लगाने में लगी है या बुझाने में मंजर खान ने कहा कि अमित शाह जी का वहाँ आजतक सिर्फ एक दौरा हुआ है। इस दौरान उन्होंने वहाँ पर शांति तक की अपील नहीं की थी बल्कि शांति स्थापित करने का आदेश दिया था। उस दौरे के बाद आज तक उनके मुँह से मणिपुर का नाम भी उच्चरित नहीं हुआ है। जबकि वह देश का सीमावर्ती इलाका है। श्री खान ने कहा कि मणिपुर की आग पड़ोस के राज्यों को भी प्रभावित करने लगी है, लेकिन गृहमंत्री ने ऐसा रूख अपनाया हुआ है जैसे मणिपुर हमारे देश का अंग ही नहीं है। कुछ इसी तरह का हाल कश्मीर का भी ऐसा ही है। जब संविधान की धारा 370 को समाप्त करने का प्रस्ताव गृहमंत्री जी ने संसद में पेश किया था, उस समय के उनके भाषण का स्मरण किया जाए तब ऐसा लग रहा था कि कश्मीर की सारी समस्याओं का समाधान धारा 370 में ही छीपा हुआ है। इसको हटाइए और कश्मीर की धरती पर स्वर्ग उतर आयेगा। उन्होंने इस पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज वहां की क्या स्थिति है । करनाल, मेजर, डीएसपी स्तर के पदाधिकारी आतंकवादियों की गोली का शिकार हो रहे हैं। लेकिन प्रधानमंत्री सहित पूरी सरकार जी-20 के सम्मेलन की सफलता का जश्न मनाने में इस तरह मग्न दिखाई दे रहे हैं, जैसे पुरे देश में अमन चैन कायम है। उन्होंने कहा कि ऐसी असंवेदनशील सरकार आजतक देश नहीं देखा है। जनाब मंजर ने कहा कि अमित शाह जी शनिवार को बिहार के जोगबनी में गरजे हैं अररिया सीमांचल का यह इलाका मुस्लिम बहुल इलाका है। प्रदेश में सांप्रदायिक आधार पर गोल बंदी को मजबूत करने और सांप्रदायिक मानसिकता के तुष्टिकरण के लिए अपने अंदाज में उनके भाषण को कोई तरजीह नहीं मिलेगा।उन्होंने कहा कि वे अमित शाह जी को 2015 का चुनाव स्मरण कराना चाहते हैं, जब लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार एक साथ मिल कर चुनाव लड़ रहे थे। उस समय भी अपने प्रधानमंत्री जी के साथ अमित शाह जी बिहार की गलियों का धूल फांका था। प्रधानमंत्री जी ने उस चुनाव में आरा की आम सभा में बिहार की बोली लगई थी। कितना दे दें! सत्तर हजार करोड़ एक लाख करोड़ नहीं-नहीं सवा लाख करोड़ दे दिया ! उस सवा लाख करोड़ का हिसाब पूछिए तो उसका चौथाई भी अब तक नहीं मिला है उस सबके बावजूद बिहार की जनता ने लालू-नीतीश की गोलबंदी दो तिहाई से ज्यादा बहुमत दिया था। इसलिए अमित शाह जी स्मरण रखें कि, हमारा बिहार गाँधी, लोहिया और जयप्रकाश की धरती है. यहाँ मोदी जी और अमित शाह जी की दाल नहीं गलेने वाली है।

### एसएसबी ने औरतों के सिंगार के सामान के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**। 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत वाह्य सीमा चौकी पिपरोन के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक सफलता मिली है। विशेष नाका के दौरान की गयी कार्यवाही में सीमा चौकी पीपरोन के जवानो ने औरतों के सिंगार के सामान के साथ दो तस्करो को सीमा स्तंभ संख्या 284/35 से लगभग 200 मीटर भारतीय क्षेत्र में गिरफ्तार किया है। यह तस्कर पिकअप गाड़ी लेकर भारतीय क्षेत्र से नेपाल में प्रवेश करने जा रहे थे। विशेष नाका दल का कमांडर सहायक उप निरीक्षक डोमर बागरा व जबानों ने गिरफ्तार तस्कर आकाश प्रसाद पुत्र राजू प्रसाद सह उम्र 26 वर्ष,जनकपुर नगर पालिका वार्ड -04 धनुषा (नेपाल) एवं तस्कर गोविंद कुमार पुत्र वृजकिशोर राउत उम्र -24 रीगा रोड वार्ड न॰ -01 यादव नगर चकमहिला सीतामढ़ी, बाज़ार सीतामढ़ि (बिहार) के पास से भारी मात्रा मे औरतों के सिंगार के सामान को पिकअप गाड़ी पंजीकरण स॰ BR 06 GE 3777 के साथ ज़ब्त किया गया । जब्त किए गए सामान और गिरफ्तार तस्करो को सीमा शुल्क कार्यालय पीपरोन को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द कर दिया गया है । श्री गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट, 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष नाका, और विशेष गश्ती के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है और अवैध रूप से हो रही तस्करी को रोका जा रहा है और भारत-नेपाल सीमा पर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा गश्ती तेज कर दी गई है ताकि इस प्रकार की गतिब्धियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित किया जा सके ।

### गृह मंत्री अमित शाह के आगमन से सीमा क्षेत्र की सुरक्षा पुख्ता होने के साथ भारत नेपाल के बीच बेटी रोटी के रिश्तों सहित व्यपारिक सम्बन्धों में आएगी प्रगाढ़ता : प्रवीण



**जोगबनी** । भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर अवस्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट जोगबनी में पहली बार गृह मंत्री अमित शाह के आगमन से सीमा क्षेत्र की सुरक्षा पुख्ता होने के साथ भारत नेपाल के बीच बेटी रोटी के रिश्तों सहित व्यपारिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता आएगी, सामरिक दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण इस सीमावर्ती क्षेत्र में उनके आगमन से सीमा क्षेत्र में चल रहे राष्ट्रविरोधी कार्यों में पर अंकुश लगने के साथ बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल उत्साहित लोगों खासकर युवाओं में ना सिर्फ राष्ट्रीय भावना के जज्बे को मजबूत और नई ऊर्जा का संचार किया ही है। वहीं विकास के दृष्टिकोण से पिछड़े अकांक्षी जिला अररिया में विकास की किरण पहुँचाने को प्रतिबद्ध मोदी सरकार के संकल्प के प्रकटीकरण को दर्शाता है।जिसका प्रभाव आने वाले 2024 के लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में भी देखने को मिलेगा।

**शोभायात्रा** चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा व मूर्ति पूजन को लेकर शोभायात्रा, गाजे बाजे व जयकारे से गुंजा वातावरण

# प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा को ले घुरघुरा से निकाली कलश यात्रा, उमड़े श्रद्धालुओं की भीड़



**अररिया** । वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शनिवार सुबह अररिया प्रखंड के सहासमल पंचायत के घुरघुरा गांव स्थित विषहरी स्थान मंदिर में आयोजित चार दिवसीय विषहरी माता मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के पहले चरण में शनिवार को भव्य कलश यात्रा सह शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान विषहरी मंदिर घुरघुरा से 251 कुमारी कन्याओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई जबकि सैकड़ों श्रद्धालु भक्तजन शोभा यात्रा में शामिल होकर माहौल को आनंदित किया। गगनभेदी जयकारे तथा गाजे बाजे के साथ निकाली गई यह शोभा यात्रा विषहरी स्थान घुरघुरा से निकलकर शिव चौक घुरघुरा, लक्ष्मी मंदिर घुरघुरा होते बजरंगबली मंदिर बीड़ी चौक, दुर्गा मंदिर डाक बंगला, गुजन चौक होते बकरा नदी के बेंगा करहबाड़ी घाट पहुंची जहां कुमारी कन्याओं ने कलश में पवित्र जल भरकर मंत्रोच्चार करते पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंची। इस बीच शनिवार सुबह से शाम तक गगनभेदी जयकारे मंत्रोच्चार आदि से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना रहा। आयोजन में कुमारी कन्याओं के अलावे बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु शामिल होकर विश्व कल्याणार्थ कामनाएं की। विदित हो कि नवनिर्मित भव्य विषहरी मंदिर में कलश यात्रा के उपरांत रविवार को चक्षु दान एवं सोमवार को विषहरी माता के भव्य प्रतिमा को प्राण प्रतिष्ठा तथा विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की जाएगी तथा मंगलवार को चार दिवसीय इस कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान से क्षेत्र का माहौल भक्ति में बना है। वहीं विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए ताराबाड़ी थाना पुलिस सक्रिय थे। कलश यात्रा को सफल बनाने में उप प्रमुख कुमारी रीना पासवान, उपप्रमुख प्रतिनिधि श्याम पासवान, मुखिया प्रतिनिधि महमुद रेजा,पूर्व मुखिय विनोद पासवान, चेयरमैन मनोज मंडल, पुजारी रामजतन पासवान के आलावे सुरेश पासवान, मृत्युंजय पासवान, राजनारायण पासवान, राजेश पासवान, मांगन पासवान, राजेंद्र मंडल, दुर्गानंद पासवान, श्रवण पासवान, रामचंद्र पासवान, सिकेन पासवान, मुन्ना पासवान, कृष्णानंद सिंह, भागवत पासवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु शामिल थे।

# लोकल कमिटी सम्मेलन में 10 सदस्यीय कमिटी की गठन कर रशीद अंसारी चूने गए सचिव




**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**। भाकपा माले देवधा लोकल कमिटी की सम्मेलन देवधा मध्य के भगवती चौक पर कामरेड रशीद अंसारी के अध्यक्षता में आयोजित किया गया।सम्मेलन में पुराने कार्यो कि रिपोर्ट पेश किया गया और सर्वसम्मति से दस सदस्यीय कमिटी की गठन किया गया और पूनः रशीद अंसारी को लोकल कमिटी की सचिव पद पर चूना गया। आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रखंड सचिव भूषण सिंह ने कहा कि ग्रामीण व शहरी गरीबों के विच बास-आवास स्वास्थ्य शिक्षा की समस्या से घिरा हुआ है तो दुसरी ओर भाकपा-माले के द्वारा संबंधित विभागों के लापरवाही के खिलाफ लगातार आंदोलन चलाने के बावजूद अधिकारियों लोग जनविरोधी और कर्तव्यहीन हो चुका है, जिसके कारण पर्चाधारी-भूमिहिन परीवार न्याय के लिए दर दर भटक रहे है और के के पाठक के अभियान से सरकारी विद्यालयों में हद तक सुधार हुआ है तो दुसरी ओर प्राईवेट स्कूलों का हाल बदहाल है। वहीं हाल बिजली विभाग का है विधुत आपूर्ति नियमित नहीं देने से देवधा सहित ग्रामीण क्षेत्रों के कई गांवों और शहरी क्षेत्रों में भी विधुत आपूर्ति में अनियमितता के साथ साथ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कई महीनों से मिटर रीडिंग नही कराने विना स्मार्ट व्यवस्था के स्मार्ट मिटर संवेदक के द्वारा जबरन लगाया जा रहा है और बिजली मिस्त्री की संख्याएं मे कमी रहने के कारण विधुत आपूर्ति में और उपभोक्ताओं के समस्याएं मे जटिलता देखा जा रहा है और जर्जर तार के कारण लगातार कई लोगों की मौत हो रही है तो दुसरी ओर सहायक अभियंता के द्वारा अपने कार्यो लापरवाही तथा मोबाइल फोन रिसीव नहीं करने और दलालों के बदौलत विभाग को संचालित करने की भी शिकायते है जो दुर्भाग्यपूर्ण है इसे देखते हुए सहायक अभियंता बरूण कुमार को विधुत विभाग से हटाने और विधुत आपूर्ति की व्यवस्था में सुधार लाने को लेकर 25 सितंबर को कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग जयनगर के कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा।सम्मेलन में रशीद अंसारी के अलावे नजाम मुमताज तैयब अंसारी याक़ूब मुस्तफा तस्लीम ईसा अबुल विजय गुप्ता ने संबोधित किया।

## ख़ास ख़बर

### पुलिस द्वारा नशे में हंगमा कर रहे व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**डॉक्टर विनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले के निर्मली पुलिस ने शनिवार को नगर के वार्ड 2 से शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक पियक्कड़ को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया नगर के वार्ड 2 निवासी राजेश सदा को शराब के नशे में हंगामा करते हुए गिरफ्तार किया गया है। कहा की आरोपी का ब्रेथ एनिलाइजर एवं मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई है।

### राघोपर डाक बंगला में कांग्रेस पार्टी का बैठक की गई आयोजित



**संवाददाता /दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल।** जिले में राघोपुर प्रखंड के डाक बंगला परिसर में शनिवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी का एक बैठक आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता मो जमील अनवर उर्फ टुन्ना ने किया। बैठक के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा चली गांव की ओर कार्यक्रम के सफलता एवं संगठन की मजबूती को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि प्रो रमेश प्रसाद यादव, बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष अमरदीप कुमार, ब्रह्मदेव यादव, संतोष चौधरी, वीरेंद्र कुमार दास, मोहम्मद रवि, मोहम्मद राशिद आलम, मोहम्मद बेचन, गुलाब यादव, रमेश कुमार यादव, राधा देवी, अब्दुल मोतल्लीब, शोभा देवी, बिजली देवी, मोहम्मद शौकत, मोहम्मद शफीक, प्रदीप कुमार दास, दुर्गा प्रसाद चौधरी, रामेंद्र गिरी, मोहम्मद मेराज, मोहम्मद जमशेद, सुभाष यादव, मोहम्मद जमाल, जीवछ राम सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मोटरसाइकिल की ठोकर से वृद्ध हुए जख्मी, किए गए रेफर



**जितेंद्र कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, त्रिबेनीगंज, सुपौल।** जिले में त्रिवेणीगंज मुख्य बाजार क्षेत्र के त्रिवेणीगंज -पिपरा एन एच 327 ई खादी भंडार के समीप शनिवार की दोपहर बाइक की ठोकर से एक वृद्ध एवं बाइक चालक जख्मी हो गए। जिसे परिजनों ने इलाज के लिए त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां मौके पर तैनात डॉक्टर सरवन कुमार ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जख्मी वृद्ध त्रिवेणीगंज नगर परिषद क्षेत्र के बलजोड़ा वार्ड-2 निवासी शिवन यादव(65) एवं बाइक चालक थाना क्षेत्र के जरैला गांव निवासी बाल किशोर(19) है। वृद्ध शिवन यादव प्रखंड कार्यालय से कोई कार्य करके घर की ओर पैदल जा रहा था। इसी क्रम में सामने से तेजगति से आ रहे बाइक चालक ने अनियंत्रित होकर ठोकर मार दिया। जिसमें दोनों जख्मी हो गए। परिजनों लोगों की मदद से दोनों जख्मी को इलाज के लिए त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां मौके पर तैनात डॉ.श्रवण कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद जख्मी वृद्ध को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### अनुमंडल अस्पताल गेट के पास टूटी सड़क से हो रही है आवाजाही, मरीज को होती परेसानी



**डॉक्टर विनीत शेखर/ दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले में निर्मली अनुमंडल अस्पताल के पास सड़क टूट जाने से मरीजों को आवाजाही में भारी परेशानी हो रही है। देर रात सड़क हादसे में जख्मी एवं गर्भवती महिला को एंबुलेंस से लाने और छोड़ने में अस्पताल के पास सड़क पर हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। अनुमंडल अस्पताल निरीक्षण करने प्रत्येक सप्ताह बड़े - बड़े अधिकारियों का आगमन होता है लेकिन इसकी मरम्मत कराना कोई मुनासिब नहीं समझ रहे है। मरीजों का कहना है कि अस्पताल अस्पताल गेट के पास सड़क टूट जाने से आवाजाही में परेशानी होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 2014 में अस्पताल का शिलान्यास किया गया था। उसी वक्त पश्चिमी रिंग बांध से तकरीबन 100 मीटर अस्पताल परिसर तक पीसीसी ढलाई सड़क का निर्माण कराया गया था। निर्माण की कुछ ही दिनों के बाद सड़क टूट गई तब से लेकर सड़क आज तक टूटा हुआ है। किसी ने इसकी मरम्मत नही कराया। लोगों ने अभिलंब सड़क मरम्मत कराने की मांग की है।

# अग्निकांड में ट्रैक्टर, 70 हज़ार नगद राशि समेत लाखों का हुआ नुकसान



**अभिषेक आनंद /दैनिक शुभ भास्कर,बीरपुर ,सुपौल।** जिले में वीरपुर अनुमंडल के बसंतपुर प्रखंड अंतर्गत भगवानपुर पंचायत के साहेवान वार्ड 6 शुक्रवार की देर रात घर मे आग लग गयी। जिसमे गृह स्वामी उपेंद्र मुखीया, झड़ीलाल मुखिया एवं देवनारायण मुखिया के घरों में रखे समान, नगद राशि, ट्रैक्टर, अनाज आदि जलकर राख हो गया। इस दौरान घर मे आग लगी देख आसपास के लोग जुटने लगे। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। जब तक आग को काबू में करता तब तक मे तीनो गृह स्वामी का भारी नुकसान हो चुका था। वही रतनपुर थानाध्यक्ष को अग्निकांड की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर पहुँची। अग्निशमन की गाड़ी जबतक में पहुची तबतक में ग्रामीणों के द्वारा आग को काबू में कर लिया गया था। वही शनिवार की अहले सुबह जनप्रतिनिधियों ने अग्निकांड स्थल पर पहुँचकर पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की बात कही। पीड़ित परिवार ने बताया कि आग लगने की वजह का पता नही लग पाया है। रात्रि में जब हमलोग सोये हुए थे तो उसी दौरान घर मे बंधी गाय बाहर निकली। गाय को पकड़ने जाने के क्रम में देखे की घर मे आग लग गयी है। आसपास के लोगो को आवाज लगाई। और परिवार के लोगो को जगाया जिसमे तीन बच्चे एवं एक अधेड़ महिला भी बुरी तरह झुलस गयी। वही बताया कि घर मे रखे अनाज, नगद राशि, ट्रैक्टर, लकड़ी, कपड़े, घरेलू उपयोगी सामन आदि जलकर खाक हो गयी है। 70 हज़ार नगद राशि भी जली है। स्थानीय लोगो का कहना है कि अग्निकांड की स्थिति अचानक से कभी भी हो सकती है। आग को काबू करने के लिए जबतक में अग्निशमन की गाड़ी बीरपुर से घटना स्थल पर पहुचती है। तबतक में सारी सामन जलकर खाक हो जाती है। पहले प्रत्येक थाने में अग्निशमन की वाहन उपलब्ध थी जिसकी वजह से आग पर तुरंत काबू पा लिया जाता था। लेकिन अब ऐसा नही है। मांग करते हुए कहा कि प्रत्येक थाने में पुनः अग्निशमन की वाहन की बहाल हो ताकि इसप्रकार की अप्रिय घटनाओं से ससमय बचा जा सके। और गरीब परिवारों का घर नही उजड़े। इस बावत बसंतपुर अंचलाधिकारी शशि कुमार भास्कर ने बताया कि आग लगने की वजह पता नही लग पाया है। विभाग के द्वारा 11 हजार रुपये दिए जाने का प्रावधान है। जिसे पीड़ित परिवार को दिया जाएगा।

## युवा हल्ला बोल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुपम पहुंचे पिपरा



**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पिपरा, सुपौल(** जिले में पिपरा प्रखंड अंतर्गत गांधी क्लब सभागार में 2 अक्टूबर को गांधी मैदान सुपौल में होने वाली महापंचायत की तैयारी को लेकर युवा हल्ला बोल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुपम के नेतृत्व में गांधी क्लब पिपरा में बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा बढ़ता नशा, बेरोजगारी, बदतर शिक्षा, बदहाल स्वास्थ्य और भूमि विवाद कोसी के पंच अभिशाप है इन पांचो के जड़ में भयानक भ्रष्टाचार और इसका दुखद नतीजा है। कभी ज्ञान की धरती रही कोसी की पहचान आज गरीबी पलायन भ्रष्टाचार से हो गई है। मैं लोगों को जागरूक करने आया हूं कि आप अधिक से अधिक संख्या में गांधी मैदान सुपौल पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे तथा एक ऐतिहासिक कार्यक्रम के रूप में आगाज होगी। आज गांव घर में छोटे-छोटे बच्चे भी तरह-तरह के नशे की गिरफ्त में है कोरेक्स, सॉल्यूशन, गजा कुकिंग जैसे पदार्थ का शिकार हो रहे हैं। इसलिए कोसी के पांच अभिशाप को मिटाना आज हर नागरिक का धर्म एवं कर्तव्य होना चाहिए जाति मजहब और पार्टी से ऊपर उठकर पूरे समाज को एकजुट होना पड़ेगा जरूरत है एक ऐसे आंदोलन के जिसमें महिला पुरुष युवा बुजुर्ग हर वर्ष की हिस्सेदारी हो हम जानते हैं कि यह आसान काम नहीं है लेकिन नामुमकिन भी नहीं है। उन्होंने कहा नेताओं ने कभी जात-पात के नाम पर कभी धर्म के नाम पर कभी क्षेत्र के नाम पर लोगों को लड़ाया है आज सही समय है हम लोगों को की जुमला वाले नेता को सबक सिखाना। कार्यक्रम में अनिल सिंह, योगेंद्र मंडल संतोष मंडल सनी कुमार, राहुल कुमार आदी उपस्थित थे।

## गायक सरोज को बनाए गए लोजपा (रा) के जिला प्रवक्ता



**ताराबाड़ी ।** लोजपा (रा) के अनुसूचित जाति जनजाति प्रदेश अध्यक्ष परशुराम पासवान के निर्देशानुसार एससीएसटी प्रकोष्ठ के विस्तार को लेकर कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में संपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान शनिवार को अररिया सदर प्रखंड के ताराबाड़ी में कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें की अनुसूचित जाति व जनजाति के जिलाध्यक्ष प्रकाश पासवान के मौजूदगी में ताराबाड़ी निवासी सह चर्चित गायक सरोज कुमार पासवान को अनुसूचित जाति- जनजाति प्रकोष्ठ के जिला प्रवक्ता मनोनीत किया गया। मनोनयन होने पर लोजपा आईटी सेल के प्रखंड अध्यक्ष राज कुमार सिंह, असलम अंसारी सहित उपस्थित कार्यकर्ताओं ने शुभकामना देते सरोज पासवान के मनोनयन को पार्टी हित में बताया। कहा कि इनके जुड़ने से क्षेत्र के युवावर्ग की बड़ी आबादी लोजपा (रा) से जुड़ेगा जिसका लाभ आने वाले चुनाव में पार्टी को लाभ पहुंचाएगा। शुभकामना व्यक्त करते विजय पासवान, दीप नारायण पासवान, विकास पासवान, राम कुमार राही आदि ने बताया कि जिला प्रवक्ता सरोज पासवान के अगुवाई में पार्टी का विकास तथा युवाओं की मजबूत फौजी तैयार हो सकेगा।

### अक्षय राज बाबू के बर्थ डे पर शामिल हुए समाजसेवी संजय मिश्रा



**अररिया।** अररिया काली बाजार में आयोजित हुए अक्षय राज बाबू के सातवें जन्मदिन के अवसर पर, एसडीएम ग्रुप के निदेशक श्री संजय मिश्रा ने खुद की नाती को ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उन्होंने अक्षय को अपने आशीषों से नवाजा और उनसे उनके जीवन में सफलता की कामना की। उन्होंने यह भी प्रार्थना की कि अक्षय जरूरतमंद लोगों की सेवा करके समाज में योगदान करें। माय बर्थ माय अर्थ श्लोगन को ध्यान में रख पर्यावरण को बढ़ावा देने हेतु संजय बाबू ने अपने नेतृत्व में सात पौधा रोपण किया फिर परिवार जनों के साथ केक काटा।बताते चले कि अक्षय राज बाबू के पिता, श्री अशोक कुमार झा, जो अररिया समाहरणालय में नियुक्त हैं, और मां, जो एक गृहिणी हैं, भी उपस्थित थे। नगर के कई प्रमुख व्यक्तियों ने भी इस खास दिन पर अपना स्नेह और आशीर्वाद दिया। समाजसेवी श्री संजय मिश्रा ने कहा इस खुशी के मौके पर हम अक्षय को उनके जीवन के सफल मार्ग पर बढ़ने की शुभकामनाएं देते हैं और उनके जीवन में सफलता और सुख-शांति की कामना करते हैं।मौके पर इंदु मिश्र, ओमप्रकाश झा,मनोज सिंह, ब्रह्मानन्द झा,शिक्षक आदित्य विशाल सहित कई लोग मौजूद थे।

### पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 में भाग ले रहे विद्यालयों, क्लबों के प्राचार्य, टीम मैनेजर एवं कप्तानों की अहम् बैठक 18 सितम्बर को पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स में




**पूर्णियां।** पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन - 06 में भाग ले रहे 10+2 विद्यालय खेल बालक एवं बालिका वर्ग के बैटमिटन , बास्केटबॉल,वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, शतरंज के साथ - साथ ओपन टू ऑल प्रतियोगिता फुटबॉल एवं क्रिकेट खेलों आदरणीय क्लब अध्यक्ष/ सचिव, प्राचार्य महोदय/ महोदया, टीम प्रबंधक, टीम मैनेजर, कप्तानों की अहम् बैठक दिनांक :- 18/09/2023 दिन :- सोमवार समय :- पूर्वाह्न 10 बजे स्थानः- पनोरमा ग्रुप द्वारा निर्मित पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया ( नियर टाटा मोटर्स बाईपास) में बैठक बुलाई गई है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने दी और कहा कि बैठक में सभी रजिस्टर स्कूल एवं क्लबों की उपस्थिति अतिआवश्यक है। ताकि सभी रजिस्टर स्कूल व क्लबों से विचार-विमर्श कर आयोजन से सम्बंधित विभिन्न विषयों पर निर्णय लिया जा सके।

### शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, एक फरार



**संवाददाता /दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल।** जिले के राघोपर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपराही वार्ड 15 से पुलिस ने शुक्रवार की रात शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। हालांकि मौके से एक शराब तस्कर फरार होने में कामयाब हो गया। थानाध्यक्ष रजनीश कुमार केसरी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पिपराही वार्ड 15 निवासी प्रसादी सादा (38) के पास से एक गैलन में 5 लीटर चुलाई शराब बरामद किया। इस दौरान मौके से एक अन्य शराब तस्कर एक गैलन में रखे 5 लीटर चुलाई शराब को छोड़कर घनी आबादी का लाभ उठाकर फरार हो गया। फरार शराब तस्कर की पहचान कर ली गई है। शनिवार को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**कलश यात्रा** शुभारंभ उप प्रमुख बबलू चौधरी एवं समाजसेवी पंकज कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया

# बिस्वकर्मा पूजा को लेकर 251 कन्याओं द्वारा निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले में पिपरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दीनापट्टी पंचायत के तिलावे पुल समीप बाबा विश्वकर्मा की पूजा को लेकर भव्य रूप से गाजे बाजे के साथ 251 कुमारी कन्याओं द्वारा शोभायात्रा निकाला गया शोभा यात्रा में मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र रहा कलश यात्रा की शुभारंभ का फीता काटकर उप प्रमुख बबलू चौधरी एवं समाजसेवी पंकज कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस शोभा यात्रा की शुरुआत मंदिर प्रांगण से एस एच 327 सड़क सहित विभिन्न मार्गो से होते हुए तिवालेवनदी पहुंचा जहां पंडित द्वार विधिवत रूप से उसका मंत्र उच्चारण कर पुनः वापस मंदिर प्रांगण पहुंचे वही शोभायात्रा में प्रशासन की सहयोग सराहनीय रहा इस दौरान एएसआई सुरेंद्र प्रसाद सिंह सहित दर्जनों पुलिस बल के मौजूदगी रहे और शोभायात्रा में काफी भीड़ देखने को मिला और भगवान की नारों की गूंज से भक्तिमय का माहोल बना रहा। जगह-जगह पर पुलिस स्वयं आगे होकर कई बार अपनी दिशा निर्देश एवं पुलिस दलबल के साथ कई बार यह स्थल पर पहुंच कर जानकारी लिए किसी प्रकार की कोई त्रुटि नहीं हो। वही इस शोभा यात्रा



के दौरान जगह-जगह पर श्रद्धालुओं के लिए पानी का व्यवस्था की गई थी। मौके पर मेला कमिटी के सभी सदस्य सहित शोभा यात्रा में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# डीआईजी शिवदीप वामन राव लांडे के द्वारा थाने का किया गया निरीक्षण

**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल।** जिले के किसनपुर थाना में डीआईजी शिवदीप वामन राव लांडे ने शुक्रवार को किशनपुर थाना का निरीक्षण किया। मौके पर एसपी शैशव यादव और थानाध्यक्ष राघव शरण और अन्य पुलिसकर्मियों के द्वारा डीआईजी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उसके बाद डीआईजी ने थानाध्यक्ष के वैश्म में जाकर विभिन्न कांड सहित अन्य चीजों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने सबसे पहले थाना के पुराने भवन के बारे में जानकारी ली । वहीं एसपी ने कहा कि नए भवन निर्माण के लिए आदेश भेजा गया है। मुख्यालय के आदेश के बाद नए भवन का निर्माण कार्य किया जाएगा। उसके बाद डीआईजी ने निरीक्षण के दौरान अपराध निर्देशका भाग 2 पंजी और अल्फाबेटिकल पंजी,अपराध शैली पंजी, डकैती पंजी, गृह भेदन पंजी, अपराध आंकड़ा पंजी आदि



का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि सभी पंजी के जांच के दौरान संतुष्ट पाया गया । इसके अलावा डीआईजी ने थाना अध्यक्ष को निर्देश देते हुए कहा कि खासकर शराब तस्कर और नशीली पदार्थ के कारोबारी को चिन्हित कर उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने और पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। डीआईजी के आगमन को लेकर थाना का साफ - सफाई बेहतर ढंग से की गई थी। वहीं निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने थानाध्यक्ष को सभी फाइलों को अपडेट करने की हिदायत दी, साथ ही लंबित कांडों को रिपोर्ट वरीय पदाधिकारी को भेजने का निर्देश दिया इसके साथ ही उन्होंने एसडीपीओ और सर्किल इंस्पेक्टर को अपराध पर अंकुश लगाने और अपराधियों की गिरफ्तारी स समय कंट्रोल निष्पादन का निर्देश दिया। और उन्होंने कहा कि निर्दोष व्यक्ति फंसे नहीं और दोषी बचे नहीं अपराधी कोई भी हो उसकी गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी अभियान चलाएं डीआईजी ने अधिकारियों को थाना क्षेत्र में अपराध पर हर हाल में अंकुश लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ड्यूटी में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसको लेकर सभी पुलिस कर्मी को ड्यूटी लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी। वहीं पुलिस पदाधिकारी को गंभीर कांडों का खुलासा करने और अपराधियों को गिरफ्तार करने व जेल से छूटे अपराधियों पर नजर रखने और खासकर शराब तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सूचना तंत्र को भी मजबूत करने कि भी आवश्यकता है। इसके बाद उन्होंने थाना परिसर की साफ सफाई और कैदी, गृह कंप्यूटर रूम आदि का निरीक्षण किया। मौके पर एसडीपीओ कुमार इंद्र प्रकाश सहित पुलिसकर्मी अधिकारी मौजूद थे।

## खास खबर

### बकाया राशि रहने के कारण विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात जलाना पड़ा महंगा, विभाग ने दो पर लगाया जुर्माना

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** बिलिंग गुणवत्ता एवं बकायेदार उपभोक्ताओं की जांच को लेकर एक जांच दल का गठन कर विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर कनीय विद्युत अभियंता, सूर्यपुरा प्रदीप कुमार प्रजापति ने प्राथमिकी दर्ज की है। बताते चले कि बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काट रही है परंतु कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा किये अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने लग रहे हैं। इसी बीच प्रखंड सूर्यपुरा के उपभोक्ताओं का बकाया पर विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात अवैध रूप से तार जोड़कर जलाने को लेकर ग्राम-बलिहार के नंद लाल सिंह पर 26793 एवं ग्राम-सूर्यपुरा के राहुल कुमार पर 68160 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। कनीय विद्युत अभियंता, सूर्यपुरा प्रदीप कुमार प्रजापति के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनका बकाया पर लाइन कटा हुआ है वो अपना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा करने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें साथ ही साथ उपभोक्ताओं से यह भी आग्रह की गई है कि जो उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें तथा जो व्यक्ति बिजली का कनेक्शन नहीं लिए हैं वह कनेक्शन ले लें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी अभियुक्तों के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत सूर्यपुरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### डीएफओ ने छापेमारी में जंगली सुअरों की मांस एवं सांबर सिंग बरामद की दो जेल

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)।** वन परिसर पदाधिकारी, तिलौथू को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि तिलौथू वन परिसर के सैना मरकोही ग्राम के पास जंगल के किनारे एक जंगली सुअर का शिकार किया गया है। सूचना प्राप्त होते ही वन प्रमंडल पदाधिकारी, रोहतास वन प्रमंडल, सासाराम द्वारा वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, डिहरी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। वन विभाग के टीम के द्वारा पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर छापेमारी की गई, जिसमें जंगली सुअर का मांस का अवशेष काटे गये स्थल से बरामद किया गया एवं संदिग्ध स्थल पर छापेमारी कर घटना में सम्मिलित (1) सुदामा सिंह, पिता स्व० मुद्रिका सिंह, ग्राम सेवही, पो०- सेवही, थाना-तिलौथू एवं (2) धीरज पासवान, पिता स्व० मटर पासवान, ग्राम सैना, पो०- भदोखरा, थाना-तिलौथू, जिला रोहतास को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी के क्रम में रघुनाथ पासवान, पिता स्व० मटर पासवान, ग्राम सैना, पो०- भदोखरा, थाना-तिलौथू, जिला-रोहतास के घर से 02 साम्बर का सींग भी बरामद किया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस ने ऑटो से किया 45 किलो गांजा बरामद

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** रोहतास जिले के दरिहट थाना क्षेत्र में पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक ऑटो से 45 किला गांजा बरामद किया है. साथ ही दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है. इस संबंध में जानकारी देते हुए डेहरी एसडीपीओ विनिता कुमारी ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि डेहरी-बिक्रमगंज रोड में तस्कर गांजा लेकर जा रहे हैं. पुलिस द्वारा सूचना के आधार पर छापेमारी दल का गठन किया गया. जिसके बाद पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध ऑटो को रोका गया तो उस पर सवार तीन लोग भागने लगे. जिनमें से दो को पुलिस की छापेमारी दल द्वारा पकड़ लिया गया. पकड़े गए तस्करों में अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र के गम्हरिया निवासी 30 वर्षीय सोनू पासवान एवं सासाराम नगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 1 के रहने वाला 38 वर्षीय धीरेन्द्र कुमार शामिल हैं. एसडीपीओ ने बताया कि मादक पदार्थ को प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी के समक्ष विधिवत जब्ती सूची तैयार कर अग्रतर कार्रवाई की गई.

### 17 सितंबर को आएंगे पीएनबी के अंचल प्रबंधक

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** सासाराम में 17 सितंबर को पीएनबी के अंचल प्रबंधक सुधांशु शेखर दास का आगमन होगा। टाउन हॉल मीटिंग का आयोजन जमुहार स्थित एनएमसीएच के देवमंगल सभागार में किया जा रहा है। मंडल प्रमुख विश्वजीत बिस्वाल ने बताया कि सुबह 10 बजे से इस कार्यक्रम का उद्घाटन होगा। कार्यक्रम में औरंगाबाद, अरवल तथा रोहतास जिले की सभी शाखाओं और कार्यालय के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### 2024 में मैट्रिक की परीक्षा देने वाले छात्रों के पंजीयन भरने की तिथि बढ़ाई गई

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ (रोहतास)।** माध्यमिक परीक्षा 2024 में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं के पंजीयन अनुमति पत्र ऑनलाइन भरने की तिथि बढ़ा दी गई है। इस संबंध में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के द्वारा निर्देश दिया गया है, कि जिन छात्र-छात्राओं का पंजीयन/ अनुमति पत्र अभी तक किसी कारणवश नहीं भरा जा सका है या छूट गया है ,उनके लिए यह तिथि विस्तारित की जाती है, जो 18 सितंबर तक विस्तारित की जाती है। विद्यालय प्रधानों के द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों के बार-बार आग्रह करने पर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के द्वारा एक और मौका दिया गया है। इस संबंध में जेपीके इंटर कॉलेज बभनौल के प्राचार्य प्रकाश चतुर्वेदी ने बताया, कि विद्यालय स्तर पर पंजीयन अनुमति पत्र भरने का कार्य निर्धारित अवधि तक किया जा सकेगा। उन्होंने अपने कॉलेज की ओर से यह अपील की, कि जिन छात्रों का पंजीयन अनुमति पत्र अभी तक नहीं भरा जा सका है या किसी कारणवश छूट गया है, वैसे अभिभावक अपने बच्चों का पंजीयन निर्धारित तिथि तक विद्यालय आकर अवश्य करा लें।

# एसडीएम व डीसीएलआर ने हरी झंडी दिखाकर पोषण रथ को किया रवाना








**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** शनिवार को अनुमंडल कार्यालय के कैम्पस से एसडीएम उपेन्द्र कुमार पाल व डीसीएलआर अविनाश कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर पोषण रथ को रवाना किया। आंगनवाड़ी सेविकाओं के द्वारा अनुमंडल कार्यालय के कैम्पस में पोषण से सम्बंधित स्लोगन बनाया गया था। जो अपने आप मे एक अजूबा आकर्षण का केंद्र बना रहा। एसडीएम ने पोषण रथ को हरी झंडी दिखाने से पूर्व आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा बनाए गए पोषण से संबंधित स्लोगन को मनमोहक दृश्य को देख भाव विभोर हुए और सेविकाओं के द्वारा बनाए गए पोषण से संबंधित स्लोगन का काफी सराहना किया और सभी सेविकाओं को पोषण के संबंध में शपथ दिलाया। इस संबंध में जानकारी देते हुए सीडीपीओ शशि कुमारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष सितम्बर माह पोषण माह के रूप में मनाया जाता है। जिसमे बच्चों , महिलाओं, माताओ का पोषण स्तर एवं स्वास्थ्य में सुधार लाने हेतु आईसीडीएस विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित करके पूरे माह अलग अलग तरह की गतिविधियों का आयोजन करती है तथा लोगो को इस संबंध में जागरूक भी करने का कार्य किया जाता है।आंगनवाड़ी सेविकाओं के द्वारा लोगो को पोषण के प्रति जागरूक करने के लिए अनुमंडल कार्यालय से रैली निकाल मुख्य पथ से होते हुए प्रखंड मुख्यालय पे पहुंचा जहाँ पर इसका समापन किया गया।। मौके पर सुपरवाइजर कुसुम कुमारी, निर्मला कुमारी, प्रखंड समन्वयक रिंकी कुमारी, सेविका गीता कुमारी, आशा कुमारी, संगीता कुमारी, गीता कुमारी, देवंती देवी, सुधा देवी, शकुंतला देवी, ज्योति देवी, आशा देवी, शीला देवी, रेखा देवी, संगीता देवी, रेणु देवी, सुशीला देवी, बैजंती देवी, ममता देवी, सरिता देवी, अमृता देवी, रीता देवी के अलावे अन्य सभी सेविकाएं मौजूद थे।

## विद्युत विभाग ने 10 बकाएदार उपभोक्ताओं पर भेजी लीगल नोटिस, कर रही कार्रवाई



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल, बिक्रमगंज अंतर्गत सभी प्रशाखाओं में राजस्व वसूली को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे बिजली चोरी को लेकर जुर्माना एवं प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। बकायेदार उपभोक्ताओं के विरुद्ध विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए विद्युत कनेक्शन काटा जा रहा है। पूर्व में जो बकायेदार उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया था एवं अब तक बकाए राशि का भुगतान नहीं किया गया है उन पर नीलामवाद दायर की जा रही है। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि शनिवार को प्रखंड दिनारा क्षेत्र के उपभोक्ताओं पर नीलामवाद दायर करने हेतु लीगल नोटिस भेजी गई है। निबंधित डाक से भेजी गई नोटिस में ग्राम-सहुआरी के ललन सिंह, कृष्णा सिंह, ग्राम-करहँसी के जय प्रकाश राय, राम अवतार सिंह, लाल बहादुर राय, ग्राम-गंगाढी के अनिल कुमार राय, सुरेंद्र कुमार गुप्ता, ग्राम-खनिता के गीता देवी, भरत मुनि पांडेय, ग्राम-कौआखोंच के भरत सिंह का नाम शामिल है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि जो भी उपभोक्ताओं का बकाया राशि रहने के कारण विद्युत कनेक्शन काटा जाता है तो सक्षम प्राधिकारी से किस्तीकरण कराने के पश्चात बकाया राशि एवं पुनः विद्युत संयोजन शुल्क जमा करने के पश्चात विद्युत का उपभोग करे एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें।

## निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी सह एसडीएम ने किया बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा भोजपुर।** जिले के पीरो स्थित शहीद भवन में शनिवार को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीएम जगदीशपुर संजीत कुमार और अवर निर्वाचन पदाधिकारी तौकीर किब्रिया ने संयुक्त रूप से 197 जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ से मतदाता सूची के घर-घर सत्यापन उपरांत फॉर्म 7 भरने की स्थिति, मतदाता सूची शुद्धिकरण अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा किया। एसडीएम और अवर निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक में पीरो प्रखंड के बीएलओ को मतदाता सूची से जुड़े कार्यो के निष्पादन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही बीएलओ और पर्यवेक्षक को लंबित कार्यो को ससमय पूरा करने का भी टास्क दिया गया।अवर निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सभी मृत मतदाताओं का सत्यापन करते हुए उनके परिवार से मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त कर बीएलओ ऐप द्वारा प्रपत्र सात और नए मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए प्रपत्र छह में आवेदन लेने के लिए निर्देश दिया गया। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार गौतम ने बताया कि मृत व्यक्ति मतदाता का नाम निर्वाचक सूची से हटाए जाने के कारण वीटीआर के बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। बैठक मे बीसीओ विवेक कुमार, जनसेवक अजय सिंह, पर्यवेक्षक व बीएलओ मौजुद थे।

## कार्यक्रम मे टीवी कलाकार सोनी पाण्डेय ने लोगो को खूबसूरत झूमाया



**बिक्रमगंज शुभ भास्कर संवाददाता रोहतास अजीत शेखर।** काराकाट बाजार पर शिव मंदिर परिसर में बाबा गणिनाथ का जन्मोत्सव उनके अनुयायियों द्वारा पूरी श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूजा समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें चर्चित गायिका व टीवी कलाकार सोनी पांडेय ने अपने भक्ति गीतों से सबको मुग्ध कर दिया। उद्घाटन पूर्व विधायक राजेश्वर राज, सामाजिक नेत्री किरण प्रभाकर, मुनिलाल साह व नवीनचन्द साह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। पूर्व विधायक ने कहा कि सनातन पर गलत टिप्पणी कर समाज में विद्वेष फैलाने शायद यह नहीं समझते कि सनातन कभी खत्म नहीं हो सकता, वे खुद खत्म हो जाएंगे। महिला समाजसेवी किरण प्रभाकर ने कहा कि संतों की वाणी को आत्मसात करके ही जीवन व समाज को सार्थक किया जा सकता है। उन्होंने गणिनाथ मंदिर निर्माण हेतु 11 हजार की राशि समिति को प्रदान किया। इनके अलावे अखिल भारतीय न्याय मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता शरत चंद संतोष, धर्मेंद्र गुप्ता व सत्यानंद प्रकाश ने भी अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में चर्चित गायिका व टीवी कलाकार सोनी पांडेय ने कई भक्ति गीत प्रस्तुत कर सबको मुग्ध कर दिया, वहीं प्रयाग से पधारे कलाकारों ने भक्तिगीतों के साथ राधा -कृष्ण की जीवन लीला पर आधारित कई झांकी प्रस्तुत कर सबको भाव विभोर कर दिया। मौके पर गोपाल साह, अंतु साह, सुपन साह व प्रकाश कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि व पूजा समिति के लोग थे।

### कारगिल युद्ध के शहीद सेनानियों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके आँगन की मिट्टी को संग्रहित किया गया

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, आरा भोजपुर।** जिले के अगिआँव प्रखंड अंतर्गत लसाढी मे 15 सितंबर1942 को भारत छोड़ो आंदोलन मे शहीद हुए 12 स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान मे आयोजित राजकीय समारोह मे भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष दुर्गा राज सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होकर शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिए। 1942 आंदोलन मे शहीद अकली देवी सहित 12 स्वतंत्रता सेनानियों को भारतीय जनता पार्टी द्वारा चल रहे कार्यक्रम 'मेरी माटी मेरा देश' के तहत जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के नेतृत्व मे लसाढी गाँव मे शहीद स्वतंत्रता सेनानी अकली देवी,वासुदेव सिंह,महादेव सिंह,सभापति सिंह,गिरिवर सिंह,जगरनाथ सिंह,चासी गाँव मे शहीद स्वतंत्रता सेनानी रामानुज पांडेय,रामदेव साह,शीतल लोहार,केशवर सिंह और ढकनी गाँव मे शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानी शीतल प्रसाद सिंह,केशव प्रसाद के घर जाकर कार्यकताओ द्वारा शहीदो के सम्मान मे उनके परिजनो को सम्मानित करते हुए उनके आँगन की मिट्टी को अमृत कलश मे संग्रहित किया गया। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओ द्वारा बनौली और नारायणपुर गाँव के कारगिल युद्ध मे शहीद हुए वीर सेनानी सुबेदार राम ईश्वर सिंह और शहीद नायक सत्येन्द्र सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिजनो को सम्मानित किया गया।उन दोनो वीर शहीदों के आँगन की मिट्टी को बन रहे अमृत शहीद वाटिका के लिए अमृत कलश मे संग्रहित किया गया। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष ने शहीदो को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश मे पहली बार देश के लिए अपना प्राण न्योछावर करने वाले जवान,स्वतंत्रता सेनानियों के घर से मिट्टी लेकर अमृत वाटिका का निर्माण करने का निर्णय ऐतिहासिक कार्य है। कार्यक्रम मे कार्यक्रम संयोजक रामदिनेश यादव, जिला उपाध्यक्ष वंदना राजवंशी, जिला मंत्री संतोष चंद्रवंशी, नोनऊर मंडल अध्यक्ष वीरबहादुर सिंह,चाँद नरेश राय,रामाकांत चंद्रवंशी, कुंदन सिंह कुशवाहा, रविरंजन सिंह,हरिशंकर सिंह,नन्दजी साह,लालबहादुर सिंह यादव,कामता सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता और ग्रामीण जनता शामिल थे।

### देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, आरा। भोजपुर।** जिले के गड़हनी थाना कि पुलिस ने देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ युवक को गिरफ्तार किया जिसका नाम सोनू कुमार यादव पिता लाल बिहारी सिंह साकीन सेमराव थाना चरपोखरी के निवासी बताया गया बताते चलें कि देसी कट्टा व दो गोली के साथ युवक को गिरफ्तार कर भोजपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया गया पुलिस अधीक्षक प्रमोद यादव के समक्ष गड़हनी थाना अध्यक्ष प्रियंका गुप्ता शामिल हुए।

### कृष्णगढ़ अलग अलग मामले मे एक वारंटी दूसरा शराब कांड मे आरोपित गिरफ्तार जेल

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, आरा भोजपुर।** जिले के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत कृष्णगढ़ थाना कि पुलिस ने अलग अलग मामले में दो आरोपित को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपित में पहला वारंटी जिसमे विद्याभूषण प्रसाद पिता केशव राम गांव जगतपुर जबकि पुराना शराब केस में सोहरा गांव निवासी बतख बिंद के पुत्र जिंदल बिंद बताया गया है।पुलिस के मुताबिक दोनो आरोपित बहुत दिन से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे।जहां दोनो आरोपित को गुप्त सूचना मिलने के बाद नाटकीय ढंग से आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।थाना प्रभारी विवेक कुमार ने बताया की अलग अलग मामले में दो आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है।छापेमारी मे थाना प्रभारी विवेक कुमार दरोगा संदीप कुमार सहित अन्य कई पुलिस बल मौके पर मौजूद थे।

### नशेड़ी गिरफ्तार, जेल

**बिक्रमगंज शुभ भास्कर संवाददाता रोहतास।** काराकाट थाने की पुलिस ने शहरी गांव से एक नशेड़ी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार अंतु नट उसी गांव का निवासी बताया गया है। थानाध्यक्ष आदित्य कुमार के अनुसार ग्रामीणों की सूचना पर उसे गिरफ्तार किया गया। वह नशे में धुत्त था।

### दसवीं निःशुल्क चंद्रयान बैच की शुरुआत



**बिक्रमगंज शुभ भास्कर संवाददाता रोहतास अजीत शेखर।** हर छात्र के जीवन में बोर्ड परीक्षाएं सबसे महत्वपूर्ण पड़ावों में से एक हैं । इन्हीं के आधार पर ही किसी छात्र का भविष्य निर्धारित होता है । इसलिए छात्र व अभिभावक दोनों इन परीक्षाओं के प्रदर्शन को लेकर काफी चिंतित रहते हैं । इसी बात को ध्यान में रखते हुए करूप की रैम्बो सी टी सी के निदेशक प्रवीन कुमार सिंह ने एक खास फ्री स्पेशल बैच शुरू करने का फैसला किया है । जिसमें 10 वीं कक्षा के लिए सभी विषय की फ्री क्लासेज दी जाएंगी । जिसकी शुभारंभ शुक्रवार संध्या में कई गयी । इस मौके पर प्रॉजेक्ट स्कूल गोडारी के अशोक तिवारी व बुढ़वल उच्च विद्यालय शिक्षक उपेन्द्र कुमार मुख्य अतिथि शिक्षक के रूप में उपस्थित हुए और सभी बच्चों का उत्साह बढ़ाया । वही रेनबो सी टी सी के निदेशक प्रवीन कुमार ने बताया कि यह शुरुआत उन गरीब और मेधावी बच्चों के लिए है जो गरीबों की वजह से बेहतर तैयारी नहीं कर पाते हैं । हम उन सभी बच्चों के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध करा रहे हैं । जैसे सभी विषयों की पढ़ाई डिजिटल बोर्ड के माध्यम से पढ़ाया जाएगा। इस भव्य आरंभ के मौके पर बालिका उच्च विद्यालय गोडारी अशोक तिवारी, उच्च विद्यालय बुढ़वल उपेंद्र कुमार, माइंड स्क्वायर के निदेशक, रवि कुमार, अंकित कुमार, रंजन कुमार अन्य कई लोग मौजूद थे।

**अभियान** जमालपुर गांव स्थित पंचायत भवन में स्वच्छ भारत मिशन एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

# पोखराहां पंचायत में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबधन इकाई डब्लूपीए का उदघाटन किया





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)।** प्रखण्ड के पोखराहां पंचायत के जमालपुर गांव स्थित पंचायत भवन में स्वच्छ भारत मिशन एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वितीय चरण के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के क्रियान्वयन हेतु प्रखण्ड का सातवां अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई डब्लूपीए का उदघाटन फीता काटकर बीडीओ मो.जफर इमाम,पंचायत के मुखिया सुजीत कुमार उर्फ टिंकु सिंह, प्रमुख योगेश कुमार, ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुखिया ने बीडीओ समेत सभी प्रतिनिधियों को अंग वस्त्र एवं माला से सम्मानित किया। इस अवसर पर मुखिया ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अपशिष्ट प्रबंधन का शुभारंभ हो गया है। सभी लोग उसका पालन करें। अपने घरों का कचड़ा डस्टबिन में ही फेंकें और डोर टू डोर जाने वाले स्वच्छता गृही को दें। इससे आपका पंचायत स्वर्ग सा सुंदर एवं स्वच्छ दिखेगा।बीडीओ ने बताया कि उक्त प्रबन्धन धीरे धीरे प्रखण्ड के सभी पंचायतों में शुरू हो जाएगा।अब तक सात पंचायतों में हो चुका है। शेष में भी शिघ्र होगा। कहा कि सभी लोग गीले कचरे को हरे डस्टबिन में और सूखे को नीले डस्टबिन में एकत्र करेंगें और इसे स्वछता ग्रहीयों को देंगें जो प्रतिदिन सुबह स्वच्छता वाहन लेकर आपके दरवाजे पर आएंगें। बीडीओ ने कहा कि इस योजना को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रतिदिन एक रुपया की दर से स्वच्छता शुल्क देना है जो अत्यंत जरूरी है और यह सभी लोगों के लिए सरल भी है। प्रमुख ने कहा कि अब पोखराहां पंचायत भी स्वच्छता की श्रेणी में आ गया जो पंचायत वासियों के लिये गर्व की बात है। प्रखण्ड समन्वयक चेतन आनन्द ने ठोस एवं गीला कचड़ा के रख रखाव एवं इसका भंडारण तथा स्वच्छता शुल्क पर ग्रामीणों को विस्तार से समझाया। इस अवसर पर ग्रामीणों के बीच हरा व नीला रंग का डस्टबीन बीडीओ, मुखिया व प्रमुख ने वितरित किया।

### छात्राओं के बीच मुकुट बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत इटिम्हां स्थित वसंत प्लस टू उच्च विद्यालय इटिम्हां - कर्मा में शनिवार को वर्ग नौ व दस के छात्राओं के बीच मुकुट बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने स्वयं ही सुंदर-सुंदर विभिन्न प्रकार के मुकुट बनाई। स्कूल के वर्ग नौ व दस की 386 छात्राओं को 80 ग्रुप में बांटा गया। प्रत्येक ग्रुप में चार से पांच छात्राए शामिल थी। इन छात्राओं के द्वारा एक मुकुट का निर्माण किया गया। 80 ग्रुपों में से प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान लाने वाली टॉप थ्री ग्रुप के 12 छात्राओं को स्कूल प्रशासन के तरफ से सम्मानित किया जाएगा। जबकि अन्य छात्राओं को भी सांतावना पुरस्कार दिया जायेगा। प्रधानाध्यापक इंद्रजीत पाण्डेय ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को तरह तरह के प्रतियोगिताएं कराया जाता है जिससे छात्राओं के अंदर छिपी हुई प्रतिभा निखर सके। स्कूल में समय समय पर प्रतियोगिता होना चाहिए।

## विश्व ओजोन दिवस के बैनर तले छात्र-छात्राओं ने पेंटिंग प्रतियोगिता में लिया भाग



**बिक्रमगंज शुभ भास्कर सवाददाता रोहतास।** आज अंजबित सिंह कॉलेज के बॉटनी विभाग में ओजोन दिवस नए प्रतिभाशाली कलाकारों का जमावड़ा दिखा। इसमें खासकर छात्राओं की भागीदारी बहुत ज्यादा देखने को मिली। ओजोन दिवस 2023 को लेकर कलाकारों ने रंगों के द्वारा खूब जलवे बिखरे। कागज पर आड़ी तिरछी रेखाएं जब अपने स्वरूप में आती है तो एक नए आकार का जन्म ले लेती हैं। शनिवार को शहर के अंजबीत सिंह महाविद्यालय वनस्पति विभाग के सभागार कक्ष में विश्व ओजोन दिवस 2023 के तहत पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में ओजोन परत संरक्षण पर्यावरण जागरूकता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के कुल 50 की संख्या में छात्र-छात्राओं ने पेंटिंग प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी-अपनी कला कौशल से ओजोन परत संरक्षण से संबंधित पेंटिंग प्रस्तुत की। उक्त दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रभात कुमार , वनस्पति विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर कन्हैया सिंह सहित अन्य व्याख्याताओं ने छात्र-छात्राओं के बीच जाकर अवलोकन किया। उक्त दौरान छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत की गई पेंटिंग प्रतियोगिता को सभी व्याख्याताओं ने सराहा। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रभात कुमार ने कहा कि महाविद्यालय में ऐसे आयोजन हम बार-बार कराते आ रहे हैं और नई प्रतिभाओं को कला के द्वारा संवारने और निखारने का भी कम कर रहे हैं। वनस्पति विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर कन्हैया सिंह सिंह ने कहा कि हम पर्यावरण से छेड़छाड़ कर रहे हैं और पेड़ करते जा रहे हैं हमारी पृथ्वी दिनों दिन गर्म होती जा रही है हमें पर्यावरण को नए सिरे से सजाने संवारने की जरूरत है, हम धरती पर पेड़ लगाएंगे तभी हमारी प्रकृति हमें जीने का अवसर देगी। साथ ही डॉ. शशि भूषण , डॉ. संतोष कुमार सिंह, डॉ. विनोद कुमार गौड़, प्रोफेसर पंकज कुमार , प्रोफेसर फजल खान , अरुण कुमार सिंह, अक्षय जी प्यारे, सत्येंद्र पांडे, छात्र नेता, जुनैद खान सहित अन्य व्याख्याता एवं छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

### आकाशीय बिजली गिरने से हुई एक व्यक्ति की मौत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, मोहनियां (कैमूर)।** प्रखंड अंतर्गत मुजान गांव में आकाशीय बिजली गिरने की वजह से एक व्यक्ति की मौत। आपको बताते चलें कि मुजान गांव के एक किसान खेत से काम कर घर लौट रहे थे,उसी दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को हुई कि आनन फानन में इलाज के लिए मोहनियां के अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंचाया गया। जहा इमरजेंसी सेवा में मौजूद चिकित्सकों द्वारा जांच में पाया गया, कि व्यक्ति की मौत हो चुका है। मृतक ओली मियां के पुत्र सहबान मिया मियां बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच मोहनिया थाना प्रशासन द्वारा, शव को अपने कब्जे कर पोस्टमार्टम के लिए उनके परिवार के लोगो की मदद से भभुआ भेजा दिया गया।इधर घटना की जानकारी जैसे ही मुजान पंचायत के मुखिया सुग्रीव पासवान,सरपंच संजय,भूषण तिवारी सहित आदि को हुई तो मौके पर पहुंच कर पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया गया।

### प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा स्वच्छता सुपरवाइजर एवं जीविका दीदियों के साथ की गई बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा प्रखंड सभागार में स्वच्छता सुपरवाइजर एवं जीविका दीदीयों के साथ की गई बैठक। बताते चलें कि रामपुर प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी दृष्टि पाठक के अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। जिसमें स्वच्छता ही सेवा विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई, प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा स्वच्छता पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया गया, कि सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक अपने-अपने पंचायत के हर गांव में निगरानी समिति का गठन करें। जिसमें जीविका दीदियों को भी रखा जाए, सुबह में जाकर साफ सफाई पर एवं कूड़े की उठाव पर ध्यान दें। दोपहर में ग्रामीणों के साथ बैठक कर स्वच्छता के बारे में बताएं, रात्रि में रात्रि चौपाल के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा अभियान के बारे में लोगों को जागरूक करें। अपने क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय, मध्य विद्यालय, एवं उच्च विद्यालय में, शिक्षकों और प्रधानाध्यापक से मिलकर बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। चेतना सत्र में स्वच्छता पर चर्चा जरूर हो, सूखा कचरा एवं गीला कचरा का नियमित सही निष्पादन हो। मौके पर बीपीएम अनिल कुमार चौबे, बी सी रवि प्रकाश, पूर्व एस आर पी रामप्रवेश तिवारी, स्वच्छता पर्यवेक्षक रविंद्र कुमार गुप्ता, विनोद कुमार सिंह, रूबी कुमारी, सरिता कुमारी, चंदेश्वर कुमार, नितेश कुमार, जितेंद्र तिवारी सहित कई लोग शामिल रहे। बैठक के अंत में प्रखंड मुख्यालय के सामने सफाई अभियान चलाया गया। सफाई में भलाई, अब तो चेतो मेरे भाई।।

### भाजपा प्रखंड कमेटी ने चलाया मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा (कैमूर)।** भाजपा प्रखंड समिति के द्वारा प्रखंड क्षेत्र में चलाया गया मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम। आपको बता दें कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में आजादी का अमृत महोत्सव जन नेतृत्व की पहल के रूप में मनाया जा रहा है। सरकार द्वारा इसी उत्सव के निरंतरता में मेरी माटी मेरा देश अभियान का शुभारंभ किया गया है। जिसके तहत भाजपा प्रखंड कमेटी द्वारा कुदरा प्रखंड अंतर्गत मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद सिंह के नेतृत्व में लालापुर, कुदरा, बाजार के रास्ते सकरी तक किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित मोहनियां के पूर्व विधायक निरंजन राम, जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल, लोकसभा प्रभारी हरे राम, विस्तारक टीका धारी, मोहनिया विधानसभा प्रभारी सत्यव्रत पंकज, प्रवक्ता दीनानाथ सिंह, मंडल महामंत्री रंजन सिंह, मंगल गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष विशाल गुप्ता, अग्निवेश तिवारी, अनिल सिंह, अंकुर जायसवाल, उपाध्यक्ष राकेश पांडेय के साथ ही प्रखंड के कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

# स्टोरकीपर को स्पष्टीकरण पूछते हुए वेतन अवरुद्ध करने का आदेश



**भभुआ कैमुर, शुभ भास्कर।** आज जिला पदाधिकारी सावन कुमार की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक जिला समाहरणालय में अयोजित की गई। जिसमें महत्त्वपूर्ण स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम में बेहतर उपलब्धि हासिल करने तथा आंगनवाड़ी केंद्र एवम विधालय में पात्र लाभार्थी को आयरन की गोली का सेवन नियमित रूप से करवाने का निर्देश दिया । साथ ही, संस्थागत प्रसव के लिए संस्थान में आने वाली लाभार्थी को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने तथा उनका पोषण एवम परिवार नियोजन के लिए काउंसलिंग करने के लिए कहा गया। सभी स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निदेश देते हुए जिला पदाधिकारी ने कम उपलब्धि पर भगवानपुर के स्टोरकीपर को स्पष्टीकरण पूछते हुए वेतन अवरुद्ध करने का आदेश दिया। साथ ही, सभी स्टोरकीपर को आईपीडी एवम ओपीडी की सभी आवश्यक दवाओं को एक सप्ताह के अंदर इंडेन करने के लिए कहा। बैठक में ओपीडी सेवा,नियमित टीकाकरण कार्यक्रम , प्रसव पूर्व जांच, टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, परिवार नियोजन कार्यक्रम,सघन मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम, आरसीएच ऑनलाइन इंट्री, यूविन पोर्टल इंट्री आदि कार्यक्रम की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा महत्वपूर्ण स्वास्थ्य कार्यक्रम में अपेक्षित उपलब्धि प्राप्त नहीं करने पर अनुमंडलीय अस्पताल,मोहनिया के उपाधीक्षक एवम आरआई नोडल पदाधिकारी को स्पष्टीकरण पूछते हुए अगले आदेश तक वेतन अवरूद्ध करने का निर्देश दिया गया । इसके अलावा नुआंव एवम दुर्गावती प्रखंड के सभी कर्मी को अगले समीक्षात्मक बैठक तक आवश्यक सुधार हेतु चेतावनी दी गई । सभी प्रखंड के स्वास्थ्य विभाग के साथ जिला स्तर पर प्रतिदिन वीसी के माध्यम से समीक्षा करने हेतु निर्देश दिया गया। कैमूर जिला अंतर्गत कार्यरत सभी cho, ANM और आशा कार्यकर्ता के कार्यों के अनुश्रवण एवम मूल्यांकन हेतु आवश्यक सुझाव जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया। सिविल सर्जन डॉ मीना कुमारी ने संस्थागत प्रसव बढ़ाने को लेकर सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को समुदाय आधारित जागरूकता बढ़ाने एवम बेहतर सेवा प्रदान करने पर जोर दिया।

## गया जिला के प्रशासन द्वारा कैमूर के कुदरा में अपराधी के घर चिपकाया गया इश्तहार



**दैनिक भास्कर संवाददाता, कुदरा (कैमूर)।** थाना क्षेत्र के डेरवां गांव निवासी फरार आरोपीयों के घर, गया जिला प्रशासन व स्थानीय थाना प्रशासन के द्वारा संयुक्त रूप से उपस्थित हो चिपकाए गया इश्तेहार। संदर्भ में जानकारी देते हुए गया जिला प्रशासनिक टीम में सम्मिलित राकेश राहुल पांडेय के द्वारा बताया गया कि, कुदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत डेरवां ग्रामवासी विनय कुमार सिंह पिता स्वर्गीय लाल मुनी सिंह, मालती देवी पति विनय कुमार सिंह, मयंक सिंह पिता विनय कुमार सिंह, आयुष आनंद पिता विनय कुमार सिंह सभी पारिवारिक सदस्य गया में तथाकथित भूमि विक्रेता के रूप में कार्य कर रहे थे। जिनके द्वारा किसी अन्य की भूमि दिखाकर कुछ लोगों से पैसा हेरा फेरी कर लिया गया। भूमि के खरीद दारों द्वारा जब पैसा मांगे जाने लगा तो यह सभी परिवार के सदस्य वहां से फरार हो गए। जिनके विरुद्ध भूमि के खरीद दारों द्वारा मामला दर्ज कराया गया था। अपराधियों द्वारा न्यायालय में उपस्थित न होने की वजह से। न्यायालय द्वारा न्याय संगत कार्यवाही करते हुए अंतिम चेतावनी दिया गया है। फिर भी यदि इनके द्वारा न्यायालय के समक्ष आत्म समर्पण नहीं किया गया तो इनके विरुद्ध पर की जपती का नोटिस निर्गत किया जाएगा।

## विगत माह में एक भी आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण नहीं किया गया



**भभुआ कैमुर, शुभ भास्कर।** जिला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार के द्वारा आईसीडीएस/ सामाजिक सुरक्षा/ बाल संरक्षण इकाई एवं महिला हेल्पलाइन विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और निम्नवत दिशा निर्देश दिया गया। सामाजिक सुरक्षा के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि अंचल अधिकारियों द्वारा साठ हज़ार से नीचे का आय प्रमाण पत्र समय नहीं बनाए जाने के कारण मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सहित कई योजनाओं के लाभ से वंचित रह जा रहे हैं। परवरिश योजना अंतर्गत रामपुर अधौरा एवं नुऑव प्रखंड में स्थिति काफ़ी ख़राब पाई गई। संबंधित पदाधिकारी को विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक लाभुकों का चयन करने का निर्देश दिया गया।ICDS की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि CDPO मोहनियां एवं दुर्गावती द्वारा विगत माह में एक भी आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण नहीं किया गया है इसके लिए स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना की समीक्षा के क्रम में लक्ष्य के विरूद्ध 50 प्रतिशत आवेदन प्राप्त करने हेतु CDPO मोहनियां से स्पष्टीकरण करते हुए वेतन बंद करते हुए विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, प्रबंधक महिला हेल्पलाइन, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बाल संरक्षण पदाधिकारी भभुआ सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## साप्ताहिक रोस्टर के अनुसार अगले दो माह तक विभिन्न प्रखंडों के चिन्हित स्थलों पर किया जाएगा जनसंवाद



**भभुआ कैमुर, शुभ भास्कर।** जनसंवाद कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन के मद्देनजर आज समाहरणालय के सभाकक्ष में जिलाधिकारी कैमूर की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी आम जनों को सुलभ कराने, उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करने तथा साथ ही लोक कल्याणकारी योजनाओं को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक विस्तृत करने के संबंध में जनमानस के सुझावों को प्राप्त करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न प्रखंड में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साप्ताहिक रोस्टर के अनुसार अगले दो माह तक विभिन्न प्रखंडों के चिन्हित स्थलों पर किया जाएगा जनसंवाद महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनों को स- समय एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना साथ ही योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा उन योजनाओं का जिले में समुचित तरीके से क्रियान्वयन हमारी प्राथमिकता। बैठक में जानकारी दी गई कि अगले दो माह में निर्धारित रोस्टर के अनुसार प्रखंड स्तर पर चिन्हित दो अलग-अलग स्थलों पर आम जनों के साथ बैठक की जाएगी। बैठक में डीएम के साथ जिले के एसपी एवं संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। जन संवाद कार्यक्रम में जिले के जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उपलब्धियो की जानकारी आम जनों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों को दी जाएगी तथा इस संबंध में उनकी प्रतिक्रियाएं प्राप्त करने के साथ-साथ योजनाओं को और अधिक विस्तृत करने के संबंध में उनके सुझाव प्राप्त किए जाएंगे। अनुमंडल पदाधिकारी तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों के स्तर से भी जनसंवाद बैठकों का आयोजन निर्धारित रोस्टर के अनुरूप किया जाएगा। जनसंवाद कार्यक्रम में सभी महत्वपूर्ण विभागों अंतर्गत संचालित योजनाओं का जागरूकता के दृष्टिकोण से पोस्टर बैनर भी लगाए जाएंगे। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मोमबत्ती से लगी आग, झोपडी सहित मां बेटा गंभीर रूप से झूलसे, वहीं पोता की हुई मौत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, चैनपुर(कैमूर)।** थाना क्षेत्र के रमौली गांव में झोपड़ी के अंदर दुकान में मोमबत्ती से आग लग गई जहां मां बेटा गंभीर रूप से झुलस गये जबकि पोता की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।जानकारी के मुताबिक चैनपुर थाना क्षेत्र के रमौली गांव निवासी स्वर्गीय वशिष्ठ राम की पत्नी धाना कुंवर एवं उनका पुत्र उपेंद्र कुमार गंभीर रूप से झुलस गया जबकि उपेंद्र कुमार का पुत्र 8 अनुज कुमार का घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे विनोद कुमार ने बताया कि गांव से बाहर झोपड़ी लगाक पार्चून का दुकान चला रहे थे। दुकान पर मां बेटा और पोता बैठे हुए थे ।अचानक लाइट कटा और बेटा ने मोमबत्ती जलाया, अचानक मोमबत्ती दुकान के अंदर गिरा और भयावह रूप से आग पकड़ लिया। बुझाने का काफी प्रयास किया गया लेकिन मां बेटा आग की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गये। जबकि पोता का घटनास्थल पर ही मौत हो गई। झूलते हुए दोनों लोगों को उचित इलाज हेतु डॉक्टरों द्वारा सदर अस्पताल से ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है। सदर अस्पताल में पहुंचे अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बिहार जमां खां के द्वारा पीड़ित परिवार को सांत्वना दिया गया।

### संध्या गस्ती के दौरान थाना प्रशासन ने एक शराबी को किया गिरफ्तार भेजा जेल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, भगवानपुर (कैमूर)।** थाना प्रशासन द्वारा संध्या गस्ती के दौरान शराब के नशे में धुत एक शराबी को किया गया गिरफ्तार भेजा गया जेल। संदर्भ में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अनिल प्रसाद के द्वारा बताया गया। थाना प्रशासन द्वारा नशे व नशेड़ियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में शुक्रवार देर शाम संध्या गस्ती के दौरान भगवानपुर पुलिस ग्राम मोहनपुर सड़क पर पहुंची तो देखा की एक शराबी शराब के नशे मे धुत है। उसे गिरफ्तार कर भगवानपुर थाना लाया गया। उससे पूछताछ करने पर अपना नाम संजय सिंह पिता बलवीर सिंह ग्राम मोहनपुर का निवासी बताया इसके बाद समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर मे मेडिकल जांच कराकर शनिवार को जेल भेजा जा रहा है।

### ग्राम कचहरी में पति-पत्नी के विवाद को निष्पक्ष रूप से किया गया निष्पादित





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कैमूर।** जिला के मोहनियां प्रखंड अंतर्गत भिट्टी पंचायत ग्राम कचहरी में पति-पत्नी के के बीच विवाद को निष्पक्ष रूप से किया गया निष्पादित। आपको बताते चलें कि विगत दिनों भिट्टी ग्राम वासी एक महिला ने, पति द्वारा प्रताड़ित करने व मारपीट करने का मामला ग्राम कचहरी के समक्ष उठाते हुए, आवेदन के माध्यम से न्याय का गुहार लगाया था। जिस संदर्भ में ग्राम कचहरी के द्वारा दोनों पक्षों को शनिवार के दिन ग्राम कचहरी में उपस्थित होने हेतु नोटिस निर्गत किया गया था। जिसके तहत दोनों पक्ष ग्राम कचहरी में उपस्थित हुए। दोनों पक्षों की बातों को निष्पक्ष रूप से सुनते हुए पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि रमेश कुमार सिंह, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि परमहंस सिंह, पंचायत के सचिव प्रतिनिधि शैलेंद्र श्रीवास्तव व पंचायत के उपस्थित पंचों के साथ ही गणमानित सदस्यों के द्वारा मामले को निष्पक्ष रूप से निष्पादित किया गया। वही उपस्थित सम्मानित महानुभावों के समक्ष, दोनों पक्षों द्वारा मिल जुल कर रहने व भविष्य में आपसी विवाद न करने की वचनबद्धता प्रदान किया गया।

बैठक | वैज्ञानिकों के इस उपलब्धि से पूरा देश गौरवान्वित महसूस कर रहा है

## मिशन चंद्रयान की सफलता को लेकर जिला परिषद सदस्य ने बैठक में वैज्ञानिकों को दिया बधाई



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)** दुर्गावती भाग 2 के जिला परिषद सदस्य दीपक यादव के द्वारा जिला परिषद समीती की बैठक में मिशन चंद्रयान के सफलता को लेकर वैज्ञानिकों को बधाई दिया गया। वहीं उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों के इस उपलब्धि से जहां पूरा देश गौरवान्वित महसूस कर रहा है वही विश्व के सभी देश भारत के इस सफलता को लेकर सराहना कर रहे हैं। बताते चलें कि दिन शनिवार को जिला परिषद कार्यालय भभुआ में जिला परिषद समिति की बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें पहुंचे दुर्गावती भाग 2 के जिला परिषद सदस्य दीपक यादव के द्वारा अपने संबोधन में चंद्रयान की सफलता को लेकर देश के वैज्ञानिकों को बधाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। बताते चले की दीपक यादव कैमूर जिले के सभी जिला परिषद सदस्यों में सबसे कम उम्र के नौजवान जिला परिषद सदस्य हैं जिनके द्वारा अपने क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। युवा होने के नाते युवाओं को लेकर उनकी काफी पहल रहती है । जिला परिषद सदस्य दीपक यादव एक युवा है। जिनके अंदर समाज सेवा का जोश भरा हुआ है और लोगों की सेवा में रात दिन तत्पर रहते हुए अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। इसी क्रम में जब जिला परिषद समिति की बैठक आयोजित की गई तो युवा होने के नाते मिशन चंद्रयान की सफलता को लेकर लोगों के बीच जो उत्साह दिख रहा है । उस अंतरात्मा की आवाज को वे रोक नहीं पाए और समिति की बैठक में ही मिशन चंद्रयान के सफल परीक्षण को लेकर वैज्ञानिकों को बधाई और शुभकामना दिया। इससे प्रतीत होता है कि देश के युवाओं की सोच की तरह जिला परिषद सदस्य दीपक यादव भी सोच रखते हैं कि आज देश के वैज्ञानिक जिस तरक्की के मुकाम पर पहुंच रहे है उसे नकारा नहीं जा सकता है। हमारे देश के वैज्ञानिक अपने अथक प्रयास से देश का नाम रौशन कर रहे हैं । वही देश को एक नई उंचाई और उपलब्धि भी दिलाने का काम कर रहे हैं।

# कैमूर के टॉप 10 में शामिल दो अपराधियों को कैमूर पुलिस ने किया गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर सदर, (कैमूर) भभुआं।** पुलिस के द्वारा टॉप 10 अपराध कर्मियों में शामिल 2 अपराधियों को कैमूर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है । जिसमें एक अपराधी त्रिची गैंग तिरुचिरापल्ली तमिलनाडु का सरगना है। बताया गया कि त्रिची गैंग के एक अपराधी तमिलनाडु राज्य के तिरुचिरापल्ली जिला अंतर्गत रामजीनगर थाना क्षेत्र के गांधीनगर गांव निवासी दरमर के पुत्र कुमरेसन बताया जाता है। प्रेसवार्ता कर कैमूर एसपी ललित मोहन शर्मा ने बताया कि यह अपराधी वर्ष 2016 में मोहनिया स्थित बैंक आफ इंडिया में डकैती कांड में वांछित था जिसे कैमूर पुलिस के टॉप 10 की सूची में शामिल किया गया था। घटना के बाद कांड का उद्वेदन करते हुए 47 लख रुपए की राशि पुलिस के द्वारा उसी समय बरामद किया गया था तथा एक अपराधी तमिलनाडु राज्य के तिरुचिरापल्ली जिला अंतर्गत सोमारापीरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कुनगानुर श्रीरंगमथलुख गांव निवासी काशी उर्फ बालकृष्णन के पुत्र सुरेश कुमार जेल भेजा गया था। उसके बाद से कांड के शेष वांछीत 6 अपराधी आज तक फरार चल रहे थे। गिरफ्तारी के पूछताछ के क्रम में बताया कि तमिलनाडु में 100 से 200 अपराधी हैं जो पुरे देश में घूम घूम कर अपराध करते हैं। जबकि दूसरा कैमूर पुलिस के अन्य टीम द्वारा टाप 10 में शामिल भभुआ थाना क्षेत्र के वरुणा गांव निवासी रामदेव बिना के पुत्र बसंत बिना को चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2003 में लूट कांड का मुख्य अभियुक्त था। जो लगभग 20 वर्षों से हैदराबाद में छिपकर रह रहा था इसकी जानकारी पुलिस को प्राप्त हुई तो एक टीम को हैदराबाद भेजा गया जहां पर छापेमारी की गई तो ये नहीं मिला। बाद में यह भागकर भभुआ आया तो इसकी सूचना मिलने पर भभुआ रोड स्टेशन से गिरफ्तार किया गया है। जहां दोनों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जा रहा है। कैमूर पुलिस टीम को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## ख़ास ख़बर

### सिद्धपीठ पर 22 सितम्बर को मनाया जाएगा महामंडलेश्वर भवानीनंदन यति जी महाराज का जन्मोत्सव



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, गाजीपुर**। सिद्धपीठ हथियाराम मठ के पीठाधीश्वर व जूना अखाड़ा के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनंदन यति जी महाराज का आविर्भाव दिवस "जन्मोत्सव" आगामी 22 सितंबर दिन शुक्रवार को सिद्धपीठ हथियाराम मठ पर मनाया जाएगा।सिद्धपीठ द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि राधाष्टमी 22 सितंबर को प्रातः 8:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक पूजन अर्चन कर जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर देश के कोने-कोने से सिद्धपीठ से जुड़े शिष्य श्रद्धालु अपने गुरु श्री यति जी महाराज का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद ग्रहण करेंगे। गौरतलब हो कि अभी सिद्धपीठ हथियाराम मठ पर पिछले तीन माह से अनवरत चातुर्मास महाअनुष्ठान चल रहा है।

### बिजली केबल टूट कर छात्र पर गिरने से हुई दर्दनाक मौत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश सोनी, दुल्लहपुर गाजीपुर**। दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के दामोदरपुर गांव में आज सुबह 8:00 बजे अंशु कुमारी 13 वर्षीय कक्षा 8 की छात्रा अपने घर की बर्तन धोने के लिए बाल्टी में पानी भरकर जैसे बर्तन के पास आई ऊपर से गुजर रही बिजली का केवल टूट कर अंशु कुमारी के शरीर ऊपर गिर गया । मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।मौत से पूरे गांव में सनसनी फैल गई।तत्काल लोगों ने पुलिस को सूचना दी । पुलिस ने शव को पीएम को लेकर भेजा। मृतक अंशु कुमारी पुत्री रामअवध राम मेहनत मजदूरी करके किसी करें अपने बच्चों का जीविका चलाते थे लेकिन काफी दिनों से गंभीर बीमारी के चलते खाट पर पड़े हुए। मृतक की मां शारदा देवी 2 वर्ष पूर्व गभीर बीमारी के चलते मौत हो जाने से सारे बच्चे अनाथ हो गए थे किसी तरह पट्टीदारों ने भरण पोषण करते थे। मृतक अंशु कुमारी एक भाई चार बहनों में सबसे छोटी थी तीन बहनों की शादी हो चुकी है।

### नवागत जिलाध्यक्ष सुनील सिंह को करंडा आईटी सेल संयोजक मनचंदा उपाध्याय ने दी बधाई, कहा नये जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जीतेगें लोकसभा चुनाव 2024



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर**। करंडा मंडल के आईटी सेल संयोजक मनचंदा उपाध्याय ने कहा की नए जिलाध्यक्ष सुनील सिंह जी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाए। सुनील सिंह बहुत मिलनसार स्वभाव के नेता है, सबके दुःख ,सुख में अगले पायदान पर खड़े रहते है , और जिलाध्यक्ष बनाने के बाद भी रहेंगे , संयोजक मनचंदा उपाध्याय ने बताया कि सुनील सिंह के नेतृत्व में भाजपा का संगठन और मजबूत होकर बुलंदी पर भगवा लहरायेगा। उन्होने कहा कि सुनील सिंह बूथ से लेकर जिला संगठन और जिला से लेकर प्रदेश संगठन में कार्य कर चुके है, और उनके पास करीब तीन दशको का भाजपा और संघ में कार्य करने का अनुभव है हमें विश्वास है कि नये कार्यकर्ताओ को आगे बढने का मौका मिलेगा। उन्होने बताया कि सुनील सिंह के नेतृत्व में भाजपा मिशन 2024 को जीतेंगी।

### इंदल बाबा के समाधि पर संजय सिंह ने किया दर्शन-पूजन



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर**। शहर के कचहरी स्थित इंदल बाबा के समाधि पर शनिवार को सर्वेश्वरी समूह के संजय सिंह ने पुष्प अर्पित कर दर्शन-पूजन किया। इस अवसर पर संजय सिंह ने बताया कि गाजीपुर अलौकिक संतों की नगरी है जहां पर महर्षि विश्वामित्र, भगवान परशुराम, मौनी बाबा, कर्ण ऋषि, अघोर पंत के संस्थापक कीनाराम बाबा, आदि संतो की तपोस्थली रही है। बाबा इंदल अघोर सम्प्रदाय के साधू थे। आज ही के दिन वह ब्रह्मलीन हुए थे। इस अवसर पर हजारों भक्तगण बाबा इंल के समाधि पर दर्शन-पूजन करते हैं। इस अवसर पर भंडारा का भी आयोजन होता है। जिसमे हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस मौके पर श्यामकिशोर सिंह, गोविंद श्रीवास्तव, जेपी यादव आदि लोग उपस्थित थे।

# सीएम से शिकायत के बाद महादेव हास्पिटल पर छापेमारी




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे्र गाजीपुर**। सीएम से शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शुक्रवार को सादात थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेव हॉस्पिटल पर छापेमारी किया। लेकिन तू डाल-डाल तो मैं पात पात हास्पिटल संचालक को छापेमारी से पहले ही भनक लग गई और हास्पिटल बंद कर फरार हो गया। सूत्रों की मानें तो सीएमओ आफिस से ही सूचनाएं लिक हो जाती है कि साहब आज यहां जा रहे हैं। महादेव हास्पिटल पर स्वास्थ्य विभाग की पहुंची टीम ने जब शिकायतकर्ता से संपर्क किया। सीएमओ आफिस के प्रमोद बाबू ने शिकायत कर्ता से कहां कि यहां के लोग कह रहे हैं कि महादेव हास्पिटल पिछले पांच से छः महीनों से बंद है। सोचने की बात तो यह है कि महादेव हास्पिटल अभी बुधवार और गुरुवार को भी खुला था। लेकिन प्रमोद बाबू ने तो एक बयान ही उल्टा दे दिया जब शिकायतकर्ता ने कहा कि आप लोग किसी बड़ी घटना का इंतजार करते हैं जब घटना घट जाती है तब कार्यवाही करते हैं तो प्रमोद बाबू ने कहां कि बीएचयू में मरीज नहीं मरते हैं क्या? उसी दौरान शिकायतकर्ता ने कहा कि यह शब्द आप के मुंह से शोभा नहीं देता है। आपकी काल रिकार्ड हो रही है। सूत्रों की मानें तो स्वास्थ विभाग के टीम ने महादेव हास्पिटल की फोटो खींचकर चली गई लेकिन अब देखना यह होगा कि किस तरह की कार्यवाही किया जाता है।

**आइए जानते हैं पूरा मामला** : पीड़ित ने हास्पिटल संचालक पर दबाव बनाकर समझौता करने का गंभीर आरोप लगाया है। कुछ लोगों ने सीएम से शिकायत कर हास्पिटल बंद होने की मांग किया है। बताते चलें कि ओड़ासन गांव निवासिनी पुष्पा बनवासी (25) पत्नी मनोज बनवासी जो एक बच्चे की मां है।वायरल वीडियो में पीड़ित ने आरोप लगाते हुए बताया कि मेरे पत्नी को अचानक बाथरूम के रास्ते से लैट्रिन होने लगा तो मनोज बनवासी ने महादेव हॉस्पिटल में दिखाया महादेव हॉस्पिटल के डॉक्टर ने कहा कि पच्चीस हजार रुपए में हम ठेका ले रहे हैं ठीक कर देंगे। लेकिन ऑपरेशन के एक सप्ताह बाद भी हालत वही रहा तो महादेव हॉस्पिटल के संचालक ने इन्हें वाराणसी के किसी प्राइवेट हॉस्पिटल को बताया उन्होंने कहा कि मेरे भाई का हास्पिटल है। वहां जाइए आपका ऑपरेशन हो जाएगा लेकिन वहां जाने पर भी तीन बार ऑपरेशन हुआ पच्चास हजार रुपए लगा। पुष्पा की हालत और सीरियस होती गई तो कहां जांच करवाने के लिए जांच के लिए पास पैसे नहीं थे बिना कागज बिना लिखा पड़ी इसको वापस कर दिए। पीड़ित ने बताया कि घर चला आया फिर जाकर के महादेव हॉस्पिटल पर कहा कि आप हमसे पैसा लिए और हमारा मरीज ठीक नहीं हो रहा है हमारा इलाज कराओ या हमें पच्चास हजार रुपए दीजिए मैं जाकर इलाज कराता हूं तो अस्पताल संचालक ने धमकी देते हुए भगा दिया मैं तुम्हें पहचानता नहीं हूं। उन्होंने कहा कि जब पहचानते नहीं हो तो घर क्यों दौड़ रहे हो दबाव डलवा रहे हो धमकी दिलवा रहे हो ।

## प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत मिशन की उड़ाई जा रही है धज्जियां



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे शादियाबाद**। गाज़ीपुर शादियाबाद थाने के ठीक सामने कूड़े कचड़े का अंबार दे रहा बड़ी बीमारियों को दावत वहा से गुजरना लोगो का दुस्वार हो गया है। बगल मे ही सरकारी प्राईमरी स्कूल हैं जिसमें छोटे छोटे बच्चे पढ़ने जाते है। जिनको अनेकों बीमारियों का डर बना रहता है एक तरफ जहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छ भारत मिशन योजना को लेकर अनेकों कदम उठा रहे है वही शादियाबाद थाने के ठीक सामने कूड़े का अंबार जमा रहता है। मिशन स्वच्छता को लेकर जहा देश के प्रधानमंत्री हमेशा स्वच्छता को लेकर गंभीर रहते है। वही इस दृश्य को देखने के बाद कई सवाल खड़ा हो जाता है। स्वास्थ्य से संबंधित हो या अन्य तमाम जैसे बीमारियां हैं जिसे इंफेक्शन हो सकता है इन्हीं सब चीजों के वजह से आम गरीब लोगों को यह सब परेशानियों का सामना करना पड़ता है लगातार स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक स्वास्थ्य को लेकर कड़े तेवर में नजर आते है मगर उनका तेवर विफल नजर आ रहा है। कुछ दिन पहले ही थाना प्रभारी सत्येंद्र राय ने पद भार संभालते ही पूरा साफ सफाई कराया था अभी उसको साफ किए हुवे एक माह भी नही गुजरा की फिर से कूड़े का अंबार लग गया है।

### प्रधान प्रतिनिधि को एमएलसी रामसूरत राजभर के जिला प्रतिनिधि नामित होने पर लोगों में खुशी का लहर



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश सोनी,दुल्लहपुर गाजीपुर** । दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के धर्मागतपुर के प्रधान प्रतिनिधि संजय राजभर को भाजपा एमएलसी रामसूरत राजभर ने संजय राजभर को गाजीपुर का प्रतिनिधि नामित किया जिसको लेकर क्षेत्र के लोगों में खुशी का लहर है। इस मौके पर धर्मागतपुर गांव में आवास पर पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुराहू राजभर व बीजेपी के नेताओं ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया ।इस मौके पर भाजपा की वरिष्ठ नेता मुराहू राजभर ने कहा कि भाजपा हर पिछड़ी अगड़े को पहचानती है सबको साथ में लेकर चलती है। एमएलसी रामसूरत राजभर ने जो कार्य गाजीपुर के लिए किया है काफी तारीफ के योग्य है जो धर्मागतपुर प्रधान प्रतिनिधि संजय राजभर को यह दायित्व सौंपा।संजय लगातार जिले में प्रदेश में समाज में चलने का कार्य किया जिसका नतीजा रहा कि आज एमएलसी का जिला प्रतिनिधि गाजीपुर नामित किया गया साथ ही गाजीपुर के एमएलसी का सारे कार्यभार संजय राजभर देखेंगे। समाजसेवी मुंशी चौहान ने कहा कि संजय राजभर लगातार गांव में हर लोगों से मिलजुल कर साथ चलने का कार्य किया जिसके चलते एमएलसी द्वारा जिला प्रतिनिधि बनाया गया क्षेत्र के जिले के लिए विकास के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की उमड़ी भीड़




**दैनिक शुभ भास्कर,संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर**। जखनिया संपूर्ण समाधान दिवस पर आज दस बजे एसडीएम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम में डीएम एसपी के आने के सूचना पर फरियादीओ का भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही फरियादी आवेदन लेकर लाइन में लग गए। 11:00 बजे मुख्य विकास अधिकारी, 11:20 डीपीआरओ पहुंचे।11.30पर डीएम एसपी ने पहुंचे और सभागार में फरियादीओ का फरियाद सुने तथा संबंधित अधिकारी को निस्तारण के लिए प्रेषित किए।मातहत अधिकारी भी समय से तहसील पर पहुंचे।अधिकांश मामले राजस्व से संबंधित रही।शादियाबाद मुबारक पुर गांव के आधे दर्जन महिलाओं निशा, प्रमिला, ज्योति, सरोजन, सावित्री ,सरस्वती ने पीएम आवास के लिए आवेदन देकर बताया कि काफी दिनों से कच्चा मकान में गुजर बसर करते थे वह भी गिर गई।स्कूल में शरण लिए थे लेकिन उसमे से निकाल दिए अब खुले आसमान के नीचे रहने को विवश है।रामपुर बलभद्र निवासी दुर्गा पाण्डेय ने बताया कि हमारी पुश्तैनी रास्ता से आते जाते थे लेकिन जखनिया एसडीएम ने रास्ता बंद करने का फैसला विपक्षियों के पक्ष में सुनाया है जिससे डीएम से न्याय की गुहार लगाई। रेहटी मालीपुर गांव में नाली पर अतिक्रमण होने से बारिश और नाली का पानी रास्ता पर इकट्ठा होने से राजगीरो को काफी परेशानी होती है।इसको लेकर दर्जनों बार खंड विकास अधिकारी सहित सीएम पोर्टल पर शिकायती पत्र भेजकर अवगत कराया लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। छत्रमां गांव निवासी बुजुर्ग दिव्यांग रामू राजभर ने चार वर्षो से भूमि को पैमाईश के लिए आवेदन दर्जनों बार दिया लेकिन आज तक पैमाईश करने कोई नहीं गया।आज डीएम साहिबा से अवगत कराने के लिए जैसे ही तहसील सभागार में पहुंचा वैसे ही कानूनगो और लेखपाल ने आवेदन छीन लिया और आश्वासन दिए की तीन दिन बाद पैमाईश कर देगे।लेकिन पीड़ित को भरोसा नही है।यही नहीं काफी लोगो का आवेदन डीएम साहिबा के पास पहुंचने से पहले आवेदन ले लिए और सुनवाई का आश्वासन दिए।1.50पर फरियादीओ की लंबी कतार के बावजूद डीएम एसपी सहित अन्य अधिकारी सभागार से चले गए।दूर दराज से आए लोगो में दिखी मायूसी।

### उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता मे आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या, जमानियां**। तहसील सभागार में एसडीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। एसडीएम ने संबंधित विभाग अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। शनिवार को उपजिला मजिस्ट्रेट डा, हर्षिता तिवारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएम ने जन समस्याओं के निस्तारण करने को अधिकारियों को पहली प्राथमिकता देने के निर्देश दिये। मौके पर कुल 43 शिकायतें आयीं। जिनमें राजस्व से 09. पुलिस से 05. विकास से 14. आपूर्ति 06. डूडा 02. विद्युत 01. बाल विकास 01.नगर पालिका 01. कृषि 01.सिंचाई 01. जल निगम 01. बैंक01 शिकायतें पड़े। मौके पर मात्र 4 शिकायतों का निस्तारण ही हो पाया। लंबित शिकायतों को उपजिलाधिकारी ने संबंधित विभाग अधिकारियों को समय से निस्तारण करने के निर्देश दिये।उक्त मौके पर क्षेत्राधिकारी विधि भूषण मौर्य के अलावा संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी

### मेरी माटी- मेरा देश अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत स्टेशन बाजार में अमृत कलश यात्रा में भाग लेकर घर-घर जाकर मिट्टी व चावल संग्रहीत किए गए



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या, जमानिया**। मेरी माटी- मेरा देश अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत स्टेशन बाजार में अमृत कलश यात्रा में भाग लेकर घर-घर जाकर मिट्टी व चावल संग्रहीत किए गए। शनिवार को नपा चेयरमैन जयप्रकाश गुप्ता अमृत कशल यात्रा में शामिल हुए और कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान अमृत काल में देश के विकसित भारत का संकल्प लेकर आगे बढ़ने का आह्वान है। उन्होंने कहा कि सर्व सहयोग की मंशा से ही भाजपा की ओर से ''मेरी माटी मेरा देश'' अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें हर आंगन से मिट्टी और चावल एकत्र किए जा रहे हैं। यह अभियान नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनेगा। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता,विधानसभा संयोजक आईटी सेल संजीत यादव,किसान मोर्चा के अध्यक्ष जितेंद्र यादव, महामंत्री राहुल वर्मा,मनीष यादव, शाहिद नियाजी, सुरेंद्र साहू आदि लोग मौजूद रहें।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला की हुई मौत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या, जमानियाँ (गाजीपुर)**। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खडैचा के सिवान में शनिवार की शाम करीब 5:30 बजे आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खडैचा ग्राम निवासी रमंती देवी (50) पत्नी सुभाष बिन्द शाम को सिवान में घास काटने गई थी। उसी दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई। जिससे मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुँचे लेकिन तब प्राण पखेरू उड़ गये थे।

### जखनिया में चोरी की घटनाओं से लोग हैं परेशान कब किसका बाइक व साइकिल पर चोर बना दे निशान



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता, सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर** । भुडकुड़ा थाना क्षेत्र के जखनिया बाजार में सरेआम चोरी की घटनाओं से लोगो में दहशत ।अभी जखनियां तहसील से गौसपुर बुजुर्गा गांव निवासी मनोज यादव का बाइक तहसील गेट से चोरी हुई थी तथा आज जखनिया बाजार में स्थित गोकुल स्वीट हाउस के पास डॉक्टर बी आर अंबेडकर डिग्री कॉलेज की बीएससी की छात्रा प्रियंका कुमारी और आकांक्षा कुमारी साइकिल खड़ा कर मिष्ठान खाने के बाद जैसे ही वापस आया साइकिल गायब हो गई ।तत्काल मौके पर लोगों के भीड़ इकट्ठा हो गई इस सिलसिले में भीम आर्मी के वरिष्ठ नेता गोरखनाथ बौद्ध ने कहा कि जखनिया बाजार में चोरी घटनाओं से व्यापारी सहित आम जनता दहशत में है की कब किसका बाइक व साइकिल चोरी हो जाए कहां नहीं जा सकता है।

धरना | सड़क को लेकर जमकर शासन प्रशासन द्वारा उपेक्षा का शिकार को लेकर निंदा की

## जर्जर सड़क को लेकर मातृभूमि संगठन का हुआ तहसील परिसर में धरना , डीएम के आश्वासन पर समाप्त



**दैनिक शुभ भास्कर ,संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर**। जखनियां तहसील के समस्त सड़क जर्जर होने से राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था ।जिसको लेकर आज मातृभूमि संगठन के संरक्षक नीरज सिंह अजेय के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने आज जखनियां तहसील के मंदिर पर सुबह 10:00 बजे से ही धरना प्रदर्शन बैठ गए और लगातार सड़क को लेकर जमकर शासन प्रशासन द्वारा उपेक्षा का शिकार को लेकर जमकर निंदा की। इसके बाद संगठन के पांच प्रतिनिधि मंडल ने तहसील सभागार में पहुंचकर डीएम को 5 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा ।जिसमें डीएम ने तत्काल पीडब्ल्यूडी के अधिकांश अभियंता शशिपाल बौद्ध और खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम को तलब कर मांग पूरा करने का निर्देश दिए। इस मौके पर तत्काल अधिशांसी अभियंता और खंड विकास अधिकारी धरना पर पहुंचकर माइक से आश्वासन दिया कि कल से ही सड़क के गड्ढे पाटने का कार्य किया जाएगा साथ अक्टूबर माह से पक्की कार्य भी होगा ।वही खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम ने जखनिया के नाली की साफ सफाई और दवा छिड़काव का आश्वासन दिए ।इस मौके पर मातृभूमि संगठन के अध्यक्ष आरिफ अंसारी, मुकेश मौर्य,अजय विक्रम सिंह, राम जी मिश्रा ,आशुतोष सिंह, जितेंद्र तिवारी, वेद पांडे ,आनंद यादव, गंभीर यादव ,अमन सिंह ,विवेक वर्मा, दिव्यांग संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश राम ,सत्यम चौबे ,निखिल सेठ, विशाल सिंह ,राकेश तिवारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# विजिलेंस की मॉर्निंग रेड में 40 पर एफआईआर,शहर में मची खलबली



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर** । विद्युत वितरण खण्ड द्युतीय आमघाट से संबंधित शहर क्षेत्र के आमघाट, चंपियाबाग, ददरीघाट, मछली बाजार, बरबरहाना, टाउन हाल, विशेषवरगंज, महुवाबाग में भोर के 2 बजे से सुबह 9 बजे तक अधिशाषी अभियंता सुजीत सिंह के नेतृत्व में बिजीलेंस टीम के साथ मिलकर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमे हाईप्रोफाइल कटियामार लोगो के खिलाफ जैसे राइनी कटरा महुवाबाग में मकान मालिक के द्वारा 16 एमएम केबिल से अलग तरीके से कटिया डालकर विद्युत उपभोग करते हुवे मौके पर पकड़ा गया। वही सहायक अभियंता सुधीर कुमार ने बताया कि शहर क्षेत्र के लगभग दर्जनों मुहल्लो में कटियामारो के खिलाफ कांबिंग की गई बराबर शहर की ट्रांसफार्मर ओवर लोडेड होना,जलना आम बात हो गई थी जिसमे हम लोग विद्युत सप्लाई सुचारू रूप से चलाने को लेकर काफी परेशान हो रही थे जिसमे जो सही विद्युत उपभोक्ता है बराबर ऐसे लोगो की शिकायत खंडीय ऑफिस में करते थे जो हम लोग टीम गठित किए और रात्रि 2 बजे लगभग रेड डाले तो वाकई चोरी पकड़ी गई जिसमे कुल 40 लोगो को चोरी से मीटर बाईपास करके विद्युत उपभोग करते हुवे पकड़ा गया जो सभी लोगो के खिलाफ विजिलेंस थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई वही महुवाबाग राइनी कटरे में रेड डाली गई जिसमे लगभग 12 किलोवाट की विद्युत चोरी कटिया डालकर की जा रही थी मकान मालिक के द्वारा जिस पर मौके पर विद्युत चोरी,राजस्व हानि पर मुकदमा दर्ज किया गया। वही सभी लोगो के खिलाफ जल्द से जल्द राजस्व निर्धारण बनाकर राजस्व हानि के रूप में भेजा जाएगा। आगे उन्होंने यह भी सख्त निर्देश देते हुए बताया कि जो भी कटिया मारकर मीटर बाईपास करके विद्युत उपभोग कर रहे हैं सबकी शिकायत डिवीजन ऑफिस में नोट की जा रही है जल्द ही फिर मॉर्निंग रेड की जाएगी और पकड़े जाने पर राजस्व हानि के रूप में अधिक से अधिक जुर्माना लगाया जाएगा एवं विद्युत चोरी में एफआईआर दर्ज की जाएगी। चेकिंग टीम में विजिलेंस इस्पेक्टर धनंजय सिंह,विजिलेंस जेई अजय कुमार,कांस्टेबल अवधेश सिंह,आशुतोष दीक्षित,दीपक मिश्रा रौजा जेई अश्वनी पटेल सहित क्षेत्रीय लाइनमैन शामिल रहे।

## ख़ास ख़बर

### नवनिर्मित ईट सोलिंग सड़क का उद्घाटन विधान पार्षद व मेयर ने किया



**दैनिक शुभ भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 25 खनकाह मोहल्ला में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत लगभग 2 लाख 70 हजार रुपए की राशि से विधान पार्षद अशोक अग्रवाल के विधान परिषद कोष से अनुशंसा सड़क निर्माण एवं मिट्टी भराई कार्य का उद्घाटन विधान पार्षद व महापौर उषा देवी अग्रवाल एवं स्थानीय निगम पार्षद के द्वारा किया गया। विधान पार्षद ने इस उद्घाटन समारोह में बताया कि शहर से लेकर गांव तक लगातार सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इसी कड़ी में खनकाह मोहल्ले के रहने वाले लोगों के द्वारा सड़क नहीं रहने की समस्या से उन्हें अवगत कराया गया था। लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके विधान परिषद कोष से ईट सोलिंग सड़क व मिटटी भराई कार्य योजना पारित किया गया था और यह सड़क आज बनकर तैयार हो चुकी है। सड़क बनना लोगों की प्रमुख समस्या थी। इस सड़क के बन जाने से अब लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। महापौर उषा देवी अग्रवाल ने बताया कि खनकाह में और भी कई सारी सड़कें हैं। जिसे नगर निगम के द्वारा बनाने की प्रक्रिया चल रही है। जिससे यहां के लोगों को सड़क एवं नालों की समस्याओं से निजात मिल सके। नगर निगम लगातार शहर की सभी कच्ची सड़कों का निर्माण के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। जिसका फल आने वाले समय में शहर वासियों को अवश्य ही मिलेगा। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता चंद्रभूषण ठाकुर, स्थानीय निगम पार्षद कैलाश शर्मा, रमेश महतो, सुमन श्रीवास्तव, विनय सिंह, मनोज सरकार एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### लॉटरी के अवैध धंधे में संलिप्त आरोपी को नाला पुलिस ने किया गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/ जामताड़ा।** लॉटरी के अवैध धंधे के आरोप में नाला पुलिस ने छापामारी कर दलाबड़ गांव से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में नाला थाना प्रभारी महेश मुंडा ने जानकारी दी ।उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर छापामारी की गई। इस दौरान दलाबड़ गांव के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि छापामारी के दौरान इसके पास से नागालैंड स्टेट का डियर टोकन कंपनी का लॉटरी टिकट 100 सेम का जो लॉटरी की टिकट मूल्य 4500 रुपए की। नागालैंड स्टेट डियर जमुना कंपनी का 100 सेम का 10 लॉटरी टिकट जिसकी कीमत 5000। नागालैंड स्टेट का डियर नर्मदा कंपनी का लॉटरी टिकट 100 सेम का 7 लॉटरी जिसका मूल्य 3500 रुपए। सैमसंग कंपनी का एंड्राइड मोबाइल तथा पेट के पॉकेट से 2000 नकद राशि बरामद किया गया है। इसके अलावा उसी गांव के एक अन्य आरोपी के घर में तलाशी लिया गया। जिसके घर से भी3000, 550, 655 तथा 740 रुपए का लॉटरी टिकट बरामद किया गया। इसके अलावे वीवो कंपनी का एंड्राइड मोबाइल सेट भी जप्त किया गया है। कुल मिलाकर इस छापामारी में 18565 रुपए का लॉटरी, 2000 नगद, दो मोबाइल सेट ,दो मोटरसाइकिल जब्त किया गया।

### जामताड़ा के नए सीओ अबिश्वर मुर्मू ने संभाला कामकाज



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** सदर प्रखंड जामताड़ा अंचल कार्यालय में शनिवार को जामताड़ा अंचल के नये अंचलाधिकारी अबिश्वर मुर्मू ने योगदान दिया। निवर्तमान अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने उन्हें बुके देकर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए प्रभार सौंपा। इस अवसर पर निवर्तमान अंचल अधिकारी मनोज कुमार ने नए अंचल अधिकारी अबिश्वर मुर्मू को अंचल कार्यालय में पदस्थापित सभी कर्मचारियों के साथ परिचय भी करवाया। नवपदस्थापित अंचलाधिकारी अबिश्वर मुर्मू ने पदभार संभालने के बाद बताया कि क्षेत्र के लोगों के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए वैधानिक तरीके से कार्य करुंगा। साथ ही उन्होंने कहा कि आंचल में आए फरियादियों की हर हाल में फरियाद सुनकर उनके शिकायत का नियम सम्मत निराकरण किया जाएगा। बताया कि उनका ध्यान आंचल की सेवाओं को लाभार्थियों तक ससमय पहुंचने का भरपूर प्रयास करना होगा। जामताड़ा में इनका पहला पोस्टिंग है।

### शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मधुपुर में मासिक बुजुर्ग दिवस का हुआ आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** मधुपुर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मधुपुर में मासिक बुजुर्ग दिवस का आयोजन डॉ संजय कुमार के द्वारा किया गया। जिसमें 33 बुजुर्ग का स्वास्थ्य जाँच किया गया जिसमें बीपी शुगर और हीमोग्लोबिन की जांच किया गया एवं सभी को निःशुल्क दवा दिया गया तथा स्वास्थ्य कर्मी नीरज यादव के द्वारा मलेरिया, डेंगू,तथा मौसम संबंधित बीमारी से बचने की जानकारी दी गई। मौके पर विधायक स्वास्थ्य प्रतिनिधि मो0 शाहिद उपस्थित थे।

# अपराध के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस

## अपराध के 24 घंटे के अंदर अपराधी सलाखों के पीछे



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** अपराध को रोकना मुश्किल हो सकता है लेकिन अपराध घटित होने के 24 घंटे के अंदर अपराधी की गिरफ्तारी जामताड़ा पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी का जरायमपेशा लोगों के लिए जीरो टॉलरेंस का सख़्त संदेश है। उनके क्षेत्र में अपराधी अपराध से तौबा कर लें अन्यथा उनकी जगह सलाखों के पीछे होगी। विदित हो कि 15 सितम्बर शुक्रवार को अज्ञात चोरों द्वारा फतेहपुर थाना क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसे पुलिस अधीक्षक जामताड़ा के कुशल नेतृत्व में 24 घंटे के अंदर उद्भेदन करते हुए पांच अपराधी की गिरफ्तारी भी की गई है। इस बाबत जानकारी देने के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस का अयोजन किया गया है। उक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने बताया कि दो सितंबर को फतेहपुर थाना अन्तर्गत वादी आलोक कुमार मुर्मू, पिता गामेश्वर मुर्मू, ग्राम आगेया, थाना फतेहपुर, जिला- जामताड़ा के आगया स्थित घर से अज्ञात चोरों के द्वारा स्टील का पंलग एवं - मोटरसाईकिल बजाज प्लेटिना 100ई एक्स चोरी कर लिया गया था। इस संबंध में आलोक कुमार मुर्मू, पिता - गामेश्वर मुर्मू, ग्राम आगैया, थाना फतेहपुर, जिला- जामताड़ा के द्वारा लिखित आवेदन के आधार पर अज्ञात चोरो के - विरुद्ध फतेहपुर थाना काण्ड संख्या - 27/2023, दिनांक- 15.09.2023, धारा 380 / 454 भादवि अंकित किया गया। वहीं काण्ड अनुसंधान के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एक टिम का गठन किया गया। जिसमें पु०अ०नि० आलोक कुमार (थाना प्रभारी), स०अ०नि० फिलिप बरला, स०अ०नि० सुप्रभा लेमुर्मू,स०अ०नि० शेख जियाउर रहमान एवं सशस्त्र बल के द्वारा छापामारी की गयी। छापामारी के क्रम में इस काण्ड में संलिप्त पाँच अपराधकर्मी को 24 घंटों के अंदर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मी के द्वारा अपने सहयोगीयों के साथ उक्त तिथि को घटना घटित करने एवं चोरी की गई मोटरसाईकिल एवं स्टील का पलंग को खरीद-बिक्री की बात स्वीकार की गयी है। तथा इन समानों की बरामदगी भी हो चुकी है। गिरफ्तार अपराधकर्मी में रोहन किस्कू, उम्र करीब 19 वर्ष, पिता निर्मल किस्कू,मानिक राणा, उम्र करीब 30 वर्ष, पिता- स्व० जोगेश्वर राणा, विवेक राणा, उम्र करीब 20 वर्ष, पिता- कार्तिक राणा, तीनों ग्राम- आगैया निवासी हैं। जबकि मैनेजर मुर्मू, उम्र करीब 50 वर्ष, पिता स्व0 चुड़ा मुर्मू, ग्राम- बानरनाचा, गाजाटोला डुमरिपाड़ा निवासी हैं तथा नावीक मंडल, उम्र करीब 32 वर्ष, पिता गोला चन्द्र मंडल, ग्राम जोरडीहा, सभी थाना फतेहपुर, जिला- जामताड़ा के रहने वाले हैं। जब्त सामान गिरफ्तार अपराधकर्मी के निशानदेही पर बरामद की गई। अभियुक्त मैनेजर मुर्मू के घर से मोटरसाईकिल बजाज प्लेटिना 100 ई एक्स बरामद हुई। अभियुक्त मानिक राणा के घर से टीवीएस स्टार सिटी 110 बरामद हुआ। अभियुक्त नावीक के घर से स्टील का पलंग बरामद हुआ। चौबीस घंटे में चोरी की घटना की उद्भेदन करने एवं अपराधियों की गिरफ्तार करने के लिए एसपी अनिमेष नैथानी ने पुलिस पदाधिकारी की मौके पर प्रशंसा की।

## मासिक बुजुर्ग स्वास्थ्य दिवस तथा तनाव मुक्त शिविर आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** मधुपुर स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को सभी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मासिक बुजुर्ग स्वास्थ्य दिवस तथा तनाव मुक्ति शिविर का आयोजन किया जाना है। जिस क्रम में प्रशासक नगर परिषद मधुपुर शिखा कुमारी के आदेशानुसार मधुपुर नगर परिषद क्षेत्र में संचालित अर्बन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर लालगढ़ एवं चांदवारी में शनिवार को मासिक बुजुर्ग स्वास्थ्य दिवस तथा तनाव मुक्ति शिविर वर का आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्य रूप से बुजुर्ग महिला एवं पुरुष के लिए आयोजन किया गया जिसमें उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की जांच की गई। इस शिविर में 100 से अधिक लाभुकों ने भाग लिया जिनमें ज्यादातर मानसिक तनाव ,बीपी ,शुगर आदि के रोगी अधिक पाये गये।जिनका शिविर में काउंसलिंग किया गया साथ ही मुफ्त बीपी ,शुगर ,ऑक्सीजन, हीमोग्लोबिन आदि की भी जांच की गई एवं मुफ्त दवा भी मुहैया कराया गया। बेहतर स्वास्थ्य के लिए अर्बन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में आयोजित योग में भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया गया । प्रत्येक लाभुकों के बीच ओ आर एस का भी वितरण किया गया एवं सभी से नशा मुक्त होने का निवेदन किया गया। इस संचालित स्वास्थ्य शिविर अर्बन हेल्थ वैलनेस सेंटर लालगढ़ एवं चांदवारी में नगर मिशन प्रबंधक विजय कुमार के द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई एवं उपस्थित लाभुकों से शिविर में उपलब्ध सेवाओं के बारे में जाना एवं इस शिविर का अधिक से अधिक लोगों के बीच प्रचार-प्रसार करने का भी अपील किया।

## दो दिवसीय राज्यस्तरीय वार्षिक महिला सम्मेलन का हुआ समापन



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** बावनबीघा में शनिवार को मंगलम सभागार में संवाद द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय वार्षिक महिला सम्मेलन, महिला किसान संगठन की मजबूती और महिलाओं को किसान का दर्जा दिलाने के निर्णय के साथ संपन्न हो गया। मौके पर महिला किसान नेत्री महजबीं परवीन, सुनीता हांसदा, ज्योत्स्ना हांसदा, प्रभा देवी ने कहा कि गांव, पंचायत, प्रखंड, जोन और राज्य स्तर पर महिला किसान संगठन को मजबूत करना है। राज्य स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। सम्मेलन में गांव की सभी महिलाओं को महिला किसान संगठन से जोड़ना, महिलाओं को किसान का दर्जा देने की वकालत करना, जैविक खेती को बढ़ावा देना, पारंपरिक बीजों का संरक्षण और संवर्धन, ग्राम सभा की बैठक महिलाओं की सक्रिय भागीदारी, महिलाओं को रोजगार से जोड़ना, महिला हिंसा के प्रति आवाज उठाना, महिला मुद्दे को लेकर राज्य स्तर पर वकालत करना और सरकारी योजनाओं से महिलाओं को जोड़ने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन का संचालन सुनीता मुर्मू ने किया। मौके पर अबरार ताबिंदा, श्री किसुन, सीमा, मती मुर्मू , अन्ना सोरेन, आनंद मरांडी, पूजा कुमारी, सुनीता हांसदा, बलराम, दिनेश आदि उपस्थित थे। सम्मेलन में मधुपुर, जामताड़ा, दुमका, पालोजोरी, फतेहपुर, इटकी, रांची की महिला किसान शामिल हुई।

## अनुमंडलीय अस्पताल में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर।** अनुमंडलीय अस्पताल प्रांगण में शनिवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन स्थानीय विधायक सह मंत्री प्रतिनिधि शब्बीर हसन, मंत्री स्वास्थ्य प्रतिनिधि मोहम्मद शाहिद, सांसद प्रतिनिधि गुड्डू दुबे, ग्रामीण स्वास्थ्य प्रतिनिधि मोहम्मद अली और अस्पताल उपाधीक्षक डॉ मोहम्मद शाहिद ने दीप प्रज्वलित कर किया।मौके पर सभी चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।अस्पताल उपाधीक्षक ने कहा कि स्वास्थ्य मेला में लोगों को जनरल ओपीडी, मातृ एवं शिशु सुरक्षा ,बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार कल्याण परामर्श ,मोतियाबिंद जांच ,आंख कान गला जांच, दंत चिकित्सा जांच ,पोषण परामर्श ,आईसीटीसी जांच, कुष्ठ एवं टीवी नियंत्रण जांच, वेक्टर जनित रोग जांच, अंधापन की रोकथाम की जांच ,कैंसर नियंत्रण जागरूकता सहित आयुष चिकित्सा की व्यवस्था है। जिसमें मरीजों ने कतारबद्ध होकर अपना इलाज कराया। स्वास्थ्य मेला में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के कुल 205 जनरल ओपीडी के तहत चिकित्सीय लाभ लिया। वही नेत्र विभाग के द्वारा 69 मरीजों का स्क्रीनिंग किया गया है। वही शिशु एवं किशोरी स्वास्थ्य से 31, मातृत्व शिशु सुरक्षा विभाग से 63, लैब में 38, टीवी के 21, एनसीडी जांच 37, आईसीटीसी जांच 65, दंत विभाग में 63, परिवार कल्याण परामर्श 49 एवं 29 बच्चों का टीकाकरण, वही वेक्टर बोर्न डिजीज के तहत मलेरिया,फाइलेरिया ,डेंगू ,कालाजार, जापानी इंसेफेलाइटिस संबंधित आईईसी प्रदर्शित करते हुए 86 लोगों को विस्तार पूर्वक जांच, इलाज एवं बचाव संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही पारा चेक के द्वारा 21 व्यक्तियों का जांच भी किया गया और पंपलेट वितरण किया गया। आयुष चिकित्सा के तहत 84 लोगों का इलाज किया गया। सभी मरीजों को निशुल्क दवा और जांच दिया गया। मंत्री स्वास्थ्य प्रतिनिधि शब्बीर हसन ने कहा कि प्रखंड स्वास्थ्य मेला में लोगों को सभी प्रकार की सुविधा दी जा रही है। अस्पताल में भी सभी सुविधाएं निशुल्क दी जाती है ।वही बहुत कम कीमत में खून जांच भी की जा रही है।

### मेरी माटी मेरा देश प्रधान प्रतिनिधि माता फेरचौरसिया ने अमृत कलश में घर-घर पहुंचकर एकत्र किए चावल मिट्टी



**संवाददाता मो0 अबूबकर, रुदौली अयोध्या।** मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत आज माटी मेरा देश कार्यक्रम रुदौली विधानसभा क्षेत्र के सुजानगंज मंडल के ग्राम सभा जाखौली में घर-घर संपन्न हुआ प्रधान प्रतिनिधि माता फेर चौरसिया की अगुवाई में घर घर जाकर मिट्टी व चावल संग्रहित कर पंचायत भवन पर पंच प्रण की सभी कोसपथ कराई। बता दें कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि माता फेर चौरसिया ने स्वतंत्रता सेनानियों व वीर शहीदों को समर्पित प्रधानमंत्री के आवाहन पर दिल्ली में निर्मित होने वाली अमृत वाटिका के लिए घर-घर जाकर ग्राम सभा जाखौली पूरे गांव में लोगों से मिट्टी व चावल एकत्र किए । इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि माताफेर चौरसिया ने कहा कि भारत सरकार का यह अभियान एक सराहनीय कदम है। यह भारत सरकार की एक पहल है, जो प्रगतिशील भारत के 75 वर्ष पूरे होने और लोगों को संस्कृति व उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को याद दिलाता है। यह भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक पहचान को प्रगति की ओर ले जाने के लिए एक मूर्त रुप है।

### 2 बाईकों के आमने-सामने भिड़ंत में महिला समेत 4 जख्मी,2 की हालत गंभीर



**शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा पश्चिमी चंपारण।** बगहा पुलिस जिला के चौतरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 727 बगहा-बेतिया मुख्य सड़क मार्ग पर साधु पुल के समीप शनिवार को 2 बाइक की आपस में भीषण टक्कर हो गई। इस घटना में दोनों बाइक पर सवार चार लोग घायल हुए हैं।घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा चौतरवा थाना पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस के द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल में भेज दिया। वहीं अस्पताल में उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर के बी एन सिंह के द्वारा सभी घायलों को तुरंत ट्रीटमेंट किया गया लेकिन 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से जख्मी दोनों लोगों को बेहतर इलाज के लिए बेतिया जीएमसी रेफर कर दिया गया है। घायलों की पहचान चौतरवा थाना क्षेत्र के करजनीया परसौनी गांव निवासी स्वर्गीय मैनेजर चौधरी के 50 वर्षीय पुत्र माधव लाल चौधरी के रूप में की गई है।वहीं दूसरे बाइक चालक की पहचान चौतरवा थाना क्षेत्र के चौतरवा गांव निवासी उदयभान के 20 वर्षीय पुत्र रतन कुमार के रूप में की गई है। इसके बाइक पर महिला समेत तीन लोग सवार थे।इनकी पहचान चौतरवा थाना क्षेत्र के हरदी गांव निवासी संजीव कुमार व महिला उषा देवी के रूप में की गई है।

### पकुड़िया में झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा की हुई बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला / जामताड़ा।** पकुड़िया तामोली टोला आम बागान में झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा के बैनर तले भाकपा माले की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड सचिव तपन हांसदा ने की। इस अवसर पर झामस जिला सचिव सोमलाल मिर्धा मौजूद थे। इस दौरान स्थानीय समस्याओं पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान भाकपा माले के प्रखंड सचिव सुशील मोहली ने कहा कि ग्रामीणों को डीलर कम अनाज दे रहा है। उन्होंने संबंधित डीलर पर अनियमितता का आरोप लगाया। कहा 5 किलो के जगह पर 3 किलो अनाज देता है।इस दौरान इन तमाम मुद्दों को लेकर 21 सितंबर को नाला प्रखंड मुख्यालय के समीप झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा एवं भाकपा माले, आदिवासी संघर्ष मोर्चा तीनों के बैनर तले धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर सुरज कुमार मुर्मू, कालीश्वर सोरेन, हीरालाल मोहली, विरसिंह मरांडी,अशोक मोहली, हेमंत मरांडी,रंजीत हांसदा,मनिलाल मुर्मू,रविलाल मोहली,सुशांत मोहली, तपन हांसदा,मोती बेसरा,सनातन मोहली,लिलू टुडू,रविलाल मुर्मू, लखिश्वर हेम्ब्रम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मधुपुर स्टेशन मुख्य गेट पर पूर्व रेलवे भारत स्काउट एंड गाइड के द्वारा स्वच्छता पर नुक्कड़ सभा आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** मधुपुर स्टेशन के मुख्य गेट पर शनिवार को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत रेल यात्रियों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पूर्व रेलवे भारत स्काउट एंड गाइड के बच्चों के द्वारा प्लेटफार्म नंबर एक पर नुक्कड़ नाटक कर स्वच्छता के प्रति रेल यात्रियों को जागरूक किया और जहां तहां गंदगी नहीं फैलाने की अपील की गई। मौके पर भारत स्काउट गाइड के छात्र टिकट निरीक्षक आरपीएफ वाणिज्य विभाग मधुपुर ऑपरेटिंग विभाग के साथ-सा यात्रियों एवं कर्मचारियों के द्वारा स्वच्छता अपनाने का संकल्प शपथ लिया। साथ ही रेल यात्रियों को संदेश दिया कि महात्मा गांधी जी के मार्गदर्शन पर चलकर रेलवे को सवच्छ रखें। मौके पर स्टेशन प्रबंधक एसके पाठक, आरपीएफ सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रसाद, आरपीएफ एएसआई शौकत कमाल, स्वास्थ्य निरीक्षक कुमार अभिमन्यु, रंजीत कुमार समेत कमर्शियल विभाग के कर्मचारी अधिकारी रेलवे सुरक्षा अधिकारी मौजूद थे।

**कार्यशाला** — सहायक श्रमायुक्त ने बाल श्रम उन्मूलन तथा न्यूनतम मजदूरी की दी जानकारी

## श्रम कल्याण दिवस सह एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा।** विश्वकर्मा पूजा के उपलक्ष्य में शनिवार को श्रमायुक्त कार्यालय में श्रम कल्याण दिवस सह एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।साथ ही श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के हितार्थ चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित कर उपस्थित श्रमिकों एवं श्रमिक संघ के प्रतिनिधि को जानकारी दी गई।इस अवसर पर सहायक श्रमायुक्त रोहित राज सिंह,श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी दिलीप कुमार झा,रमण कुमार सिंह,ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधिमंडल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर श्रम परिवर्तन पदाधिकारी ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए श्रम विभाग के द्वारा कई कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। वही बाल श्रम को रोकने तथा उन्मूलन के तहत विभाग के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। सहायक श्रम आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि सरकार के द्वारा असंगठित मजदूरों के लिए शताब्दी एवं प्रवासी योजना चलाई जा रही है। बिहार में काम करने वाले मजदूरों को शताब्दी योजना के अंतर्गत कुल 20 प्रकार के लाभ दिए जा रहे हैं। वहीं प्रवासी मजदूर योजना के तहत राज्य के बाहर काम करने वाले श्रमिकों को दुर्घटना एवं मृत्यु होने पर विशेष सहायता दी जाती है। उन्होंने कहा कि बाल श्रमिक 14 वर्ष की आयु से कम काम करने वाले बच्चों को बाल श्रमिक कहा जाता है। वही 14 से 18 वर्ष आयु से कम उम्र के किशोर श्रमिक द्वारा खतरनाक कार्य करने पर पाए गए नियोजक के विरुद्ध कार्रवाई की जाती है। जिसके अंतर्गत धावा दल के द्वारा नियोजक से 20 से 50 हजार तक का नगद जुर्माना या 2 वर्षों का जेल दोनों की सजा हो सकती है। उन्होंने कहा कि वास्तविकता यह है की जो बच्चे घर दुकान प्रतिष्ठान कारखाना में श्रमदान कर पैसा उपार्जित करता है। इसे इसे दंडनीय अपराध की श्रेणी में रखा गया है।उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा 14 वर्ष के बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जा रही है। ऐसे में श्रम विभाग एवं मजदूर संघ के प्रतिनिधियों के द्वारा कडी निगरानी रखकर बाल श्रम उन्मूलन में सहायक बन सकते हैं। इस अवसर पर सरकार के द्वारा न्यूनतम मजदूरी के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई।उन्होंने बताया कि वर्ष में दो बार अप्रैल एवं अक्टूबर महीने में न्यूनतम मजदूरी का संशोधन किया जाता है।उन्होंने कहा कि न्यूनतम मजदूरी सरकार बढ़ते महंगाई को देखते हुए समय-समय पर निर्धारित की जाती है। उन्होंने कहा कि भवन बांध एवं सड़क निर्माण में लगे सभी मजदूर इसके पात्र हैं।इस अवसर पर बिहार निर्माण मजदूर संघर्ष समिति अध्यक्ष सह राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) जिला अध्यक्ष सत्यनारायण चौपाल ने अपने संबोधन में कहा की जब तक मजदूरों का सोशल सिक्योरिटी कार्य स्थल पर लिंग भेद सुरक्षा के साथ आर्थिक गारंटी नहीं होगी।

### बगहा एसपी ने जिला के विभिन्न बैंक और सीएसपी संस्थानों का किया औचक निरीक्षण, सुरक्षा हेतु दिए आवश्यक निर्देश

**शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा पश्चिमी चंपारण।** बगहा पुलिस जिला के पुलिस अधीक्षक किरण कुमार गोरख जाधव ने अचानक शुक्रवार को जिलांतर्गत विभिन्न बैंक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बड़गांव, पंजाब नेशनल बैंक मेहुड़ा,उत्तर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक चौतरवा, सेंट्रल बैंक आफ इंडिया परसौनी,स्टेट बैंक आफ इंडिया बगहा समेत सीएसपी संस्थानों का निरीक्षण करते हुए बैंक मैनेजरों से वार्तालाप कर बैंक सुरक्षा के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके बाद सुरक्षा व्यवस्था में लगे बैंक के सुरक्षाकर्मी तथा पुलिस बल को तत्परता के साथ सतर्क रहते हुए ड्यूटी करने एवं बैंक में कोई भी व्यक्ति हेलमेट एवं मुंह बांधकर अंदर ना प्रवेश करने पाए के संबंध में हिदायत दिया गया। बैंकों से आए दिन हो रही लूट की वारदातों को रोकने के लिए एसपी ने सीसीटीवी, अलार्म, सुरक्षा गार्ड, रजिस्टर समेत सुरक्षा से जुड़े अन्य बिदुओं की जांच किए।

## संगठन जब तक सशक्त व मजबूत नही होगा, तब तक जयसवाल व कलवार समाज की समुचित विकास संभव नहीं- मुन्ना जयसवाल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** जयसवाल कलवार समाज की संगठन जब तक सशक्त व मजबूत नहीं होगा, तब तक समाज की सर्वांगीण विकास संभव नहीं। उक्त बातें समाजसेवी सह जयसवाल समाज के मुन्ना जयसवाल ने कही। वे शनिवार को प्रखंड बगहा एक के भैरोगंज व रामनगर शिव मंदिर के परिसर में आयोजित जयसवाल व कलवार समाज के लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने संगठन से समाज के लोगों को जुडने की अपील किया। कहा कि जब तक हम एकजुट नहीं होंगे, तब तक हमारी हक व अधिकार मिलना संभव नहीं है। जयसवाल समाज के युवा नेता मुन्ना गुप्ता ने संगठन से जुडने व संघ की संगढात्मिक ढांचे की मजबूती की आहान समाज के लोगों से की। कहा कि एकता ही शक्ति है, जब हम एकजुट नहीं होगें, तो हम सशक्त, आत्मनिर्भर कैसे बन सकते हैं। उन्होंने समाज के लोगों से संगठन में आने की अपील किया। उन्होंने समाज को और मजबूत करने को लेकर कई अहम फैसले लिए गए। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया,कि जयसवाल समाज के कुलदेवता श्री राज राजेश्वर सहस्त्रार्जुन जी का विधिवत पूजा समारोह 27 नवंबर को किया जाएगा।जिसको लेकर सभी जयसवाल कलवार समाज के सभी सम्मानित सदस्यों से निवेदन किया गया कि इस पूजा को तन मन से सम्मिलित होकर सफल बनावे।अनेकों सदस्यों द्वारा राजनीतिक उपेक्षा पर भी विस्तृत चर्चा की गई।इस जाति के लोगो द्वारा उचित भागीदारी को लेकर काफी आक्रोश व्यक्त किया गया।अपनी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूरे बिहार प्रदेश में अपनी जाति की राजनीतिक एकता के लिए व्यापक स्तर पर तयारी की जा रही है। बैठक को उमेश जयसवाल, संजय जयसवाल, अमित जयसवाल, सुधीर जयसवाल, दीपक जयसवाल, विशाल जयसवाल, गौरीशंकर जयसवाल, मनोज जयसवाल, राकेश जयसवाल, भूपेंद्र जयसवाल, दीपक जयसवाल, अखिलेश जयसवाल, महेश जयसवाल आदि जयसवाल सदस्य उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### मधु कंप्यूटर की छात्रा विद्या यादव ने एकाउंटिंग परीक्षा में लहराया परचम



**सिकंदरपुर बलिया।** बस स्टैंड सिकंदरपुर नहर रोड समीप मधु कंप्यूटर इंस्टिट्यूट में शनिवार को एकाउंटिंग परीक्षा का परीक्षाफल घोषित हुआ। जिसमें लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। इस परीक्षा में खरीद निवासी स्वर्गीय शैलेंद्र यादव की पुत्री विद्या यादव ने पहली परीक्षा कंपटीशन में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त कर अपना परचम लहराया है। इसी क्रम में मधु कंप्यूटर के संस्थापक मनीष शर्मा ने छात्रा विद्या यादव को सम्मानित किया और उसका उत्साहवर्धन कर उसके उज्वल भविष्य की कामना की।

### लोको छित्तुपूर में खुला आयुष्मान भारत नगरीय हेल्थ एवं वेलनेस केन्द्र

**वाराणसी।** सिगरा के छित्तूपुर स्थित लोको कालोनी में इन दिनों डेंगू मलेरिया पूरी तरह से अपना पैर पसार चुका है। लोको कॉलोनी के प्रत्येक घरों में लोग डेंगू मलेरिया से पीड़ित हैं। इसे देखते हुए क्षेत्र में आयुष्मान नगरीय हेल्थ एवं वेलनेस केन्द्र खुलने से गरीब एवं आम जनता को बहुत आराम हो गया है। जहां क्षेत्र के बहुत लोग निःशुल्क जांच एवं दवा प्राप्त कर रहे हैं। सीएमओ आफिस के निर्देश पर मंडलीय चिकित्सालय कबीर चौरा से आई डाक्टर विदुषी राय ने बताया कि यहां लोगों का निःशुल्क उपचार ही नहीं बल्कि आयुष्मान कार्ड भी बनाया जा रहा है। अब तक इस केन्द्र से 1200 लोगों का कार्ड बनाया जा चुका है। 6 युनिट वाले राशन कार्डो को प्राथमिकता देकर पहले आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है।

### पुलिस कमिश्नर एवं जिलाधिकारी ने आगामी प्रधानमंत्री के दौरे के कार्यक्रम स्थलों का किया औचक निरीक्षण



**वाराणसी।** पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन व जिलाधिकारी एस.राजलिंगम ने आगामी 23 सितंबर को प्रधानमंत्री के वाराणसी दौरे कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लिया। गंजारी में होने वाले जनसभा कार्यक्रम की तैयारी का स्थलीय निरीक्षण कर मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर सभी तैयारी समय से पूर्व पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। तत्पश्चात करसड़ा में नवनिर्मित अटल आवासीय विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण के दौरान पूर्व में दिए गए निर्देश के बावजूद कार्य पूर्ण न कराये जाने पर गहरी नाराजगी जताई तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं ठेकेदार को आज ही मुख्य गेट के पास जमीन समतलीकरण एवं अन्य आवश्यक कार्य पूर्ण कराए जाने की कड़ी हिदायत थी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी क्लास रूमों के साथ ही पठन- पाठन के लिए आवश्यक अन्य व्यवस्थाओं को देखा।विद्यालय के पीछे अवशेष प्लास्टर, वाश वेशिंग का कनेक्शन व भूमि समतलीकरण कार्य अब तक न हो पाने पर भी नाराजगी जताई तथा शीघ्र कार्य पूर्ण करके जाने हेतु हिदायत दी। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अभियंता को भी संबंधित सड़क के निर्माण कार्य को अभी तक पूर्ण न कराए जाने पर नाराजगी जताते हुए तत्काल युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर मरम्मत कराए जाने हेतु निर्देशित किया।

# आयुष्मान भवः अभियान, स्वास्थ्य संबंधी आयोजित होगी विशेष गतिविधियां



**बलरामपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार बलरामपुर में आयुष्मान भवः अभियान के सम्बन्ध मे एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अरविंद सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में प्रेस वार्ता को मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर संजीव कुमार मौर्या ने सम्बोधित किया। उन्होंने बताया की "आयुष्मान भव" अभियान शुरू करने का उद्देश्य दूरदराज के क्षेत्रों सहित हर इच्छित लाभार्थी तक स्वास्थ्य योजनाओं की डिलीवरी में सुधार करना है। 1 7 सितंबर से शुरू होने वाले इस अभियान का मुख्य उद्देश्य 'अंत्योदय' के दृष्टिकोण के अनुरूप स्वास्थ्य देखभाल पहुंच और जागरूकता बढ़ाना है, जिससे हर गांव में स्वास्थ्य सेवाओं की संतृप्ति सुनिश्चित हो सके। इस अभियान का लक्ष्य चयनित क्षेत्रों के लिए 'आयुष्मान ग्राम पंचायत' या 'आयुष्मान वार्ड' का दर्जा प्राप्त करना भी है। इसके अतिरिक्त, 'सेवा पखवाड़ा' के दौरान अंग दान प्रतिज्ञा रजिस्ट्री, रक्तदान शिविर और स्वच्छता अभियान जैसी पहल आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि अभियान में आयुष्मान कार्ड वितरित करने के लिए "आयुष्मान आपके द्वार 3.0", साप्ताहिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए "आयुष्मान मेला" और ग्राम-स्तरीय स्वास्थ्य जागरूकता के लिए "आयुष्मान सभा" शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आयुष्मान आपके द्वार 3.0 की शुरुआत पीएमजेएवाई योजना के तहत सभी शेष पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड के वितरण के लिए की जा रही है।यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र लाभार्थी इस अभियान में न छूटे। इसके माध्यम से खुद पंजीकरण करके कार्ड निर्माण किया जा सकेगा।आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने के इरादे से 2021 में आयुष्मान आपके द्वार 1.0 और 2022 में 'आयुष्मान- आपके द्वार 2.0' चलाया गया था।आयुष्मान मेला के अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन होगा। इसके अंतर्गत सेवाओं के उपयोग को अनुकूलित करने के लिए लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में अपने मुद्दों और चिंताओं को व्यक्त करने के लिए मंच प्रदान करना और समूह कल्याण गतिविधियों के माध्यम से लोगों के बीच व्यवहार परिवर्तन को बढ़ाना सुनिश्चित किया जाएगा। इसी तरह प्रत्येक रविवार को मेडिकल कॉलेज द्वारा सीएचसी पर साप्ताहिक मेला आयोजित होगा। सीएचसी में विशेषज्ञ और आउटरीच सेवाओं तक पहुंच में वृद्धि होगी।विशिष्ट देखभाल के माध्यम से स्क्रीनिंग, निदान और बुनियादी एवं उन्नत स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं दी जाएंगी, जिनमें तृतीयक देखभाल सेटअप और विशिष्ट एवं नैदानिक सेवाओं के लिए रेफरल शामिल है।2 अक्टूबर से आयुष्मान सभा की शुरुआत होगी । इसके तहत विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं और सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक ग्राम, वार्ड स्तर पर वीएचएसएनसी, नगरीय निकाय के नेतृत्व में आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा । इसमें आयुष्मान कार्ड का वितरण एवं प्रदर्शन किया जाएगा इसमें पात्र लाभार्थियों की सूची के साथ ही उपचार प्राप्त लाभार्थियों की सूची और सूचीबद्ध अस्पतालों की सूची के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी। एनसीडी, टीबी और सिकल सेल रोग, संचारी सेवाओं और उनके उन्मूलन के बारे में जागरूकता बढ़ाने और आभा आईडी के निर्माण की सुविधा के लिए विशेष स्वास्थ्य वार्ता होगी। इसके अलावा आयुष्मान ग्राम पंचायत व आयुष्मान अर्बन वाड्र्स का भी आयोजन होगा। यह वो दर्जा है जो मार्च 2024 तक विभिन्न मापदंडों को प्राप्त करने वाले ग्रामों व वाड्र्स को दिया जाना है ।

# प्रदेश सरकार कर रही है नोएडा से देवरिया और सहारनपुर से सोनभद्र तक विकास- संजय निषाद

**अनिल जायसवाल, शुभ भास्कर, जनपद सोनभद्र।** वीरवार को निषाद पार्टी सुप्रीमो एवं मा० कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद जी ने जनपद सोनभद्र सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि सहारनपुर से सोनभद्र और नोएडा से देवरिया अर्थात उत्तर प्रदेश के इस छोर से उसे छोर तक सभी जाति सभी वर्गों सभी धर्म के व्यक्तियों को विकास की मुख्य धारा से जोडा जा सके। पूर्व की सरकारों ने मत्स्य विभाग को उत्तर प्रदेश का सबसे उपेक्षित विभाग बनाया, वर्तमान में केंद्र और प्रदेश की सरकार मत्स्य विभाग को प्रदेश का सबसे उत्तम विभाग बनाने के लिए का प्रयास कर रही है। मछुआ समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए विभिन्न योजनाएं उत्तर प्रदेश में संचालित की जा रही हैं जैसे कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, प्रधानमंत्री मछुआ दुर्घटना बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (फिशरीज के क्षेत्र में), मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषाद राज बोट योजना और मछुआ कल्याण कोश (मछुआ समाज को विभिन्न परीयोजनाओ के तहत आर्थिक मदद देने हेतु) प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना से वंचित मछुआ समाज के व्यक्तियों को मछुआ कल्याण कोश के तहत आवास दिए जा सकते हैं। आयुष्मान कार्ड भारत योजना से वंचित मछुआ





समाज के व्यक्तियों को चिकित्सा लाभ के लिए आर्थिक सहायता भी मछुआ कल्याण कोष से दी जा सकती है। स्किल डेवलपमेंट, कन्या विवाह, उच्च शिक्षा और सामुदायिक भवन- मछुआ समाज को सीधे तौर पर आर्थिक सहायता दी जा सकती है। सोनभद्र जैसे संपन्न जिले में महिला सशक्तिकरण के लिए सभी बड़े जलाशयों में 10 फीसदी आरक्षित करके जलाशय में जलाशय योजना के तहत दिया जाएगा। श्री निषाद जी ने कहा कि अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी के मंदिर में महाराज गुह्यराज निषाद जी की प्रतिमा होगी, यह मछुआ समाज के लिए गौरवशाली पल है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में 300 सीटों पर जी सुनिश्चित करके माननीय प्रधानमंत्री जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाया जाएगा और साथ ही लोकसभा चुनाव में निषाद पार्टी अपने सिंबल पर चुनाव लड़ेगी। निषाद पार्टी ने विधानसभा चुनाव में सभी जातियों के समीकरण के साथ-साथ निषाद समाज को बहुलता के साथ विधानसभा भेजने का कार्य किया। जनपद सोनभद्र में मत्स्य विभाग में अपार संभावनाएं, साथ ही मत्स्य विभाग जनपद सोनभद्र में रोजगार के साधन उपलब्ध करवाएगा।

### प्राथमिक विद्यालय पहुंचने तक बच्चे हो जाते बेहाल,ख़राब रास्ते से होकर जाते छात्र





**बलरामपुर जिला संवाददाता, के बी गुप्ता।** हरैंया सतघरवा विकास खंड अन्तर्गत शिक्षा क्षेत्र शिवपुरा के भड़सहिया प्राथमिक विद्यालय में 91 छात्र शिक्षा प्राप्त करने आते है,यहां तक पहुंचने का सही रास्ता नहीं है। बच्चे खेत की मेड़ से होकर स्कूल तक आने को विवश हैं। बरदौलिया तुलसीपुर मार्ग पर स्थित लौकी कलां नवीन, विद्यालय तक बच्चों को पहुंचने के लिए रास्ता नहीं है, जंगली झाडी मेड से जाना पडता है। यह विद्यालय नेपाल राष्ट्र से निकलने वाले पहाडी नाला धोबैनिया के तट पर स्थित है, यहां के अध्यापक सिद्धांत मिश्रा ने बताया कि विद्यालय कटान के जद मे है।विद्यालय तक जाने के लिए रास्ता खराब है। रास्ते में कीचड़ व जलभराव की स्थिति बनी रहती है, फिर भी बच्चे पढ़ने की लालसा में किसी तरह स्कूल तक पहुंचते हैं। प्राथमिक विद्यालय भदवार, लम्बीकोहल, लखाही,स्कूल तक जाने के लिए बीहड जंगल पहाडी नाले खराब रास्ता मेड़ व कंटीले तारों से होकर छात्र स्कूल तक पहुंचते हैं। हरैंया सतघरवा जंगल के किनारे उच्च प्राथमिक विद्यालय नेवलगंज के बच्चे पहाडी नाला जमधरा,फुहरी से होकर जाना पडता है। परिषदीय विद्यालयों तक रास्ता सही करने के लिए शासन को पत्र भेजा गया है,वित्तीय स्वीकृति मिलते ही रास्तों का निर्माण कराया जाएगा।

### जिलाधिकारी श्री अरविंद सिंह व पुलिस अधीक्षक श्री केशव कुमार द्वारा तहसील तुलसीपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी गयी शिकायतकर्ताओं की शिकायतें



**बलरामपुर।** जिलाधिकारी अरविंद सिंह व पुलिस अधीक्षक श्री केशव कुमार द्वारा आज दिनांक 16.09.2023 को तहसील तुलसीपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना गया तथा राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री योगेश कुमार, उप जिलाधिकारी तुलसीपुर व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### थाना को0 जरवा पुलिस द्वारा क्षेत्र से शांति भंग के दृष्टिगत 3 अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**बलरामपुर।** थाना को0 जरवा पुलिस टीम द्वारा दिनांक 16.09.2023 को का0 आदर्श कुमार मय हमराह का0 शिवम कुमार के जांच प्रार्थना पत्र के दौरान शांति भंग के दृष्टिगत प्रथम पक्ष 1. बृजेश गुप्ता पुत्र राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता उम्र करीब 35 वर्ष, 2. रवि गुप्ता पुत्र राजेन्द्र प्रसाद उम्र करीब 28 वर्ष नि0गण नई बाजार थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर व द्वितीय पक्ष 1. अंकित सोनी पुत्र हरिराम उम्र करीब 32 वर्ष नि0 पुरानी बाजार थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार करके अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर अंतर्गत धारा 151/107/116 सीआरपीसी की त्वरित कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय रवाना किया गया।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो भैंस की हुई मौत

**रोहनिया।** जख्खिनी में शुक्रवार की शाम को लगभग 6 बजे तेज गरज चमक के साथ हुई हल्की बारिश के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से सालिक राम यादव की दो भैंसों की मौत हो गई। पशुपालक सालिक राम यादव ने बताया कि घर के पास ही में खेत में चरते समय तेज आवाज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली चमकी जिसकी चपेट में आने से हमारी दोनों भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। जिससे हमारी लगभग डेढ़ लाख रुपए कीमत की क्षति हुई है। इस घटना को लेकर पूरा परिवार गमगीन हो गया।

समीक्षा — बच्चों के विद्यालयों में नामांकन एवं विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम, मॉडल स्कूल की प्रगति आदि की समीक्षा

# अपर जिलाधिकारी न्यायिक द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा की गयी



**बलरामपुर।** जिलाधिकारी बलरामपुर अरविन्द सिंह के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी न्यायिक द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा की गयी। इस दौरान स्कूल चलो अभियान, समग्र शिक्षा, मध्यान्ह् भोजन योजना, आपरेशन कायाकल्प, प्रेरणा प्रणाली, सपोर्टिव सुपरविजन, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, समेकित शिक्षा कार्यक्रम, विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों अनुदेशकों के मानदेय भुगतान की स्थिति, वित्तीय धनराशि की स्थिति, डी0बी0टी0, शारदा पोर्टल के आधार पर आउट ऑफ स्कूल बच्चों के विद्यालयों में नामांकन एवं विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम, मॉडल स्कूल की प्रगति आदि की समीक्षा की गयी। आपरेशन कायाकल्प की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि विद्यालयों को अवस्थापना सुविधाओं से संतृप्त कराएं जाए, शहरी क्षेत्रों के विद्यालयों में अतिक्रमण से निजात दिलाये जाने की कार्यवाही तत्काल की जाए तथा विद्यालयों में जर्जर भवनों को जर्जर घोषित कर, वैकल्पिक व्यवस्था करते हुये शासन को प्रस्ताव भेजें जाए। उन्होंने समीक्षा के उपरान्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों/कर्तव्यों का पालन निष्ठापूर्वक करें, विद्यालयों का शतप्रतिशत निरीक्षण करें, विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति शत्प्रतिशत कराएं, कर्मचारियों के भुगतान में लापरवाही न बरती जाए तथा जिन-जिन विद्यालयों में विद्युत व्यवस्था का संचालन नहीं है वहां पर विद्युत व्यवस्था एंव अन्य छूटे कार्यो को तत्काल पूरा कराएं, साथ ही साथ जिस प्राथमिक विद्यालयों में शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय नहीं है वहां पर सारी सुविधाएं उपलब्ध कराएं जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिला टास्क फोर्स सदस्यों द्वारा निरीक्षण शतप्रतिशत किया जाए, स्कूलों में जाकर बच्चों का एमडीएम की जांच भी करें और अध्यापक एवं बच्चों का उत्साहबर्धन करें जिससे अच्छी शिक्षा, साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं में सुधार हो सके। इस दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी, पीडी चन्द्र प्रकाश, डीडीओ गिरीश चन्द्र पाठक, डीसी मनरेगा, डीपीआरओ श्रेया उपाध्याय, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त बीडीओ, कार्यदायी संस्थाएं, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतिनिधि चन्द्र पाण्डेय, संजय श्रीवास्तव, जिला समन्वयक, निरंकार पाण्डेय व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# महंत देवीपाटन मंडल मिथलेश नाथ योगी की अध्यक्षता में शारदीय नवरात्र मेले के तैयारी के संबंध में बैठक

**बलरामपुर जिला संवाददाता।** शकिपीठ देवीपाटन मंदिर तुलसीपुर मे शारदीय नवरात्र के अवसर पर शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में 15 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे राजकीय मेले के तैयारी के संबंध में बैठक महंत मिथलेश नाथ योगी जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी अरविंद सिंह एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा विभिन्न विभागों की तैयारियों की समीक्षा की गई पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात की जाएगी तथा पर्याप्त संख्या में महिला आरक्षी की ड्यूटी लगाई जाएगी। क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर को मेले में सुरक्षा दृष्टि से ओवर ऑल इंचार्ज की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी को मेला प्रभारी बनाया जाएगा मेले में सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए दो स्पेशल



ट्रेन की डिमांड किए जाने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा स्टेशन मास्टर को दिया गया। उन्होंने मंदिर के सभी संपर्क मार्गो का निरीक्षण किए जाने एवं आवश्यकता अनुसार मरम्मत एवं पैचवर्क किए जाने का निर्देश अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को दिया।जिलाधिकारी ने कहा कि मेले के दौरान मंदिर परिसर में साफ सफाई की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाए मंदिर में साफ सफाई की व्यवस्था के लिए कुल 260 सफाईकर्मी लगाए जाएंगे मेले परिसर को 3 सेक्टर में विभाजित करते हुए सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। सफाई कर्मियों के ऊपर सफाई नायक बनाया जाए सफाई कर्मी प्रॉपर ड्रेस पहने यह भी सुनिश्चित कराया जाए। मंदिर परिसर में प्रतिदिन फागिंग एवं एंटी लार्वा स्प्रे आदि सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिया मेले के दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु ट्रेन से आते हैं, कोई भी श्रद्धालु ट्रेन की पटरी पर ना जाए, एवं ओवर ब्रिज का इस्तेमाल करें इसके लिए बैरिकेडिंग किए जाने का निर्देश दिया। मंदिर परिसर में विद्युत की 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने तथा इसके लिए पूर्व में ही सभी ट्रांसफार्मर एवं लाइन की क्षमता चेक कर दिए जाने का निर्देश अधिशासी अभियंता विद्युत को दिया।मेले के दौरान मंदिर में अस्थाई अस्पताल संचालित होगा जिसमें की शिफ्ट वाइस 24 घंटे मेडिकल टीम तैनात रहेगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा की मेले को आगामी वर्षों की तरह सकुशल एवं सुचारू रूप से संपन्न कराए जाने के लिए समस्त संबंधी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपने विभाग की तैयारियां पूर्ण कर ले इसमें किसी प्रकार की भी लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एसडीएम तुलसीपुर, डीपीआरओ व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### एसडीएम ने समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की शिकायतें

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी राजीव रतन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में तहसील क्षेत्र से 91 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की। जिनमें से 3 शिकायतों का तत्काल मौके पर ही निस्तारण एसडीएम ने करा दिया। समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी ने लंबित शिकायतों का निर्धारित समयावधि में पारदर्शिता के साथ निस्तारण करने का निर्देश देते हुए समाधान दिवस में सर्किल के तीनों थानों से आए उप निरीक्षकों को भी कहा कि थाना क्षेत्र से आई शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जांचकर आवश्यक कार्यवाही करें।हैरिंग्टनगंज विकासखंड के उरूवा वैश्य गांव निवासी सुनील कुमार अपने प्रार्थना पत्र दिया है कि ग्राम पंचायत सदस्यों का मानदेय दो वर्षों से नहीं दिया जा रहा है। इतना ही नहीं ग्राम पंचायत में बने सामुदायिक शौचालय में ग्राम पंचायत अधिकारी व समूह की महिला एवं ग्राम प्रधान की मिली भगत से 52 हजार रुपए फर्जी तरीके से मानदेय के नाम से निकाल लिया गया है। शिकायतों के बाद आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। एसडीएम ने बीडीओ हैरिंग्टनगंज को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र के मंजनाई पूरे कटिलवा निवासी रामतेज ने प्रार्थना पत्र दिया है कि मुझे प्रधानमंत्री आवास मिला था। सोहावल परशुरामपुर निवासी रामनेवास पुत्र जगन्नाथ, मयंक व उनकी पत्नी आशावती ने ताला तोड़कर बीते 14 सितंबर को कब्जा कर लिया है। पीड़ित रामतेज ने बताया कि पुलिस से भी शिकायत किया था लेकिन कोई कार्रवाई पुलिस ने नहीं की। एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक को जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने का निर्देश दिया। लेकिन वहीं मौजूद थाना इनायत नगर के दरोगा ने पीड़ित से कहा कि इसमें कुछ होने वाला नहीं है, आप दीवानी जाकर मुकदमा करो। समाधान दिवस समाप्त होने के बाद एसडीएम ने कहा कि सबसे अधिक मामले पुलिस व राजस्व से संबंधित आते हैं। जितने भी शिकायती प्रार्थना पत्र मिले हैं। उन शिकायतों का संबंधित कर्मचारी अधिकारी मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण तरीके से एक सप्ताह के भीतर मामले का निस्तारण करें। ताकि एक ही मामले में बार-बार पीड़ित समाधान दिवस न आए।

### आरोग्य भारती का भाषाप्रदूषण मुक्ति अभियान

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** आरोग्य भारती अवध प्रान्त अयोध्या ने हिंदी दिवस पर संवाद के माध्यम भाषा मे अमर्यादित शब्दों के प्रयोग का त्याग करने के संकल्प अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर आरोग्य भारती अवध प्रान्त सहसचिव डॉ उपेन्द्र मणि त्रिपाठी ने कहा स्वास्थ्य की समग्रता में व्यक्ति व समाज दोनों ही आते हैं, यद्यपि सुख दुख प्रसन्नता निराशा यह व्यक्तिगत अनुभूतियों के भाव है किंतु प्रायः व्यवहार में हमारा मन किसी के वाणी व्यवहार से अधिक प्रभावित होता है, आहत भावनाएं दीर्घकाल में शरीर मे तमाम तरह के मानसिक शारीरिक रोग उत्पन्न कर सकती हैं तो तत्क्षण आपसी तनाव या सामाजिक विद्वेष का कारण बन जाती हैं और इन सबका कारण व माध्यम है हमारी संवाद शैली व भाषा मे प्रयोग किये जाने वाले शब्द। आज पर्यावरण में जल, वायु में ही प्रदूषण नहीं अपितु अनुचित अमर्यादित शब्द हमारी भाषा को भी प्रदूषित कर विचार मन व आपसी सम्बन्धो को रुग्ण कर रहे हैं। अतः हमें शालीन मर्यादित व संस्कारित शब्दो का ही प्रयोग करने का संकल्प लेना चाहिए और हिंदी दिवस के दिन मर्यादापुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या से इस आदर्श को अंगीकार करने की पहल विश्व में भारतीय संस्कृति को प्रस्तुत कर सकेगी। जिला संयोजक वैद्य आनंद उपाध्याय ने सभी उपस्थित मातृ शक्तियों एवं युवाओ को संकल्प दिलाया। महिला कार्य प्रमुख डॉ कल्पना कुशवाहा ने कहा माताएं अपने बच्चों की प्रथम गुरु हैं अतः उन्हें ध्यान देना चाहिए और युवाओ को अयोध्या के आदर्श प्रभु श्रीराम की मर्यादा को आचरण में धारण करना चाहिए। इस पहल में डॉ उपेन्द्र मणि त्रिपाठी वैद्य आनंद उपाध्याय, डॉ कल्पना कुशवाह सहित भोजपुरी अभिनेत्री नीतू मौर्य, अभिनेता राज, अनिरुद्ध शुक्ल, गुड़िया तिवारी, समाजसेवी अर्चना तिवारी, सोनी शर्मा, सुनीता पाठक, सहित अनेक महिलाएं पुरुष व बालिकाएं उपस्थित रहे।

### मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर एवं वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक रेलवे श्रीमती रेखा शर्मा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नव निर्मित रेलवे जंक्शन अयोध्या का श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत अयोध्या धाम आने श्रद्धालुओं/पर्यटकों को विश्व स्तरीय सुविधाओं यथा-ठहरने, विश्राम तथा खाने पीने आदि की सुगमता से उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु रेलवे द्वारा की जा रही तैयारियों का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान उक्त अधिकारियों द्वारा अयोध्या जंक्शन की नवनिर्मित टर्मिनल बिल्डिंग में यात्रियों हेतु उपलब्ध विश्राम कक्षों, डारमेट्री, फूड कोर्ट, दुकानों, प्रतीक्षालयो, लाकर सुविधा, शौचालय एवं होल्डिंग एरिया आदि का अवलोकन किया तथा टर्मिनल में यात्रियों के बैठने हेतु बैंचेज की संख्या को बढ़ाने, यात्रियों के सामान को सुरक्षित रखने हेतु लाकरो की संख्या बढ़ाने, बड़ी संख्या में आने वाले यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने हेतु पर्याप्त होल्डिंग एरिया की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा यात्रियों के ठहरने हेतु बेड की संख्या और बढ़ाने के लिए रेलवे के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान रेलवे स्टेशन व उसके आसपास यात्रियों के वाहन पार्किंग हेतु उपलब्ध व्यवस्थाओं एवं भूमियों का भौतिक निरीक्षण किया गया तथा उपलब्ध भूमियों को समतल कराकर पार्किंग विकसित करने के निर्देश दिये जिससे यात्री अपने वाहन की सुगमता से पार्किंग कर सकें। इसके उपरांत अधिकारियों द्वारा अयोध्या कैंट रेलवे का भी निरीक्षण किया गया वहां पर बेहतर से बेहतर जन सुविधायें उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी(वि/रा) महेंद्र कुमार सिंह, सीओ ट्रैफिक,सम्बन्धित स्टेशन अधीक्षक सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने तहसील सदर में सुनी जनसमस्याएं

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** जनता की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जनपद के समस्त तहसीलों में जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों की अध्यक्षता में माह के प्रथम व द्वितीय शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है जिसके क्रम में आज जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनता की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुनकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के संबंध में आवश्यक



दिशा–निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करना सबसे महत्वपूर्ण है इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए, सभी अधिकारी अपने–अपने विभाग से संबंधित प्राप्त शिकायतों का आवश्यकतानुसार मौके पर जाकर उभय पक्षों की उपस्थिति में गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय सीमा के भीतर निराकरण करें। साथ ही साथ ही स्पष्ट एवं विस्तृत आख्या आइजीआरएस पोर्टल पर अपलोड करें तथा कृत कार्यवाही से फरियादी को भी अवगत कराएं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक जनपद के हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित करें। संबंधित विभाग के अधिकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं, जिससे कि आम आदमी भी योजना से सीधे जुड़ सकें और सुगमता से लाभान्वित हो सकें।इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर विशाल कुमार, उप जिलाधिकारी न्यायिक, सीओ सदर, पीडी डीआरडीए, तहसीलदार सदर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## लगभग 200 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** हृदय रोगियों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए शनिवार को अयोध्या नगर के नाका स्थित चिरंजीव हॉस्पिटल में निशुल्क हृदय चिकित्सा रोग शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें दिल्ली से आए हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सत्येंद्र तिवारी ने लगभग 200 मरीजों का चेकअप कर उनका स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई। इस मौके पर डॉक्टर तिवारी ने कहा की विदेशी सभ्यताओं को देखते हुए हमारे देश में भी खानपान में परिवर्तन आया है। जो हृदय रोगों का कारक बन रहा है । इसके अलावा समाज में धूम्रपान की अधिकता हो गई है । यह सब कारण हृदय रोगों को बढ़ाने में सहयोग कर रहे हैं। इन सब से बचना चाहिए। जहां तक हो सके घर का बना खाना खाना चाहिए। खाने में अधिक तेल की मात्रा ना हो ।कोलेस्ट्रॉल पर कंट्रोल करना चाहिए



और व्यायाम करना चाहिए। कोरोना काल के बाद से यह देखा जा रहा है कि लोगों की अचानक हृदय रोग से मौत हो रही है। तमाम लोग जोगिंग करने जाते हैं । वहां पर दवाए का अधिक सेवन करने के कारण भी हार्ट अटैक की घटनाएं हो रही है ।इन सब से बचने की आवश्यकता है। इस मौके पर चिरंजीव हॉस्पिटल के निदेशक वरिष्ठ सर्जन डॉक्टर उमेश चौधरी ने कहा कि आजकल हृदय रोग की बीमारियां बहुत तेजी से बढ़ रही हैं।समाज में बहुत बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो सही समय पर सही तरीके से उपचार नहीं कर सकते हैं।

## स्वस्थ रहकर ही व्यक्ति प्रत्येक क्षेत्र में कर सकता है प्रगतिः वेद प्रकाश गुप्ता

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में व्यापक सुविधा प्रदान की जा रही हैं जिससे प्रत्येक व्यक्ति को सरल सुलभ एवं निशुल्क चिकित्सा मिल सके क्योंकि स्वस्थ रहकर ही व्यक्ति जीवन में प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति कर सकता है उक्त उदगार सी एच सी पूरा में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन के वर्चुअल शिलान्यास अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने व्यक्त किया उन्होंने कहा कि चिकित्सा सुविधा की उपलब्धता की पूर्ति के लिए प्रत्येक जिलों में प्रदेश सरकार मेडिकल कॉलेज खोल रही है जिससे गरीबों को निशुल्क चिकित्सा मिल सके इसके लिए आयुष्मान कार्ड लगातार जारी किया जा रहा है ताकि धनाभाव के कारण कोई व्यक्ति इलाज से वंचित न रह जाए तथा मरीजों को सरकारी चिकित्सालयो से निशुल्क दवाइयां दी जा रही है मुख्य अतिथि वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि सीएचसी पूरा बाजार को सभी आधुनिक उपकरणों से लैस किया जाएगा जिससे स्थानीय मरीजों को इलाज के लिए बाहर न भागना पड़े । सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित वर्मा ने कहा कि ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन में सभी जांच निशुल्क कराई जाएंगी जिससे मरीजो को भटकना नहीं पड़ेगा इस सीएचसी को विधायक वेद प्रकाश गुप्ता जी ने गोद ले रखा है इसी कारण इस सीएचसी का दिन प्रतिदिन विकास होता जा रहा है जिससे स्थानीय लोगों को निशुल्क चिकित्सा का भरपूर लाभ रहा है उन्होंने सीएचसी को विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया ।इस अवसर पर देवता पटेल कालिका सिंह एच ओ एस बी वर्मा व विकास मित्तल सहित क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित थे डॉ अमित वर्मा ने अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

### अवध विवि की कुलपति ने दीपोत्सव के लिए नोडल अधिकारी नामित किया

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने अयोध्या के प्रान्तीयकृत दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए तैयारियां शुरू की। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशक्रम में आगामी 11 नवम्बर को होने वाले अयोध्या दिव्य दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन रूपरेखा पर कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने विश्वविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग के प्रो0 संत शरण मिश्र को दीपोत्सव नोडल अधिकारी नामित किया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अयोध्या की राम की पैड़ी पर 21 लाख दीए जलाने का लक्ष्य दिया गया है। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 25 हजार वालंटियर्स तैनात करने की योजना है। दीपोत्सव को भव्यतम रूप देने के लिए समितियां बनाई जा रही है। शीघ्र ही समिति के संयोजकों एवं सदस्यों को दायित्वों से करा दिया जायेगा।

## सपा महिला सभा का मनोनयन पत्र वितरण 24 सितंबर को

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** समाजवादी पार्टी की महिला सभा के जिला अध्यक्ष सरोज यादव के नेतृत्व में 24 सितंबर को पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाबबाड़ी अयोध्या,पर महिलाओं का मनोनयन पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसकी मुख्य अतिथि प्रदेश श्रीमती अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव है। बैठक का मुख्य उद्देश्य 2024 लोकसभा चुनाव में महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित हो सके एवं समाजवादी पार्टी अयोध्या लोकसभा में मजबूती के साथ चुनाव लड़े एवं महिलाओं की सहभागिता अधिक से अधिक रहे इसी को ध्यान में रखते हुए सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज यादव ने 51 सदस्य जिला की कमेटी महिला सभा अयोध्या घोषित की है पूरी कमेटी को नई ऊर्जा के साथ सक्रियता से आने वाले चुनाव में लगने समाजवादी पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए



मनोनयन पत्र का वितरण स्वयं प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रिबू श्रीवास्तव द्वारा दिया जाएगा।

### जिला उपाध्यक्ष बीडीसी संघ के नेतृत्व में ग्रामीण देंगे धरना

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** विकासखंड क्षेत्र के पातू ग्राम पंचायत में छुट्टा पशुओं द्वारा फसलों को किया जा रहे नुकसान से अजिज तथा ग्राम पंचायत में गौशाला निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा बीडीसी संघ के जिला उपाध्यक्ष राहुल दुबे ग्रामीणों के साथ 18 सितंबर को सुबह 10 बजे से ब्लॉक परिसर पर धरना देंगे। इसके कुछ दिन पहले उनके द्वारा खंड विकास अधिकारी रशेष गुप्ता से मिलकर दो सूत्रीय मांग पत्र दिया जा चुका है। तथा उप जिला अधिकारी को भी सूचित किया जा चुका है। और समस्या के निस्तारण की मांग की जा चुकी है। बताया कि ग्राम पंचायत में काफी संख्या में सार्वजनिक भूमि उपलब्ध है। ग्राम पंचायत में गौशाला का निर्माण करवाने की मांग की। आरोप लगाया कि ग्राम समाज की सरकारी जमीनों पर अवैध अतिक्रमण को लेकर स्थिति यह बन गई है कि प्रस्तावित गौशाला निर्माण में खासी दिक्कत उत्पन्न हो रही है।

### विकास कार्यों की प्रगति में जनपद अयोध्या ने प्रदेश में प्राप्त किया प्रथम स्थान

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा प्रदेश के विकास कार्यों के प्रभावी अनुश्रवण हेतु लखनऊ में मुख्यमंत्री कमांड सेन्टर का उद्घाटन 30 जुलाई 2023 को किया गया। कमांड सेन्टर के माध्यम से सरकार की समस्त परियोजनाओं में विभिन्न स्तर के अधिकारियों के मूल्यांकन के लिए एक इंटीग्रेटेड पोर्टल के रूप में सीएम डैशबोर्ड की स्थापना की गयी है, जिसके अन्तर्गत 54 विभागों के 605 प्रोजेक्ट को शामिल किया गया है। अवगत कराया गया कि फलैगशिप प्रोजेक्ट के आधार पर माह अगस्त, 2023 की जारी रैंकिंग में जनपद अयोध्या ने विकास कार्यों में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

### बीकापुर के साधन सहकारी समिति मजरुद्दीनपुर पर चलाया गया सदस्यता का महाभियान

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** बीकापुर के मजरुद्दीनपुर साधन सहकारी समिति पर सदस्यता महाभियान चलाया गया सचिव जगदेव ने बताया कि सरकार आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के समितियों को समृद्ध बना रही है इसे लेकर समितियों को हाईटेक किया जा रहा है भविष्य में ऋण वितरण खाद और बीज वितरण को लेकर दिक्कत न हो इसलिए बी पैक्स अभियान केतहत 30 सितंबर तक अभियान चलाकर सदस्य जोड़े जा रहे हैं भविष्य में ज्यादातर किसानों की सुविधा समितियों के माध्यम से मिलेगी इसलिए ज्यादा से ज्यादा किसानों को जोड़ा जा रहा है। सदस्य बनाने के बाद उन्हें सदस्यता प्रमाण पत्र समिति के ओर से दिया जायेगा इसमे सदस्यों को कम ब्याज पर ऋण देने की सुविधा भी होगी नए सदस्यों को वरीयता के आधार पर 3 प्रतिशत की दर से साधारण ब्याज पर ऋण दिया जायेगा।इस मौके पर अध्यक्ष दिवाकर दूबे प्रधान बृज कुमार यादव, प्रधान धनंजय सिंह पूर्व बी. डी. सी. रमेश सिंह पप्पू सिंह अभिषेक तिवारी तेज बहादुर यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### खोदे गए गड्ढों व नालियों से चलना दुश्वार

**अयोध्या।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन डालने के लिए भेलसर गांव में खोदी गई सड़को से ग्रामीणों को निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है ।ग्राम प्रधान भेलसर मोहम्मद अलीम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की है कि भेलसर रहीम गंज मार्ग सहित पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढों व नालियों को खुला छोड़ दिया है जिससे आमजन को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । ग्राम प्रधान ने जनहित में खोदे गए गड्ढे को दुरुस्त कराने की मांग की है।

### कुल देवी आद्य महालक्ष्मी की यात्रा का हुआ स्वागत

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** अग्र समाज की कुल देवी आद्य महालक्ष्मी की रथ यात्रा अग्रोहा हरियाणा से प्राराम्भ होकर नेपाल भूटान से होकर गोरखपुर के रास्ते आज रूदौली नगर पहुँची रामलीला मैदान रूदौली में यात्रा का स्वागत किया गया तथा वहां से निकली यात्रा ने विशाल शोभायात्रा का रूप ले लिया जिसमे महिलाओं , बच्चों और अग्रवाल समाज के सैकड़ो लोगो ने हिस्सा लिया और कोठी चौराहे पर भव्य सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण के बाद शोभायात्रा का समापन हुआ । अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अनुराग अग्रवाल ने बताया कि अग्रोहा में निर्माणाधीन विशाल लक्ष्मी जी के मंदिर के प्रचार प्रसार के लिए ये यात्रा संचालित है ।यात्रा में आत्म प्रकाश,मृदुल,कुशल,लाल जीअजय , अमित , संजय अग्रवाल , हिमांशु गर्ग प्रणव,प्रभात,सनी,प्रमित,सछम,श्रेय,बंटी, अनुज आदि सभी अग्रवाल बन्धु उपस्थित रहे।

### जश्ने ईद मिलादुन्नबी कल से

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** अंजुमन आशिकाने रसूल सुभाष नगर के जेरे एहतेमाम 12 रोज़ा "जश्ने ईद मिलादुन्नबी" का इन ईकाद 01 रबीउल अव्वल से 11 रबीउल अव्वल 17 सितंबर से 28 सितंबर तक बाद नमाज़ मगरिब मस्जिद बिलाल में हज़रत कारी मुहम्मद मारूफ साहब की सदारत में होगा जिसमे शहर इमाम हज़रत मौलाना मुफ्ती शमसुल कमर अलीमी साहब खतीब वा इमाम जामा मस्जिद टाट शाह वा क़ाज़ी ए शरीयत ज़िला अयोध्या,फाजिल ए बगदाद हज़रत मौलाना मुख्तारूल हसन साहब शेखुल हदीस दारुल उलूम नूरूलहक चिररा मुहम्मदपुर,हज़रत मौलाना मुफ्ती मोइनुद्दीन अशरफी साहब,हज़रत मौलाना नूरूल हुदा साहब,हज़रत मौलाना गुलाम अली साहब,हज़रत कारी अब्दुल जलील हबीबी साहब,हज़रत मौलाना अब्दुल मुकीत साहब,हज़रत मौलाना फजलुद्दीन साहब,हज़रत मौलाना कारी शाबान साहब खिताब फरमाएंगे।ये जानकारी डॉ0 मोहम्मद तौसीफ ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।

### संजीव सिंह की दोबारा ताजपोशी होने पर समर्थकों में खुशी की लहर

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** भाजपा जिलाध्यक्ष के पद पर संजीव सिंह के दोबारा ताजपोशी होने पर उनके गृह क्षेत्र बीकापुर में भी समर्थकों में खुशी का माहौल है। भारतीय जनता पार्टी में संजीव सिंह को लगातार दूसरी बार अयोध्या जनपद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। तथा आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। शुक्रवार शाम संजीव सिंह के दोबारा जिलाध्यक्ष बनाए जाने की सूची जारी होने के बाद उनके गृह क्षेत्र बीकापुर बाजार, शेरपुर पारा, खजुराहट सहित अन्य जगहों पर उनके समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा खुशी जताते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाई गई। पटाखे भी दगाए गए। भाजपा जिलाध्यक्ष की दूसरी पारी के लिए उन्हें बधाई दी गई। खुशी जताने वालों में ब्लॉक प्रमुख दिनेश कुमार वर्मा, पवन चौरसिया क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल दूबे, राजकुमार वर्मा, अनिल वर्मा, अंकित दूबे, गुड्डु उपाध्याय, इंद्रसेन सिंह, भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुनील मिश्रा, शिवकुमार साहू, अंकित गुप्ता व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक गुप्ता सहित तमाम लोग शामिल हैं।

### नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने 51 किलो की माला पहनकर किया स्वागत

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से गांधी जयंती से तक भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जायेगा। इस दौरान विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए पार्टी कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारी सौंप गई।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया की महानगर के 56 शक्ति केंद्रों पर प्रातः 8 बजे से प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने की कामना के साथ योजनाओं के लाभार्थियों तथा पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।छोटी देवकाली मंदिर पर 108 कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने के लिए हवन पूजन किया जाएगा। 10 बजे से पार्टी कार्यालय सहादतगंज पर श्रमिकों पार्टी कार्यकर्ताओं नेताओं जन प्रतिनिधि वर्चुअल रूप में प्रधानमंत्री का भाषण सुनेंगे।इससे पूर्व नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव का कार्यकर्ताओं ने 51 किलो की माला पहनकर स्वागत किया।

### फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** रात्रि में बुआ के घर कह कर निकले 22 वर्षीय युवक का गांव के पास बैग में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता हुआ शव मिला है । वहीं सूचना पर पहुंची तारुन पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है । खबर अयोध्या जनपद के तारुन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा पेड़रा के सराय रघुनाथ की है । जहां निवासी 22 वर्षीय अतुल उर्फ गोलू पुत्र ओमप्रकाश वर्मा शुक्रवार की रात लगभग 11:00 बजे के आसपास घर से बाहर निकाला । कुछ देर बाद घर पर फोन कर बताया कि वह हैदरगंज थाना क्षेत्र के कटौना स्थित अपनी बुआ के घर जा रहा है । परंतु सुबह जब परिजनों ने जानकारी लिया तो पता चला कि वह बुआ के घर भी नहीं पहुंचा है । इसके बाद परिजन उसकी खोजबीन में लग गए दोपहर लगभग 1 बजे के आसपास अतुल का शव परिजनों को सराय रघुनाथ के पास बाग में निजी ट्युब्वेल स्थित आम के पेड़ की डाल से संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे पर लटकता हुआ दिखाई दिया।

स्वागत | कार्यकर्ताओं की नब्ज बखूबी पहचानते हैं महानगर अध्यक्षः जेपी श्रीवास्तव

## कार्यकर्ताओं के हित में उठेगा हर कदमः कमलेश

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा अयोध्या महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव को घोषित करते ही कार्यकर्ताओं में नए जोश का संचार हो गया है। अपने बीच के कार्यकर्ता को महानगर अध्यक्ष के रूप में पाकर अयोध्या के कार्यकर्ता मंत्रमुग्ध हैं। शनिवार को अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान के साथ नगर के प्रमुख व्यापारी वा पार्टी जनों ने महानगर के हृदय स्थल चौक में नव नियुक्त महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव का जोरदार स्वागत अभिनंदन किया। उत्साह से लबरेज कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष को फूल मालाओं से लाद दिया। अपनी सादगी से कार्यकर्ताओं में अलग छाप छोड़ने वाले महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि उनका हर कदम कार्यकर्ताओं के हित में उठेगा। कार्यकर्ता संगठन की पूंजी है और इस पूंजी को संजोए रखना ही हमारा पहला दायित्व है। उन्होंने साफ किया कि कार्यकर्ताओं के मान सम्मान के लिए वह हमेशा खड़े रहेंगे। यही नहीं उन्होंने कहा कि एक सामान्य कार्यकर्ता की भांति कार्य करके पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाना हमारी प्राथमिक मे है। पार्टी के कार्यक्रमो को सौ प्रतिशत पूरा करना होगा। सी एम श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन का सकारात्मक सहयोग महानगर अध्यक्ष के साथ



रहेगा। वहीं दूसरी तरफ संस्थान के उपाध्यक्ष व मंडल उपाध्यक्ष भाजपा जयप्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि महानगर अध्यक्ष कार्यकर्ताओं की नब्ज को बखूबी पहचानते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने जिस सूझबूझ के साथ महानगर अध्यक्ष के रूप में कमलेश श्रीवास्तव को अयोध्या में दिया है पार्टी कार्यकर्ता पूरी लगन और निष्ठा के साथ उनके कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे। इस मौके पर अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान के उपाध्यक्ष अभय श्रीवास्तव, स्वप्निल श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, सभासद फिरौनी सभासद खिरौनी आशीष श्रीवास्तव,राजेश श्रीवास्तव, दीपक जौहरी, अमित श्रीवास्तव,संग्राम सिन्हा, आलोक श्रीवास्तव,चंद्र मोहन श्रीवास्तव, शिखर श्रीवास्तव जय,वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व डिप्टी मेयर सुधीर श्रीवास्तव , पूर्व पार्षद अन्नू जयसवाल, पार्षद अनिल सिंह, शिवकुमार गुप्ता, समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी शुभकामनाएं दी।

## पॉलिथीन में बंधा युवक का शव व बाइक छोड़ भागे हत्यारे

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** खंन्डासा थाना क्षेत्र के घटौली गांव स्थित स्पीड ब्रेकर के पास पालीथीन में बंधा अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। 35 वर्षीय युवक की हत्या कर हत्यारे बाइक से शव को ठिकाने लगाने के फिराक में थे।किंतु वह अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके और वह सड़क के ब्रेकर पर अनियंत्रित होकर गिर गये।बाइक सवार हत्यारे ग्रामीणों के दौड़ने पर बाइक व शव छोड़ मौके से भाग निकले।घटना की सूचना मिलते ही मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों खंडासा कुमारगंज और इनायत नगर से भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई और पॉलिथीन में बंधे युवक का शव कब्जे में लेकर पहले शव की शिनाख्त में पुलिस जुट गई।मृतक की जेब से मिले पर्स से उसकी पहचान शाकिब (35) पुत्र अजीज निवासी परसौली कोतवाली रुदौली के रुप में हुई। युवक के शव की पहचान हो जाने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।प्राप्त जानकारी के मुताबिक शनिवार की भोर करीब 3:30 बजे हीरो स्प्लेंडर सुपर बाइक रजिस्ट्रेशन नंबर यू पी 41 ए वाई 3546 से पॉलिथीन में बांधकर 35 वर्षीय युवक का शव लेकर दो व्यक्ति कहीं ठिकाने लगाने के फिराक में जा रहे थे।वह खंडासा थाना क्षेत्र के आजाद नगर घटौली चौराहे पर चितौरा गोयड़ी संपर्क मार्ग पर घटौली गांव के पास स्थित स्पीड ब्रेकर पर पहुंचे ही थे कि अनियंत्रित होकर बाइक सड़क के किनारे पड़े गिट्टी और मिट्टी के ढेर से जा टकराए। जिसके चलते वह गिर गए।उधर आवाज सुनकर चौराहे और गांव के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने पहले दोनों युवकों को उठाना चाहा कि इतने में पॉलिथीन से बाहर हाथ निकला देख लोगों ने गुहार लगा दी। माजरा भांप दोनों युवक मौके से भाग निकले।ग्रामीणों ने पॉलिथीन खोलकर देखा तो उसमें 35 वर्षीय युवक का बिस्तर समेत लहूलुहान शव बंधा हुआ था। ग्रामीण घटना की जानकारी खंडासा पुलिस को दी सूचना मिलते ही कुमारगंज खंडासा और इनायत नगर थानों से भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई।

## ख़ास ख़बर

### शाहपुरा जिले की 67 वीं जूडो,बॉक्सिंग और कुश्ती प्रतियोगिता सम्पन्न

**दैनिक शुभ भास्कर/ मनोज आचार्य/राजस्थान /भीलवाड़ा/ शाहपुरा।** 67वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के अंतर्गत शाहपुरा जिले की 14 वर्षीय छात्र एवं छात्राओं की जूडो, बॉक्सिंग और कुश्ती प्रतियोगिताओं का समापन समारोह गिरिडीया पंचायत के अधीनस्थ राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सालरिया खुर्द में नरेंद्र रेगर के मुख्य अतिथि एवं भूतपूर्व सरपंच कालू लाल गुर्जर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ हुआ। आयोजन सचिव और स्थानीय विद्यालय के शारीरिक शिक्षक कमलेश बैरवा ने बताया कि 10 सितंबर से प्रारंभ हुई इन प्रतियोगिताओं में इन तीनों खेलों की भार के अनुसार विभिन्न वर्गों में कुल 39 छात्र-छात्राओं ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया जो अब राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में शाहपुरा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के समन्वयक हबीब खान कायमखानी ने बताया कि कुश्ती की छात्रों की जनरल चैंपियनशिप रघुनाथपुरा, आई ई पी एस बनेड़ा तथा अचीवर्स अकैडमी बनेड़ा ने संयुक्त रूप से,बॉक्सिंग की सिंह जी का खेड़ा तथा जूडो की मॉडल स्कूल बनेड़ा एवं संगरिया विद्यालय ने जीती। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि शाहपुरा से अक्षय गुर्जर, आरिफ मोहम्मद, भूतपूर्व सरपंच रामलाल मेघवंशी, सरपंच प्रतिनिधि कालू लाल गुर्जर, पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी सुनीता नानकानी, एसएमसी अध्यक्ष कल्ला गुर्जर पंचायत परिक्षेत्र के समस्त शिक्षक, एसएमसी सदस्य, विद्यार्थियों के अभिभावक एवं अन्य गणमान्य ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।अन्त में संस्था प्रधान शंकर वर्मा ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन नृसिंह सेन और नरसी राम देवंदा ने किया।

### व्यापार मंडल सेक्टर 5 व 6 चुनाव संपन्न





**दैनिक शुभ भास्कर/राकेश जैन/ राजस्थान /उदयपुर ।** व्यापार मंडल सेक्टर 5 व 6 के चुनाव में निर्विरोध 7वीं बार अध्यक्ष पद पर मनोज जैन मनोनीत, सचिव नरेश सोलंकी एवं संजय मेहता कोषाध्यक्ष मनोनीत। व्यापार मण्डल सेक्टर 5 व 6 के द्विवार्षिक चुनाव वर्ष 2023-25 के लिए आज सम्पन्न हुए। चुनाव प्रभारी व व्यापार मण्डल संरक्षक पुरषोत्तम मेनारिया ने बताया कि मनोज जैन को व्यापार मण्डल का लगातार 7वीं बार निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत किया गया। सचिव पद पर नरेश सोलंकी एवं कोषाध्यक्ष पद पर संजय मेहता को निर्विरोध मनोनीत किया गया। चुनाव से पूर्व मण्डल अध्यक्ष मनोज जैन ने व्यापार मण्डल के सफलतम 10 वर्ष पूर्ण होने पर सभी को बधाई के साथ धन्यवाद दिया और इन दस वर्षों में व्यापार मण्डल द्वारा किये गए समस्त गतिविधियां व उपलब्धियों की जानकारी प्रदान करते हुए पूर्व के सभी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी के सदस्यों का उपरणा से स्वागत व सम्मान किया। कोषाध्यक्ष नरेश सोलंकी ने वर्ष 2021-23 के समस्त आय व्यय का ब्यौरा प्रदान किया।

### सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों का होगा प्रशिक्षण



**मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढी ।** वित्त विभाग बिहार सरकार के निर्देश के आलोक में 22 सितंबर 2023 को मध्यान 12:00 बजे से जिले के सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों का प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण में जेम पोर्टल पर सामग्री एवं सेवाओं की अधिप्राप्ति से संबंधित सभी महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारियां अधिकारियों को उपलब्ध कराई जाएंगी। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में आयोजित होगा जिसमें सीतामढ़ी जिले के सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों को भाग लेना लेने का निर्देश जिलाधिकारी सीतामढ़ी के द्वारा दिया गया है। उक्त प्रशिक्षण वित्त विभाग के जेम के प्रतिनिधि द्वारा दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकार्यों को आदेशित किया है कि उक्त तिथि को ससमय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

# डीएम के आदेश पर डेंगू की रोक थाम के लिए परियास जारी

**मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढी ।** डीएम के आदेश पर डेंगू के प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम एवं अन्य नगर निकायो द्वारा लगातार प्रयास जारी है।डीएम ने निर्देश दिया है कि डेंगू की जांच एवं इलाज हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था सदर अस्पताल ,पीएचसी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करना सुनिश्चित करेंगे तथा नगर आयुक्त नगर निगम सीतामढ़ी ,सभी कार्यपालक अधिकारी नगर परिषद नगर पंचायत अपने क्षेत्र अंतर्गत नियमित रूप से फॉगिंग एवं जल जमाव वाले स्थान पर स्प्रे मशीन से लार्वा साइट का छिड़काव करना सुनिश्चित करेंगे। डेंगू के प्रकोप से बचाव हेतु शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार फॉगिंग एवं रसायनों का छिड़काव किया जा रहा है । जिलेभर में डेंगू के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए रोग के संक्रमण से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए रणनीति के क्रियान्वयन हेतु जिला, अनुमंडल , प्रखंड स्तरीय



पदाधिकारियों एवं सहयोगी संस्थानों द्वारा विशेष नजर रखी जा रही है । नगर निगम ,नगर परिषद, नगर पंचायत, , सभी पीएचसी स्तर पर व्यापक पैमाने पर फॉगिंग एवं दवा का छिड़काव किया जा रहा है प्रचार प्रसार के माध्यम से डेंगू से बचाव हेतु जागरूकता अभियान चलाकर आमजन को प्रेरित किया जा रहा है । डेंगू की बीमारी संक्रमित मादा एडिस मच्छर के काटने से होती है । तेज बुखार, बदन ,सर एवं जोड़ों में दर्द तथा आंखों के पीछे दर्द, त्वचा पर लाल धब्बे, चकत्ते का निशान ,नाक मसूढ़ों से या उल्टी के साथ रक्त स्राव होना ,काला पैखाना होना आदि। दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें, पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहने, घर एवं सभी कमरों को साफ सुथरा एवं हवादार बनाएं रखें,टूटे-फूटे बर्तनों ,कूलर ,एसी ,फ्रिज के पानी निकासी ट्रे ,पानी टंकी एवं घर के अंदर एवं अगल-बगल में अन्य जगहों पर पानी ना जमने दें। आसपास के जगह को साफ सुथरा रखें तथा जमा पानी एवं गंदगी पर किटनाशक दवा का छिड़काव करें ,गमला फूलदान इत्यादि का पानी हर दूसरे दिन बदले, जमे हुए पानी पर मिट्टी का तेल डालें । याद रखें हर बुखार डेंगू नहीं है ।बीमारी के लक्षण होने पर बिना समय नष्ट किये चिकित्सक से संपर्क करें। डेंगू बुखार की स्थिति में सभी रोगियों को अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती है। समय पर उपचार करने से मरीज पूर्णतः स्वस्थ हो जाता है । तेज बुखार के उपचार हेतु एस्प्रीन अथवा ब्रूफेन की गोलियां कदापि इस्तेमाल नहीं करें । इसके लिए पारासिटामोल सुरक्षित दवा है । एंबुलेंस हेतु टॉल फ्री नंबर 102 डायल करें। डेंगू के मरीजों जॉच एवं उपचार की व्यवस्था सभी सरकारी अस्पताल निःशुल्क सुविधा दी जा रही है।

## पत्नी व मासूम बच्ची को घर से बाहर कर पति हुआ फरार परिजनों के साथ विवाहिता पहुँची



**वाराणसी,मिर्जामुराद ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के डंगहरिया गाँव निवासिनी विवाहिता ने थाना मिर्जामुराद पहुँच पति के खिलाफ शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक सुनीता पत्नी नीरज सिंह पटेल निवासिनी ग्राम-रत्ना डेडीपुर, पोस्ट गिर्द बड़गाँव थाना औराई संत रविदास नगर भदोही की शादी बीते छह वर्ष पूर्व सम्मा माई मंदिर राने चट्टी मिर्जामुराद के प्रांगण में सम्पन्न हुई थी,तब से पति नीरज सिंह पटेल पत्नी सुनीता को लेकर रोहनिया थाना क्षेत्र के आलोक नगर कालोनी खुशीपुर बाईपास पर रहता था बीते तीन दिन पूर्व पत्नी व मासूम बच्चे को घर से बाहर कर भाग निकला,पति को खोजते हुए पत्नी सुनीता व परिजन जब डंगहरिया पहुँचे तो पता चला कि नीरज दूसरी शादी कर लिया है जिससे आहत पत्नी सुनीता थाना मिर्जामुराद पहुँच शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।पीड़िता के पास एक मासूम पुत्री निशु है,पीड़िता ने बताया कि पति आलोक नगर कालोनी में मेडिकल चलाता था और फल का दुकान भी है।वर्तमान समय मे पीड़िता मेहदीगंज में अपने माता पिता के साथ रह रही है।मिर्जामुराद पुलिस ने शिकायती पत्र लेकर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

## किसान नेता हाड़ा ने किया भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा का भव्य स्वागत



**दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान / चित्तौड़गढ़ ।** जिले की बेगूं विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी द्वारा राजस्थान में निकाली जा रही परिवर्तन संकल्प यात्रा का भीलवाड़ा जिले से होते हुए बेगूं विधानसभा के मेनाल क्षेत्र में गुजरने पर बेगूं विधानसभा के भाजपा किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा के नेतृत्व में सैंकड़ों की संख्या में महिला शक्ति एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुलडोजर से पुष्प वर्षा करके एवं परिवर्तन संकल्प यात्रा के रथ पर उपस्थित साध्वी निरंजना ज्योति,भाजपा राष्ट्रीय मंत्री अलका सिंह गुर्जर,प्रदेश महामंत्री मोतीलाल मीणा सहित नेताओ का माला पहनाकर स्वागत किया।भाजपा कार्यकर्ताओं ने आगामी चुनाव में बेगू विधानसभा में कमल खिलाकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के नेतृत्व में राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया।स्वागत के दौरान बेगूं विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने अबकी बार स्थानीय उम्मीदवार एवं बेगूं विधानसभा से कमलेंद्र सिंह हाड़ा हो भाजपा उम्मीदवार के नारे लगाए, परिवर्तन संकल्प यात्रा के स्वागत के पश्चात कमलेंद्र सिंह हाड़ा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं का काफिला जोगणियां माता पहुंचकर मातारानी का आशीर्वाद लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया।

## 86वें शनिवार को मिशन अन्नपूर्णा रसोई वितरण जारी रहा

**मोतिहारी ।**अशोक वर्मा मानव सेवा की मिसाल बनी मिशन अन्नपूर्णा रसोई !इस योजना के तहत जरूरतमंदों गरीबों असहायों को प्रत्येक शनिवार को मुफ्त रसोई दिया जाता है। इस बार 86 वें सप्ताह आयोजक सदस्यों मे सेवा का भरपुर उत्साह देखा गया !आज बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर 86 वें आयोजन मे गरीबों, टेंपो चालक, रिक्शा चालको, रोजमर्रा की मजदूरी करने वाले मजदूरों यात्रियों और जरूरतमंदों की लंबी कतार लगी।सभी को भरपेट निशुल्क भोजन कराया गया। वितरण करते हुए मिशन अन्नपूर्णा रसोई के संचालक सामाजिक कार्यकर्ता राम भजन ने कहा कि जनसेवा ही सबसे बड़ी सेवा है गरीबों की सेवा करना



ही सबसे बड़ा धर्म है यह सेवा कार्य करने से संस्था के सभी सदस्यों ने इस जरूरतमंदों असहायों गरीब लोगों की आत्मा को तृप्त कर उनकी एक समय का भोजन की समस्या को दूर कर रहे हैं । भारतीय संस्कृति में कहा गया है सेवा परमो धर्मा वही सीतादेवी ओकारनाथ जालान सेवा संस्थान के संस्थापक विनोद जालान ने बताया कि अपने लिए तो सभी जीते हैं गरीब असहायों एवं जरूरतमंदों की सेवा से आत्मिक संतुष्टि मिलती है ।कहा कि, हमारा संगठन गरीबों की मदद के लिए सदैव तत्पर है,और यह सेवा आगे भी चलता रहेगा। अन्नपूर्णा रसोई के सेवक विक्की कुमार ने बताया कि देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम सेवा परिषद और सीता देवी ओंकारनाथ जालान सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वधान में निशुल्क भोजन कराने कार्य 14 जनवरी 2022 को मकर संक्रांति के दिन शुभारंभ किया गया था ।मौके पर आश्रम अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा , राजेंद्र जालान ,अमन कुमार, रविंद्र कुमार, गुड्डू कुमार उपस्थित रहे।

### आगामी नवरात्र पूजा व्यवस्था को लेकर दुर्गा माई स्थान मंदिर परिसर में किया गया बैठक लिया गया कई निर्णय



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो बेतिया,साठी ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भेडीहरवा पंचायत के हिंगुलहर गांव स्थित दुर्गा माई स्थान मंदिर में सामूहिक नवरात्रि पूजा को लेकर, नव युवक संघ की बैठक हुई। बैठक में हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी भव्य पूजा आयोजन का निर्णय लिया गया पूजा शांतिपूर्ण से संपन्न हो इसको लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श हुई विधि ब्यावथा को लेकर हर पहलू पर चर्चा किया गया।बैठक की अध्यक्षता उमेश कुमार ने की बताया कि पूजा का संचालन शांतिपूर्ण ढंग से हो इसको लेकर चार शिफ्ट में नवयुवक दल की टोली मुस्तैद रहेगी सुबह शाम पूजा स्थल पर आने वाले श्रद्धालु भक्तों को किसी तरह की असुविधा नहीं हो इसपर विशेष ध्यान दिया जायेगा, गड़बड़ी फैलाने वाले अवांछित तत्वों पर नजर रखी जाएगी और उनके साथ सख्ती से निपटने की भी रणनीति बनाई जाएगी , मौके पर पिंटू कुमार गुप्ता,मुकेश कुमार गुप्ता,विजय पांडेय,पवन शुक्ला,दिनेश्वर साह, प्रमोद पांडेय,नंदकिशोर साह, बिरजू साह, छठु पांडेय,हरिशंकर पाण्डेय आदि ग्रामीणों ने अपने-अपने विचार रखें ।

### खुशहाल रहने के लिए सामाजिक स्तर से करें भूमि विवाद का निपटारा



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो बेतिया, साठी ।** थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमे नरकटियागंज राजस्व कर्मचारी जगनरायण राम एवं लौरिया राजस्व कर्मचारी पुष्पेश कुमार के अलावा साठी थाना के पुलिस पदाधिकारी भी शामिल रहे इस दौरान भूमि विवाद से जुड़े दर्जनों मामलों पर सुनवाई की गई पदाधिकारीयों ने दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठ कर सबका पक्ष जाना उससे संबंधित दोनों पक्षों के कागजात की प्रतिलिपि जमा करवाई तथा यथोचित सुझाव भी दिए बताया कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों का समाधान बेहतर तरीके से सामाजिक स्तर पर हो जाता है जरूर इस बात का है कि न्याय प्रिय लोगों की मध्यस्थता में आपसी निपटारा की जाए पक्षपात नहीं होने पर विवाद सामाजिक स्तर पर आसानी से सुलझा लिए जाते हैं इससे दोनों पक्ष शांति और सुखी रहता है जनता दरबार मे कई जमीन संबंधित मामले को निपटारा किया। मौके पर दरोगा भूपेश कुमार,दरोगा रणविजय सिंह और जनता दरबार में आए फरियादी मौजूद रहे।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन का परिचय सम्मेलन संपन्न हुआ





**विशाखा व्यास/दैनिक शुभ भास्कर/राजस्थान ।** सैनी विकास संस्था (संगठन) कोटपूतली के द्वारा चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन का आज तीसरा परिचय सम्मेलन में कराणा बिलाली बड़ागांव सैनी समाज अध्यक्ष पप्पूराम सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ डॉ. ओमप्रकाश सैनी ने बताया कि संगठन के अध्यक्ष बबलू बबेरवाल व संयोजक बाबूलाल सैनी बैंक मैनेजर, संरक्षक रामजीलाल सैनी, पप्पू बायलान उपाध्यक्ष रामावतार मिस्त्री, रामस्वरूप सैनी, राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड तहसील अध्यक्ष रमेश ठेकेदार, सचिव एड.गोविन्द सैनी, ब्लॉक नारेड़ा अध्यक्ष दाताराम सैनी, संजय सैनी, मुकेश सैनी, ने पधार कर अपने विचार व्यक्त किया सुवालाल सैनी ने बताया कि चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन 23 नवंबर (देवउठनी ग्यारस) का कोटपूतली में रहेगा ।

**आयोजन** सही मार्गदर्शन मिले तो हमारे क्षेत्र के बच्चो का तकनीकी के क्षेत्र में कोई जोड़ नहीं होगा

# बच्चों ने दिखाए साइंस के अनोखे प्रयोग, मैक्स फिजिक्स में मना इंजीनियर्स डे

**मिश्रटोला ।** स्थित मैक्स फिजिक्स कोचिंग संस्थान में इंजीनियर्स डे के मौके पर निर्देशक इंजीनियर नवनीत भार्गव के नेतृत्व में साइंस एग्जीबिशन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के छात्रों ने फिजिक्स और तकनीकी के अनूठे संयोग से एक से बढ़कर एक मॉडल तैयार किया था। कुछ बेहतरीन मॉडल में रेड फोर्ट सिक्योरिटी मॉडल, लेजर सिक्योरिटी सिस्टम , सेलेन-4, रोबोट ,मिशन मंगल, एलेक्टरिसिटी जेनरेटर इत्यादि के मॉडल ने आनेवाले सभी मेहमानों का दिल जीत लिया । 11वी और 12वी के बच्चो ने अपने सिलेबस से संबंधित लगभग सभी प्रयोगों को सफलता पूर्वक करके दिखाया । स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट , थर्ड आइ फार हूयमेन, और विभिन्न प्रोजेक्ट्स ने ये साबित कर दिया की अगर



सही मार्गदर्शन मिले तो हमारे क्षेत्र के बच्चो का तकनीकी के क्षेत्र में कोई जोड़ नहीं होगा। कार्यक्रम में CM साइंस कालेज के वर्तमान प्राचार्य व पुर्व एम एल सी दिलीप चौधरी, करियर सलाहकार सजल यादव, के साथ साथ इम्तियाज, इंजिनियर प्रिंस परवेज़, एके कर्न, ब्रजेश जी, सीनियर पत्रकार मनोज कुमार और हाईकोर्ट के वक़ील पुरेंद्र कुमार बतौर निर्णायक मंडल में थे। सभी उपस्थित गणमान्य लोगों और वरिष्ठ शिक्षको ने बच्चो के साथ साथ मार्गदर्शक नवनीत भार्गव के इनोवेटिव प्रयासों की भी काफी सराहना की। साइंस एग्जीबिशन के इस प्रतियोगिता मे सेलेना-4 बनाने वाले विकास और हिमांशु को प्रथम स्थान, साहनवाज और टिम को दुसरा और अंकित & टिम को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। साथ ही कार्यक्रम के सभी परतिभागियो को संस्थान द्वारा दरभंगा तारामंडल के मुफ़्त टिकट की भी घोषणा की गई। मैक्स फिजिक्स के डायरेक्टर नवनीत भार्गव ने कहा कि बच्चो को थियरी के साथ साथ प्रैक्टिकल फिजिक्स भी सीखने की जरूरत है। मैक्स फिजिक्स लगातार प्रयासरत रहती है की अधिक से अधिक बच्चो को अभी से टेक्निकल एजुकेशन के लिए तैयार किया जाए। अगर इस तरह के आयोजन समय समय पर होते रहे तो निश्चित तौर पर मिथिलांचल तकनीकि के क्षेत्र में भी सबसे आगे होगा। आयोजन में चुने हुए प्रोजेक्ट के सफल बच्चो को प्रोत्साहित करने के लिए सर्टिफिकेट के साथ साथ प्रोत्साहन के लिए कैश प्राइज भी दिया गया।

# कई अपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपी गुलामनबी गिरफ्तार

**अब्दूल वहाब,उधवा/ साहिबगंज ।** राधानगर थाना पुलिस ने देर रात रात गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के पूर्वी प्राणपुर में छापेमारी अभियान चलाकर कई मामले के वांछित अपराधी नबी उर्फ गुलामनबी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद उसे शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार थाना कांड संख्या 133/23 के नामजद आरोपी नबी उर्फ गुलामनबी के विरुद्ध थाना में मारपीट,छिनतई जैसे कई मामले दर्ज है।इनके अलावा उन्होंने देश के अन्य राज्यों में भी बैंक लूटकांड,सोना चोरी व मोटरसाइकिल चोरी जैसे कई बड़ी अपराधिक घटनाओं को अंजाम दिए है। वही आरोपी नबी अपने साथियों के साथ मिलकर झारखंड ,बिहार व अन्य राज्यों से मोटरसाइकिल चोरी कर दूसरे राज्यों में बिक्री करते थे। हालांकि नबी के विरुद्ध कई थाने में भी चोरी जैसे कई मामले की लेकर मामला दर्ज है। वह कई बार जेल की सलाखों के पीछे भी जा चुका है।जेल से बाहर निकलने के बाद भी वह इस धंधे से दूर नहीं रहा। उन्हें इस धंधे में अच्छा खासा मुनाफा होता था। वही बीते कुछ लोगों के द्वारा पश्चिमी प्राणपुर में मेला आयोजित कर पश्चिम बंगाल के कलाकारों से अश्लील डांस कराने जाने के मामले में गुलामनबी समेत कई लोगों का नाम सामने आया था। वही बीते गुरुवार को हारवे हथियार से लैस होकर एक समाजसेवी सद्दाम शेख के साथ भी मारपीट की गई थी। घटना को लेकर उसके विरुद्ध थाना में मामला दर्ज है। पुलिस ने जब उसके अपराधिक इतिहास का रिकॉर्ड खंगाला तो कई अपराधिक घटनाओं में उसे संलिप्त पाया। वही पुलिस ने पेशेवर तरीके से उक्त अपराधी की सुराग निकालकर छापेमारी अभियान चलाया। जहां उसे पूर्वी प्राणपुर स्थित



इसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। गुलामनबी का रहा अपराधिक इतिहास कई मामले के वांछित अपराधी गुलामनबी के विरुद्ध रांगा थाना में कांड संख्या 24/21 में बाइक चोरी का मामला दर्ज है। वह बाइक चोरी के आरोप में जेल भी जा चुका है। वही राजमहल थाना में कांड संख्या 123/21 के तहत बाइक चोरी का मामला दर्ज है। जबकि राधानगर थाना में 236/20, 3/21, 135/23 दर्ज है।

## ख़ास ख़बर

### डीएम कर रहे थे बैठक, सीएमएस कर रही थी मटरगस्ती, अब ऑफिस में देंगी जबाब



**चंदौली** । जिलाधिकारी निखिल टी.फूंडे स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था को लेकर जिम्मेदारों के साथ शुक्रवार को बैठक कर रहे थे। लेकिन यहां उनके बैठक की सूचना को नजरअंदाज कर पंडित कमलापति त्रिपाठी संयुक्त चिकित्सालय की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक मटरगस्ती में ब्यस्त रहीं। बैठक से अनुपस्थित होने पर जब उन्हें फोन किया गया तो कुछ देर बाद प्रतिभाग करने के लिए पहुंची। उनके इस लापरवाही पर जिलाधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए जबाब तलब किये जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना, परिवार नियोजन, नियमित टीकाकरण, आयुष्मान योजना, एम्बुलेंस व्यवस्था, टीबी उन्मूलन कार्यक्रम सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं का शत प्रतिशत क्रियान्वयन कराने के लिए कहा। उन्होंने जननी शिशु सुरक्षा योजना के तहत प्रसवोत्तर के दौरान जच्चा को निःशुल्क भोजन उपचार सहित स्वास्थ इकाई पर 48 घंटे रुकने की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। इसके साथ ही जनपद स्तरीय अधिकारी जिनके द्वारा गोद लिया गया है, वे सभी अधिकारी समय-समय पर जाकर मरीजों से मिले और दवाओं व पुष्टाहार एवं अन्य सामग्रियों को मरीजों को मुहैया कराते रहें। आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्डो में पंचायत सहायक एवं आशा वर्कर घर-घर जाकर शत प्रतिशत गोल्डन कार्ड बनवाया जाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जनपद के हेल्थ वेयरनेस सेंटर पर बिजली कनेक्शन की ब्यवस्था न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि पानी, बिजली व शौचालय की ब्यवस्था डीपीआरओ के साथ तालमेल बैठाकर जल्द से जल्द पूरा कराएं।

### नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह के गांव पहुचते ही क्षेत्र के लोगो ने पहुंच कर जिलाध्यक्ष को दी बधाई



**चकिया चन्दौली** । भाजपा के नये जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह को बनाए जाने पर चकिया नगर समेत क्षेत्र मे खुशी की लहर दौड़ पडी तथा नगर के लोग भाजपा जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह के आवास पर पहुंच पर बधाई देते हुए एक दुसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया ।

### चोरी की मोटरसाइकिल बरामद एक गिरफ्तार



**शुभ भास्कर,चंदौली** । पुलिस अधीक्षक चन्दौली डा0 अनिल कुमार के निर्देशानुसार जनपद में वाहन चोर/वांछित अभियुक्त/वारण्टियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में,अपर पुलिस अधीक्षक सदर विनय कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर रामबीर सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र थाना कन्दवा द्वारा गठित टीम की सहयोग से मुखबीर की सूचना पर ककरैत चौकी के पास चेकिंग के दौरान में कन्दवा पुलिस द्वारा 02 चोरी की मोटर साइकिल के साथ एक अभियुक्त मुलायम यादव निवासी कबिलासपुर थाना दुर्गावती जनपद कैमूर भभुआ(बिहार) को गिरफ्तार किया गया। जिसपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

### मैक्सवेल सुपर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में चिकित्सकीय सुविधा विस्तार का उप मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन



**शुभ भास्कर,चंदौली** । से सटा हुआ वाराणसी उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को डाफी स्थित मैक्सवेल सुपर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में कई अन्य सुविधाओं का लोकार्पण किया. इस दौरान अस्पताल प्रबंधन की ओर से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान अतिथियों का स्वागत अस्पताल के प्रबंध निदेशक के. एन. पांडेय ने किया. प्रबंध निदेशक के. एन. पांडेय ने बताया की अस्पताल पहले से चलता आ रहा है. कई बड़े और सफल ऑपरेशन भी अस्पताल की ओर से किए गए है. हाईवे के किनारे अस्पताल होने से एक्सीडेंटल कई बड़े केसेस आते है और अस्पताल मरीजों की सेवा में आगे कदम बढ़ा रहा है.उन्होंने कहा की अब कार्डियो संबंधी सुविधाओं में विस्तार उप मुख्यमंत्री के हाथों उद्घाटन करवाकर किया गया है. सुपर मॉड्यूलर आईसीयू के साथ गैस्ट्रोलॉजी संबंधी समस्याओं के जांच और इलाज का उद्घाटन होने से मरीजों को लाभ पहुंचेगा.

# हाइवे पर खड़े वाहनों से चोरी करने वाले चार शातिर गिरफ्तार



**शुभ भास्कर ,चन्दौली**। हाइवे के किनारे ढाबों एवं पेट्रोल पंप पर खड़े वाहनों से मोबाइल व सामान चोरी करने वाले चार शातिरों को जनपद चंदौली के थाना मुगलसराय पुलिस ने दबोच लिया है। अभियुक्तों के पास से दो दर्जन से अधिक चोरी के मोबाइल बरामद हुए हैं।अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस विधिक कार्यवाही कर रही है। पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार के निर्देशन पर काम कर रही थाना मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा मोबाईल चोरो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चार शातिर चोरों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान 1. बादल सोनकर पुत्र मदन सोनकर निवासी ग्राम महाबलपुर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली उम्र करीब 25 वर्ष 2. नाम संजय चौहान पुत्र झूरी चौहान निवासी ग्राम हरिशंकरपुर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली उम्रकरीब 28 वर्ष 3. शनी गुप्ता पुत्र सुरेश गुप्ता निवासी ग्राम रामचन्दीपुर थाना चौबेपुर जिला वाराणसी उम्र 19 वर्ष को चंधासी मंडी के हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया व तीनो की निशानदेही पर 4. रतन सोनकर पुत्र खोवालाल सोनकर निवासी महावलपुर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली उम्र 25 वर्ष को उसके घर महावलपुर से आज दिनांक 16.09.2023 समय 4.30 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्तियो के पास से चोरी के 25 अदद मोबाईल बरामद हुए। नियमानुसार हिरासत पुलिस में लेकर गिरफ्तार अभियुक्तगणो के विरुद्ध मु0अ0सं0 309/2023 धारा 411/413/414 भादवि में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही किया जा रहा है । पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया अपराध का तरीका हिस्ट्रीशीटर बादल सोनकर 2. संजय चौहान 3. शनी गुप्ता से पूछताछ करने पर तीनो द्वारा एक स्वर में बताया गया कि साहब हम तीनों लोग रात मे सड़क के किनारे खड़ी ट्रकों से , जिनके ड्राइवर रात मे दूर से आने के कारण वाहनों पर ही सो जाते है तब हम लोग चुपके से उनकी मोबाईल व अन्य सामान चुरा लेते है। साहब हम लोग चुराये हुए मोबाईलों को रतन सोनकर पुत्र खोवा लाल सोनकर निवासी महाबलपुर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली को सतपोखरी मोड़ स्थित माबाईल की दुकान सस्ते दास में बेच देते है । और मिले हुए पैसों को हम लोग आपस मे बांट लेते है और मिले हुए उसी पैसों से अपना व अपने परिवार का खर्च चलाते है यही हमारा धंधा है साहब हमारे पास से जो मोबाइल मिले यह भी चोरी के है। साहब हम लोगों ने रतन सोनकर को काफी मोबाईलों चुराकर सस्ते दामों मे बेचे है । तथा उन तीनो ने रतन सोनकर के पास चोरी के कई मोबाईल होने की बात बताई । तत्पश्चात् 4. रतन सोनकर पुत्र खोवालाल सोनकर निवासी महावलपुर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर बताया कि साहब मै पैसों के लालच मे आकर चोरी के मोबाईलों को सस्ते दामों में खरीद कर उन मोबाईलों को उचे दाम पर बेच देता था जिसमे मै अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता हूं। बादल सोनकर पुत्र मदन सोनकर निवासी ग्राम महाबलपुर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली उम्र करीब 25 वर्ष ,2.संजय चौहान पुत्र झूरी चौहान निवासी ग्राम हरिशंकरपुर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली उम्रकरीब 28 वर्ष ,3.शनी गुप्ता पुत्र सुरेश गुप्ता निवासी ग्राम रामचन्दीपुर थाना चौबेपुर जिला वाराणसी उम्र 19 वर्ष,4. रतन सोनकर पुत्र खोवालाल सोनकर निवासी महावलपुर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली उम्र 25 वर्षबादल सोनकर का आपराधिक इतिहास ।

## भाजपाइयों ने जिगना गांव में निकाला अमृत कलश यात्रा



**धीना**। भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जिगना गांव में सांसद प्रतिनिधि रामजी तिवारी के नेतृत्व में अमृत कलश यात्रा निकाला।कलश यात्रा के माध्यम से भाजपाइयों ने हर घर से मिट्टी संग्रहण के संकल्प के साथ अमृत कलश में चावल व मिट्टी संग्रहित किया।कार्यक्रम में ग्रामीणों ने कलश पर फूल-माला चढ़ाकर बारी-बारी से कलश में मिट्टी और अन्न दान किया। सांसद प्रतिनिधि रामजी तिवारी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मातृभूमि की आजादी और उसकी रक्षा में अपना सब कुछ न्यौछावर करने वाले बलिदानियों को सच्ची श्रद्धांजलि देने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर यह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।इससे युवा पीढ़ी में राष्ट्रवाद की भावना और प्रबल होगी।भाजपा कार्यकर्ता भारत माता की जयघोष लगाते हुए ग्रामीणों के घर-घर जाकर मिट्टी संग्रहण का कार्य किया।देश हित के लिए यह कार्य काफी सराहनीय है।इस कार्यक्रम में युवाओ को आगे आकर देश की एकता व अखण्डता को बनाने की जरूरत है।

## डॉ विष्णु दयाल के निधन पर शोक



**शुभ भास्कर,पीडीडीयू नगर** । सुप्रसिद्ध लोकप्रिय सामाजिक एवं सांस्कृतिक सुर सरीता संस्था के सदस्यों की बैठक गल्ला मंडी स्थित कैम्प कार्यालय में संपन्न हुई।बैठक में संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉक्टर गौतम दयाल के पिता नगर के वरिष्ठ चिकित्सक स्वर्गीय डा विष्णु दयाल के निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति के लिऐ ईश्वर से प्रार्थना की गई। सदस्यो ने स्वर्गीय डॉक्टर विष्णु दयाल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी के बीच डा विष्णु दयाल नहीं रहे,लेकिन अपने परिवार में कई लोगों को अपने जैसे डॉक्टर बनाकर चले गए, लेकिन स्वर्गीय डा विष्णु दयाल की कमी नगर के लोगो व परिवार के लोगो को हमेशा महसूस होती रहेगी अर्थात उनकी कमी समय समय पर हमेशा याद आती रहेगी।डा विष्णु दयाल जीते जी जो किए सो किए मृत्यु के बाद अपनी दोनो आंख वाराणसी के आई बैंक सोसाइटी को दान में दे दिया था,वो दोनो आंख(बिहार सिवान)की रहने वाली लड़की को लगा भी दिया गया ।

## योगी सरकार का हर कार्य सिर्फ कागजों पर, आई•जी•आर•एस• पोर्टल बिल्कुल बेकार- संतोष कुमार पाठक एडवोकेट



**शुभ भास्कर** । आम आदमी पार्टी के चंदौली के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक एडवोकेट के नेतृत्व में चौरहट गांव की समस्याओं का निस्तारण न होने पर जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना दिया और जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने कहा कि दो माह पूर्व चौरहट गांव की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों के साथ उन्होंने जिलाधिकारी महोदय को एक पत्रक सौंपा था क्योंकि चौरहाट गांव के ग्रामीणों के घरों के सामने गंदा पानी लगा हुआ है , जिससे उनका घरों से बाहर निकलना मुश्किल है, बिमारियां फैल रही हैं, ग्रामीणों को समक्ष पेयजल की समस्या है तथा बिजली भी नहीं आती है । संतोष कुमार पाठक ने बताया कि उपरोक्त पत्रक को जिलाधिकारी महोदय ने आई•जी•आर•एस• पोर्टल पर डाला था तथा समस्या के शिघ्र समाधान का भरोसा दिया था। परंतु उक्त प्रार्थनापत्र पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई और सबसे मजेदार बात यह है कि प्रार्थना पत्र का निस्तारण भी कर दिया गया। इससे आक्रोशित जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ग्रामीणों के साथ पुनः जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठ गए तथा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की । संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने कहा कि आइ•जी•आर•एस• पोर्टल सिर्फ दिखावा और जनता को बेवकूफ बनाने का साधन है। योगी सरकार सिर्फ कागजों पर चल रही है। जमीन पर योगी सरकार का कोई कार्य दिखाई नहीं दे रहा है । यह गंभीर चिंता का विषय है । संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने चेतावनी दी कि अगर ग्रामीणों की समस्या का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो उनके घरों के सामने जो गंदा पानी इकट्ठा है, वही गंदा पानी ले आकर ग्रामीण डी•एम• साहब को सौंपने का का काम करेंगे। अंत में ए• डी• एम• चंदौली ने पत्रक लेकर समस्या के शिघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिखी डीएम निखिल टीकाराम फुंडे की दरियादिली, फरियाद करने आए दिव्यांग के पास पहुंचकर सुनी फरियाद



**शुभ भास्कर** । सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिखी डीएम निखिल टीकाराम फुंडे की दरियादिली। फरियाद करने आए दिव्यांग के पास पहुंचकर सुनी फरियाद। शारीरिक रूप से पूर्ण रूप से दिब्यांग है कल्याणपुर का अशोक सिंह। आवास, पेंशन और आयुष्मान योजना का लाभ पाने के लिए भटक रहा है दिब्यांग अशोक सिंह।

### निजी अस्पतालों को भी सेवा भाव से कार्य करने के लिए डिप्टी सीएम ने की अपील



**अशोक कुमार जायसवाल ,शुभ भास्कर,वाराणसी/चंदौली** । खबर जनपद चंदौली से है जहां चंदौली के लाल के सौजन्य से डाफी हाईवे पर संचालित मैक्सवेल सुपर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में आधुनिक सुविधाओं का उद्घाटन करने पहुंचे उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सरकार की स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जाने वाली सेवा कार्य योजनाओं का बखान किया। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक शुक्रवार को दोपहर में मैक्सवेल हॉस्पिटल में कार्डियक कैथेटिराइजेशन लैब, गैस्ट्रोलॉजी विभाग एवं उत्तर प्रदेश के पहले सुपर मॉड्यूलर आईसीयू के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। शिलापट के अनावरण और फीता काटकर उद्घाटन करने के बाद संबोधित करते हुए उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं का बखान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत की मदद से मैक्सवेल हॉस्पिटल ने पूर्व सैनिकों के लाखों परिजनों को जीवन दान देने का काम किया है। डिप्टी सीएम ने डॉक्टरों को सरकारी अस्पताल में सेवा देने के लिए भी कहा। उन्होंने बताया कि अब सरकारी हॉस्पिटलों में चिकित्सकों का वेतन पांच लाख रुपए मासिक तक के तौर पर कर दिया जा रहा है,इससे पहले यह नियम था कि जिलाधिकारी से ज्यादा वेतन नहीं दिया जाएगा, लेकिन प्रदेश की योगी सरकार ने सुविधाएं बढ़ाई हैं।

### महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र के अथक प्रयास से बिछड़े 05 दम्पत्ति पुनःएक साथ रहने को हुए राजी



**पीडीडीयू नगर(चंदौली)** । पुलिस अधीक्षक चन्दौली डा0 अनिल कुमार के निर्देशानुसार महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा बिछड़े दम्पतियों को मिलाकर 05 परिवारों में बीच पुनः खुशियां लौटाने का लगातार सार्थक प्रयास किया किया जा रहा है।इसी क्रम में दिन शुक्रवार को ऐसे ही 05 परिवारों से मिले पति व परिजनों के विरुद्ध पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में दिये गये प्रार्थना पत्रों पर दोनों पक्षों को जरिये नोटिस/मोबाइल द्वारा सूचित कर महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र पर बुलाकर पारिवारिक मूल्यों एंव महत्व को बताते हुए अथक प्रयास से समझाया बुझाया गया।दोनों पक्ष आपसी सहमति एवं बिना किसी जोर दबाव के अपनी बीती हुई बातों/गलतियों को स्वीकार कर नये सिरे से पुनःपति/पत्नी की तरह एक दूसरे का सम्मान करते हुये रहने को तैयार हुये। महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र से दम्पति के बीच पारिवारिक विवाद को समाप्त कराते हुये टूटते हुये रिश्ते को बचाते हुये पति/पत्नी को परिजनों के साथ राजी खुशी भेजा गया।

### बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय बैठक मुगलसराय में हुई संपन्न



**मुगलसराय** । बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय बैठक मुगलसराय में हुई संपन्न जिसमें मुख्य अतिथि वाराणसी मंडल के मुख्य कोऑर्डिनेटर रामचंद्र गौतम साहब व विशिष्ट अतिथि डॉक्टर विनोद कुमार जी उपस्थित रहे आने वाले 2024 में लोकसभा चुनाव के प्रति देखते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए और इंडिया और एनडीए दोनों गठबंधन बहुजन समाज पार्टी के तरफ देख रहे हैं बहुजन समाज पार्टी को बगैर लिए किसी की सरकार बनती नहीं दिख रही है दोनों गठबंधन बहुजन समाज पार्टी के तरफ देख रहे हैं कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला अध्यक्ष घनश्याम प्रधान जी, जिला उपाध्यक्ष राजन खान जी, जिला कार्यकारी सदस्य रामकवाल अवस्थी, साहब सैयद राजा विधानसभा के विधानसभा अध्यक्ष विजय बहादुर जी, चकिया विधानसभा अध्यक्ष सर्वेश कुमार जी, मुगलसराय विधानसभा अध्यक्ष विनोद कुमार जी, सकलडीहा विधानसभा अध्यक्ष संदीप कुमार जी, जिला प्रभारी मुकेश कुमार एडवोकेट, तिलकधारी बिंद जी, धर्मराज जी, इरशाद अहमद बबलू पूर्व प्रत्याशी मुगलसराय, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

**समाधान** जन सुनवाई के दौरान शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए कुछ का मौके पर ही निस्तारण किया गया

## संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन डीएम चन्दौली वह पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में सदर तहसील सभागार में हुआ




**शुभ भास्कर ,चंदौली** । जमीन से सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए ताकि फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके,साथ ही जमीन सम्बंधित मामलों जो कि थाना स्तर, आइजीआरएस या अन्य सभी माध्यमों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों को थाना समाधान दिवस रजिस्टर में अंकित कर दोनों पक्षों को सूचित करते हुए पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर प्रकरण का निस्तारण करते हुए रिपोर्ट आख्या दोनों पक्षों के समक्ष ही बना कर उनके हस्ताक्षर कराये जाएं।पुलिस अधीक्षक डॉ.अनिल कुमार ने ग्रह निर्देश संपूर्ण समाधान दिवस पर अधिनस्थों को दिये। संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी चन्दौली निखिल टी फुण्डे और पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार की अध्यक्षता में सदर तहसील सभागार में हुआ। शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों को त्वरित न्याय की व्यवस्था के लिए प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाले"थाना/सम्पूर्ण समाधान दिवस" के क्रम में दिन शनिवार को जनपद के समस्त तहसीलो पर"सम्पूर्ण समाधान दिवस"का आयोजन किया गया।जिसमें जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए कुछ का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा कुछ प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने तहसील सदर पर उपस्थित रहकर संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की समस्यों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिक्षा,पुलिस,राजस्व, बिजली,नलकूप,हैंडपंप, जिला पंचायत,सिंचाई,नगर पालिका सहित अन्य विभागों की शिकायतें आई,जिनके निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल की तहसीलों में उपस्थित रहकर जनशिकायतों को सुनकर उनका निस्तारण कराया गया।

## लो जा रहा है काफिला जिंदा रहे इस्लाम लौंदा में निकाला शब-ए-बेदारी पर पचासे का जुलूस





**चंदौली अलीनगर** । थाना क्षेत्र के मख़दुमाबाद - लौंदा गांव में कर्बला के शहीद इमाम हुसैन अ. के पचासे पर शब-ए-बेदारी का एहतमाम किया गया। जिसमें शोहदा ए करबला (करबला के शहीदों) को ख़िराज ए अकीदत (श्रद्धांजलि) पेश की गई। शुक्रवार रात में इमाम चौक पर शब-ए-बेदारी का आयोजन किया गया। जिसमें रात भर इमाम हुसैन और उनके जां नशीनों की बेहिसाब कुर्बानियों को याद किया गया। हर साल की तरह इस साल भी 72 शोहदाये कर्बला की याद में अंजुमन जौव्वादीया के जानीब से 198 वां पचासा मनाया गया। जिसमें 15 सितंबर, शुक्रवार को बाद नमाज़ असर शाम 4:30 बजे अलम का जुलूस निकला का जुलूस उठाया गया। अलम में अलग-अलग किस्म के बड़े व छोटे कई झंडे लेकर लोग चल रहे थे। अलम को पूरे सम्मान के साथ कोट स्थित मख़दुमाबाद बाबा के नीम के पेड़ पर झुकाकर चौक दरवाजे रखा गया। उसके बाद अंगारे का मातम हुआ व बाद नमाज़ इशा रात 9 बजे ताजियां का जुलूस मरहूम सगीर दादा के दरवाज़े से इमाम चौक तक अंजुमन जौव्वादीया के अज़ादार लेकर निकलें। जिसमें मोमिनो ने अपनी मन्नतें मांगी। अंजुमन जौव्वादिया के मिडिया प्रभारी फरहान अहमद ने बताया कि गम ए हुसैन के सिलसिले में इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला का पचासवां दिन खासतौर पर आयोजित होता है। यह दिन पचासे के रूप में मनाया जाता है। शब-ए-बेदारी में ये अंजुमनों ने पड़ा नौहा सोमवार 26 की रात इमाम चौक पर शब-ए-बेदारी (रातभर जागकर मौला को याद किया) जिसमें पूर्वांचल की नामचीन अंजुमनों ने भाग लिया और कलाम पेश किया। (1) अंजुमन यादगारे हुसैनी दुलहीपुर चंदौली से शाबये ब्याज चिराग अली, मोहर्रम अली व जाकिर हुसैन ने कलाम पेश किया। जान सर्वर को फिदा करने को तैयार हैं हम। (2) अंजुमन फिदाये हुसैन टड़िया, चन्दौली के शाबये ब्याज़ अफरोज आलम ने अलम बलंद तुम्हारा हुसैन जिंदाबाद, लगाओ झूम के नारा हुसैन जिंदाबाद उसके बाद जैहरा के लाल अली बाबा के दुलारे रन चले सिर्फ खुदा सहारे (नौहा) पेश किये। (3) अंजुमन रौनके अज़ा जलालपुर अकबरपुर अम्बेडकर नगर के शाबये ब्याज़ अली जहीर, कासिम हसन ने अजमो अमन की राह दिखाती है ।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324

सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।